ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2079 • रविवार, 26 फरवरी 2023 • वर्ष-29 • अंक-133 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



आरआरआर ने चार कैटेगरी में जीता हॉलीवुड... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

**रांची।** आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। वह फिलहाल रांची के डीआईजी हैं। अनीश गुप्ता को राज्य सरकार ने विरमित कर दिया है। अगले पांच साल तक आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे। 28 फरवरी तक रांची के डीआईजी के पद पर बने रहेंगे और वह एक मार्च को दिल्ली चले जाएंगे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर वह सीबीआई में अपना योगदान देंगे। अनीश गुप्ता 2008 बैच के तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी है।

### रामगढ़ उपचुनाव के लिए प्रचार थमा

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव का प्रचार अभियान शनिवार को थम गया। यहां 27 को वोटिंग होनी है। इस उपचुनाव में 18 उम्मीदवार मैदान में हैं। एनडीए ने आजसू से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी और यूपीए ने कांग्रेस की पूर्व विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो पर दांव खेला है। मुकाबला कड़ा है।

### राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मिले राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से नई दिल्ली में मुलाकात की। राज्यपाल ने राष्ट्रपति से राष्ट्रपति भवन में जबकि उप राष्ट्रपति से उप राष्ट्रपति निवास में शिष्टाचार भेंट की।

**रक्षामंत्री से भी मिले राज्यपाल :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी नई दिल्ली में उनके कार्यालय पर मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

### 24 को सरहुल की छुट्टी, नहीं चलेगा बजट सत्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू हो रहा है पर 24 मार्च को विधानसभा की कार्यवाही स्थगित हुई। छुट्टी की सरकारी कैलेंडर में भूलवश 24 मार्च को अवकाश नहीं है, लेकिन इस दिन सरहुल है। इसको देखते हुए विधानसभा पूर्व घोषित कार्यक्रम में फेरबदल करेगा। 27 फरवरी को सदन आहूत होने के पहले दिन कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। इस बैठक में 24 को सत्र स्थगित रखने के फैसले पर आधिकारिक मुहर लगी। संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने इस बाबत कहा है कि 24 को सरहुल को देखते हुए कार्यवाही आगे बढ़ायी गयी।

## चाईबासा में छह नक्सली विस्फोटक के साथ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**


पश्चिमी सिहंभूम पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में बोंज हेम्ब्रम उर्फ किशुन हेम्ब्रम, डुबराज हेम्ब्रम उर्फ डुबराज, तुरी देवगम, पालसिंह हेम्ब्रम, दामु कोड़ा उर्फ जुड्डु कोड़ा और बिरसिंह उर्फ छोटा कोड़ा शामिल है। इनके पास से पांच डेटोनेटर, पांच जिलेटिन और एक बाइक बरामद किया गया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कमांडर को विस्फोटक सामग्री पहुंचाने के लिए छह नक्सली आने वाले हैं। सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने के सदस्यों द्वारा बारीपोखरी जाने वाले सड़क पर नाकाबंदी कर बोंज हेम्ब्रम उर्फ किशुन हेम्ब्रम को दौड़ाकर पकड़ा। पकड़े गये नक्सली के पास से पुलिस को लक्षित कर विस्फोट किये जाने वाले आईईडी ब्लास्ट के लिए प्रयोग किये जाने वाला दो डेटोनेटर और दो जिलेटिन बरामद किया गया। गिरफ्तार चार लोगों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि ये प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कमांडर को विस्फोटक पहुंचाते हैं। एसपी ने बताया कि वहीं दूसरी ओर एक अन्य सूचना घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रेंगडाहातु में छापामारी कर प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के मिलिसिमा कमांडर दामु कोड़ा उर्फ जुड्डु कोड़ा, बिरसिंह उर्फ छोटा कोड़ा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों ने स्वीकारोक्ति बयान में स्वीकार किये कि वे लोग 12 फरवरी को टोन्टों थाना क्षेत्र के चिरुईइकीर टोला में सड़क निर्माण में लगे वाहन को तेल छिड़कर जलाने और माह जनवरी 2022 में तुम्बाहाका जंगल में, माह दिसम्बर 2022 को रेंगड़ाहातु के कोचाबाद जंगल में एवं माह जून 2021 में रेंगड़ाहातु के सिमी लोहार गौरुवांग जंगल में पुलिस पार्टी के साथ हुई मुठभेड़ में दस्ता के सदस्यों के साथ शामिल थे।



## वाहन चेकिंग के दौरान हवलदार को रौंदा, प्राथमिक उपचार के बाद रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद देवरी ओपी में शुक्रवार की रात देवरी ओपी पुलिस एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने हवलदार दुर्गा मांझी को रौंदते हुए निकल गये। हालांकि बाद में तीनों बाइक सवार खुद भी गिर गए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जबकि घायल हवलदार दुर्गा मांझी को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल हवलदार को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। पुलिस जवान को धक्का मारकर भागने वालों में मुकेश कुमार चौधरी, सनी कुमार बिहार के ग्राम धुंधुआ, विक्रान्त चौधरी बिहार के ग्राम कर्मा का रहने वाला है। ये लोग हवलदार को रौंदते हुए जब भाग रहे थे ,तभी इनका संतुलन बिगड़ गया और घटनास्थल से कुछ दूर जाकर तीनों मोटरसाइकिल से गिर गए। जैसे ही ये लोग मोटरसाइकिल से गिरे, वहां मौजूद बाकी पुलिसकर्मियों ने इन्हें पकड़ लिया। घटना की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी गई। एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने इस मामले में बताया कि घायल हवलदार की स्थिति खतरे से बाहर है। उनका इलाज चल रहा है। वाहन चेकिंग के दौरान लेस्लीगंज थाना के पुलिस को रौंदा भी गया था। जिसमें एक जवान की मौत हो गई थी और एक जवान दिव्यांग हो गया था। इसी तरह गौना धाम के समीप वाहन चेकिंग के दौरान आईपीएस के विजय शंकर को रौंदने का प्रयास किया गया था। जिसमें वे बाल-बाल बचे थे। वाहन चेकिंग के दौरान अक्सर रात्रि के समय इस तरह की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बन गई है।



## कंटेनर ने एक ही परिवार के चार को रौंदा, मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटुपालु घाटी में शनिवार की शाम एक कंटेनर ने स्कूटी पर सवार चार लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में स्कूटी पर सवार पति-पत्नी और दो बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच के दौरान पता चला है कि रांची की ओर से एक स्कूटी (जेएच-01ईई-4687) पर सवार होकर पति-पत्नी और दो बच्चे रामगढ़ की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे कंटेनर (जेएच-01डीके-0718) ने स्कूटी सवारों को रौंद दिया। अनियंत्रित कंटेनर ने एक स्कॉर्पियो और बोलेरो को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### ससुराल जाकर क्या करोगी, दुपट्टा हटा कर ओढ़ाते हैं पलामू के एक शिक्षक

## शिक्षक की अश्लील हरकत से आक्रोश, शिक्षक ने मानी गलती

**नवीन मेल संवाददाता**

**उँटारी।** पलामू के स्कूलों में शिक्षकों द्वारा छात्राओं के साथ अश्लील बातें करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पूर्व पांडू प्रखण्ड अन्तर्गत लवरपांडू विद्यालय में ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था। सरकार शिक्षकों को नियुक्ति पढ़ाने के लिए करती है। लेकिन यहां शिक्षक छात्राओं के साथ अश्लील बातें करते हैं। ऐसा ही एक मामला उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरजा में मिला है। बिरजा स्कूल की छात्राओं ने शिक्षक संजय कुमार चौधरी के ऊपर अश्लील बातें करने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रा अंजली कुमारी, कविता कुमारी, शांति कुमारी, ने कहा है कि संजय सर दुप्पटा हटा कर ओढ़ाते हैं। कभी साथ में खाना खाने के लिए कहते हैं। कभी ससुराल जा कर क्या करोगी । जैसा सवाल करते हैं। जिस पर गांव वाले ग्रामीणों ने शिक्षक संजय कुमार चौधरी से पूछताछ की। जिसमें शिक्षक ने ग्रामीणों और प्रधानाध्यापक बेचन सिंह के समक्ष सभी बातों को स्वीकार करते हुए कहा कि आज के बाद दुबारा कभी ऐसी गलती नहीं होगी। बाद में बढ़ते दबाव के बाद उक्त शिक्षक ने माफी मांगी। वहीं इस संबंध में पूछने पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि पहले मुझे इस बात की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




## महागठबंधन बना भाजपा को क्या हरा पाएगा विपक्ष?

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) व पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार सहित पश्चिम बंगाल व झारखंड में भी महागठबंधन बनाकर लोकसभा चुनाव लड़ने की योजना बनाई है। कोशिश यह है कि यदि इन तीन राज्यों में ही भाजपा विरोधी दल एकजुट होकर, गठबंधन बनाकर हर भाजपा के प्रत्याशी के विरूद्ध एक उम्मीदवार उतारकर चुनाव लड़े, तो केंद्रीय सत्ताधारी पार्टी को बहुमत से अल्पमत में ला सकते हैं। इनका तर्क है कि बिहार की 40, पश्चिम बंगाल की 42 और झारखंड की 14 लोकसभा सीटों का जोड़ 96 होता है। भाजपा ने प. बंगाल में 18 सीट, बिहार में 17 सीट, झारखंड में 11 सीट जीती है। इसका योग 46 होता है। यदि भाजपा को इन राज्यों में अभी जो 46 सीटें हैं, उनमें से 40 सीटों पर हरा दिया जाए और बाकी राज्यों से भाजपा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## केंद्र सरकार का डीएनए ही गरीब विरोधी : खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली की सरकार में बैठे लोगों का डीएनए ही गरीब विरोधी है। ये सरकार गरीब के खिलाफ काम करती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पार्टी के 85वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबने मुझे चुना, मेरा विश्वास किया। मैं इसका आभारी हूं। ये केवल कांग्रेस पार्टी में ही संभव है कि एक मामूली सा ब्लॉक अध्यक्ष आज कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बन गया। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सबूत आज यह कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि देशभर में चारों ओर फैले इस नफरत के माहौल के बीच राहुल गांधी ने पदयात्रा निकालकर संघर्ष की एक नई मशाल भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में जलाई। जिसकी रोशनी कन्याकुमारी से कश्मीर तक फैल गई। राहुल गांधी ने न धूप की, ना बारिश की परवाह की, न धूल के बवंडर की चिंता की और न बर्फ की परवाह की, वो यात्रा में पैदल चलते रहे। राहुल गांधी ने देशभर में अपनी भारत जोड़ो यात्रा निकाली। भारत की आत्मा में कांग्रेस पार्टी बसी हुई है और कांग्रेस देशवासियों का दर्द समझती है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी आज से 100 साल कर्नाटक के बेलगांव में कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। उन्होंने देश को एक नई दिशा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## सोनिया लेंगी संन्यास!

**एजेंसी। रायपुर**

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सियासत से संन्यास के संकेत दिये हैं। शनिवार को यहां चल रहे पार्टी के 85वें संबोधन में अपने उद्बोधन में सोनिया ने कहाः मैं खुश हूं। 1998 से 2023 तक कांग्रेस के हिस्से में काफी सफलताएं आई तो कुछ विफलताएं भी रहीं। कुल मिलाकर मैं खुश हूं। मैं चाहती हूं कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही मेरी पारी भी खत्म हो। भारत जोड़ो यात्रा पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ रहा। 15000 कांग्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सोनिया ने कहाः मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मेरी पारी भारत जोड़ो यात्रा के साथ समाप्त हो सकती है। इसने साबित किया है कि देश के लोग सद्भाव, सहिष्णुता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



**दो टूक** प्रयागराज की घटना पर उत्तर प्रदेश विधानसभा में दहाड़े सीएम योगी

# माफिया को मिट्टी में मिला देंगे : आदित्यनाथ

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में माफियाराज का अंत करने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा से पहले प्रयागराज की घटना पर दुख जताया और आश्वासन दिया कि प्रदेश में किसी भी माफिया को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार माफिया को मिट्टी में मिला देगी।

**सपा को दिखाया आइना :** शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज की घटना दुखद है, सरकार ने उसका संज्ञान लिया है। जीरो टॉलरेंस की नीति के परिणाम बहुत जल्द सामने आएंगे, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने विपक्षी दल सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आखिर ये अपराधी पाले किसके द्वारा गये हैं। जिस माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है, क्या ये सच नहीं है कि सपा ने उसे सांसद बनाया था। आप सारे अपराधियों को पालेंगे, उनका माल्यार्पण करेंगे, उसके बाद तमाशा बनाते हैं आप लोग। उन्हें गले का हार बनाएंगे फिर दोषारोपण करेंगे।

**माफिया को पोषित करती है सपा :** माफिया अतीक अहमद का नाम लिए बगैर सीएम ने कहा कि वह सपा के द्वारा पोषित माफिया है और उसकी कमर तोड़ने का काम हमारी सरकार ने किया है। इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जितने माफिया हैं उन्हें मिट्टी मिलाने का काम करेंगे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि आपको बहाना चाहिए था। ये पेशेवर माफिया और अपराधियों के सरपरस्त हैं और ये लगातार यही करते रहे हैं। इनके रग-रग में अपराध भरा रहा है। अपराध के अलावा कुछ सीखा नहीं है। पूरा प्रदेश इस बात को जानता है। आज सफाई देने आए हैं।

**चोरी भी करेंगे और सीनाजोरी भी, ये नहीं चलेगा :** सीएम योगी ने आगे कहा कि जिस माफिया ने गुरुवार को ये कृत्य किया है वह माफिया इस वक्त यूपी से बाहर है। वह सपा के सहयोग से ही बार-बार एमपी और एमएलए बना है। 1996 में इलाहाबाद वेस्ट से वह माफिया सपा के सहयोग से एमएलए बना था। 2004 में वह इन्हीं लोगों के सहयोग से एमपी बना था। 2009 में उसे सांसद बनाने का भी काम इन्हीं लोगों ने किया था। ये लोग चोरी और सीनाजोरी का काम कर रहे हैं। माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का काम हमारी सरकार पूरी ताकत से करेगी। चोरी और सीनाजोरी नहीं चल सकता।

**सिर्फ घोटालों के 'खेल' में माहिर थी पिछली सरकार : योगी**

योगी ने अखिलेश यादव को उनके खेल पर दिए गए बयान पर उनके समय की याद दिलाते हुए कहा कि इनके समय में बहुत खेल होते थे। लैपटॉप घोटाले का खेल, खाद्यान्न घोटाले का खेल, गोमती रिवर फ्रंट का खेल। कैग की रिपोर्ट अभी आई है उन्होंने इनके कार्यकाल का 97 हजार करोड़ के घोटाले का उल्लेख किया है। भर्ती घोटाले का खेल भी प्रदेश में हुआ है। भर्तियों में जमकर भ्रष्टाचार और प्रतिभा के साथ छल, ये भी खेल होता था और मुजफ्फरनगर के दंगे, मथुरा में रामवृक्ष कांड का खेल, पत्रकार को जिंदा जलाने का खेल समेत बुंदेलखंड क्राइसिस, भू-माफिया के खेल चल रहे थे। यही नहीं आतंकियों पर मुकदमे वापस लेने का भी खेल चल रहा था। ये खेल कहां तक लेकर जाएंगे ये लोग। मुझे ऐसा कुछ नहीं खेलना। मैं एक सामान्य व्यक्ति हूं। हर एक के साथ सद्भावना के साथ पेश आता हूं। सम्मानजनक व्यवहार करता हूं। सबका साथ और सबके विकास की बात करता हूं।

**पहली बॉल में कैच आउट, ये है इनका क्रिकेट :** सीएम योगी ने अखिलेश पर चुटीले अंदाज में भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यहां पर नेता विरोधी दल के मुख से एक नई चर्चा भी सुनने को मिली खेल के बारे में। वो कह रहे थे कि आप अकेले मैच क्यों देख रहे हैं। भाई मैं तो अकेला ही हूं, अकेले ही आया हूं और अकेले ही जाना है। मुझे लगा कि नेता विरोधी दल बड़े खिलाड़ी होंगे तो उनका नाम किसी पुरस्कार के लिए भेज देते हैं। मुझे लगा कि मेरे पूर्ववर्ती सीएम का नाम यदि मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार में आ जाए तो अच्छी बात होगी। ये कैसे खेलते थे समाचार पत्रों में इसका उदाहरण देखने को मिला। इसमें लिखा था कि सीएम के आते ही बरसे रन...12वें ओवर में सीएम का शॉट सीधे कप्तान आलोक रंजन के हाथ में चिपक गया। ये क्रिकेट खेल रहे हैं, पहली बॉल में कैच आउट हो रहे हैं। लेकिन वहां से कह दिया जाता है कि ये तो नो बॉल है।

**इधर के भय से ही सही, काकाश्री को सम्मान तो मिला :** सीएम ने शिवपाल यादव का जिक्र करते हुए अखिलेश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने कहा था कि भय बिनु होई न प्रीति... इधर के भय से ही सही, लेकिन कम से कम काकाश्री (शिवपाल यादव) को सम्मान मिलना शुरू हो गया। सीएम ने शिवपाल यादव की ओर देखते हुए कहा कि मैं जब भी आपको देखता हूं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### शिवपाल और आजम खान भी लपेटे में

**इसी** चर्चा पर सीएम योगी ने शिवपाल यादव और आजम खान के बयानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तब शिवपाल जी ने बड़ी अच्छी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि हमेशा अच्छी नीयत से खेलना चाहिए। मेरे पास भी खेल का सर्टिफिकेट है और मैं आज भी खेल रहा हूं। हालांकि, मंजिल तक पहुंचने के लिए दांव-पेंच भी आने चाहिए। सीएम योगी ने आजम खान का नाम लिए बिना कहा कि इनके एक और चाचा जान थे, उनका बयान भी आया। उन्होंने कहा कि सीएम साहब, अच्छी बात है कि आपको खेलने का वक्त मिल जाता है। खुदा न खाश्ता आप हार जाते तो मैं यही कहता कि अधिकारियों का ध्यान खेल पर ज्यादा है और काम पर कम। अधिकारी हार गए तो माना जा सकता है कि थोड़ा बहुत काम कर रहे हैं।

# विवाहिता ने की आत्महत्या ससुराल वालों पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के कामत गांव में एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता ने फांसी लागकर आत्महत्या कर ली । इस मामले में नगर उंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे कला गांव निवासी व मृतका के पिता नीरज उरांव ने हुसैनाबाद थाना में दामाद बृजमोहन उरांव, ससुर नंदू उरांव, देवर पवन उरांव, सास कांति देवी के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि मैं अपनी लड़की की शादी कामत गांव निवासी बृजमोहन उरांव से दो वर्ष पूर्व की थी। शादी में अपनी हैसियत से बढ़कर दान स्वरूप कई उपहार दिये थे। शादी के कुछ दिनों के बाद मेरी पुत्री ने बताई की मेरे पति का संबंध किसी दूसरी लड़की के साथ है। इस बात को लेकर मेरी पुत्री के साथ बराबर उसके ससुराल वाले उसे शारीरिक व मानसिक नुकसान पहुचाते थे। वहीं मेरा दामाद मेरी पुत्री को उस लड़की के चलते बराबर मारपीट करता था और छोंड़ने की धमकी देता था। बीते 19 फरवरी को मुझे शाम में नंदू उरांव ने मोबाइल पर सूचना दी कि आपकी पुत्री की हालत गंभीर है। जब कामत गांव पंहुचा तो देखा की मेरी लड़की मृत पड़ी हुई है। वहां पहुंचने पर पता चला की उसने फांसी लगा ली है। लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि उक्त लोगों ने मेरी पुत्री की हत्या कर इसे आत्महत्या का रूप दें रहे है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि मृतका के पिता के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### टेम्पो व मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक घायल

**सतबरवा ।** थाना क्षेत्र के रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर लहलहे में शनिवार को टेंपो के धक्के से पोलपोल निवासी मोटरसाइकिल सवार संजय सिंह घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को मेदिनीनगर ईलाज के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि पोलपोल निवासी संजय सिंह किसी काम से लहलहे पहुंचे थे। इसी बीच सतबरवा की ओर से पानी लेकर आ रहे टेंपो की टक्कर मोटरसाइकल सवार से हो गयी। जिसमें मोटर साइकिल सवार संजय सिंह घायल हो गया।

### मजदूर का लटकता शव मिला

**हरिहरगंज ।** पिपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरैया पंचायत के रजोखर रोंघा (पोखरा पर) निवासी जटाधारी राम का 22 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार का शव पेड़ से लटकता महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मिला है। इसकी जानकारी उसके साथ रह रहे लोगों ने परिवार वाले को दूरभाष से दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। सोनू कुमार पिछले जुलाई माह में ही महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मजदूरी करने गया था। परिजनों को मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब 11 बजे दिन में शौच करने की बात कह कर निकला था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आया। तब उसके साथी मजदूरों ने उसकी खोज बीन की। इस दौरान आवास से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर उसका शव गले में मफलर बंधे पेड़ से लटकता मिला। मृतक का पैर जमीन से सटा हुआ पाया गया है। वहीं पैरों में चप्पल और कान में ब्लूटूथ भी लगे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा है।

### अल्पसंख्यक समुदाय ने थामा भाजपा का दामन

**नावा बाजार।** प्रखंड के अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों लोगो ने मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद के नेतृत्व में 25 फरवरी को आरसीआईटी कॉलेज विश्रामपुर में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा । पूर्व मंत्री के द्वारा डायरी लोगों का स्वागत माला पहनाकर ज्वाइन कराया गया।

# पुलिस जवान के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमरेश कुमार की अदालत में धारा 302 भादवि मामले केअभियुक्त ललन यादव, पिता लखन यादव को आजीवन कारावास एवं 40 रुपए हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि नहीं जमा करने पर 6 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं धारा 201 भा.द.वि. में 3 वर्ष का कारावास एवं 10 हजार जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर 3 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी । बता दें कि 17 फरवरी 2019 को पलामू जिले के गढ़वा रोड रेहला रेल थाना में पदस्थापित जवान सुनील कुमार शर्मा की हत्या कर दी गई थी। जिस समय हत्या हुई उस वक्त सुनील कुमार शर्मा अवकाश पर थे और अपने घर जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के शिलापर गांव आए हुए थे। आरोपी ललन यादव का घर भी इसी गांव में है। इस संबंध में मृतक के भाई राम प्रवेश शर्मा के द्वारा मोहम्मदगंज थाने में ललन यादव के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस कांड के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक अर्जुन राम थे। वर्तमान में वे सेवानिवृत हो गए हैं।

### अनियंत्रित कार पुल से टकराकर पलटी



**पांकी।** थाना क्षेत्र के सलगस गांव मे पुलिया वाली मोड़ मे एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार की चाल इतनी तेज थी कि कार के दोनों एयरबैग्स खुल गये। कार मे फंसे/बैठे दोनों लोगों को रास्ते से गुजर रहे लोगों ने बाहर निकाला। दोनों पूर्णतः सुरक्षित हैं। कार सवार अमित कुमार व उसका दोस्त सिमरिया-चतरा से पाटन के अमवा गांव जा रहे थे। रास्ते से गुजर रहे पांकी पुलिस इंस्पेक्टर अरूण महथा ने दोनों युवकों को ले जाकर पांकी सीएचसी मे भर्ती कराया।

### क्रिकेट प्रीमियर लीग कप पर दुलहर टीम का कब्जा

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के बाडेपुर मैदान में घोड़बंधा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच टीम सूर्या दुलहर व टीम सूर्या दंगवार के बीच खेला गया। जिसमें दुलहर की टीम 24 रन से विजयी हुई। फाइनल मैच का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहारगंज क्षेत्र खेल के मामले में हमेशा अग्रणी रहा है। यहां की महिला खिलाड़ी थ्रो बॉल में एक राष्ट्रीय और दूसरी राज्य टीम का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अन्य खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। टीम सूर्या के संस्थापक एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद- हरिहरगंज के सभी पंचायतों में टीम सूर्या का गठन किया गया है। लगातार पंचायतों में टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए हुसैनाबाद में जिला स्तरीय स्टेडियम बनाया जायेगा। इसके लिए टेंडर हो चुका है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों को काफी सहूलियत मिलेगी और उनका मनोबल भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हुसैनाबाद खेल के मामले में राज्य और देश स्तर पर पहचान बनायेगा। टूर्नामेंट का आयोजक अशोक मेहता एवं पूरी कमिटी को सफल आयोजन के लिये सूर्या सिंह ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सोनू पासवान, मनीष मेहता, ओमप्रकाश राजवंसी, गुड्डू पाल, गोरख पासवान , राधे मेहता ,सतेंद्र चौहान, यश विश्वकर्मा, रमेश प्रजापति, हरि सिंह, चंचल सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### तीन मॉडल विद्यालय व कब्रिस्तान का शिलान्यास



**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्राम पोल्डीह प्लस टू विद्यालय, हुसैनाबाद, महिला प्लस टू विद्यालय हैदरनगर व प्लस टू विद्यालय एवं भाई बिगहा और बलडीहरी के कब्रिस्तान की घेराबंदी योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से दूर विकास की राजनीति की हिमायती है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। इंसानियत के रास्ते पर चलकर ही सभी का प्यार और सम्मान पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मंदिर और मस्जिद दोनो में ईश्वर का वास होता है। उनके लिए दोनो एक समान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास हो रहा है। विधानसभा में मॉडल स्कूल, और नवोदय भवन का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा इस कार्यकाल में 24 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। 24 के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने आम लोगों को जात- पात की राजनीति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति को साथ देने का आह्वान किया। मौके पर प्रधानाध्यापिका गंगा अग्रवाल ,गुड्डू सिंह मुखिया शाहनाज प्रवीन, सज्जू खान, राजू खान, विजय राम, अनूप सिंह, जाफर हवारी, रतन लाल, राजकुमार ठाकुर ,विजय राजवंशी, कालिया, बैरिस्टर सिंह, लालू यादव ,दुर्गा शर्मा ,कैलाश मिश्र, मन्नान खान, आफताब आलम के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### दोपहिया वाहन का जुर्माना हरिहरगंज में ही जमा हो : राजगौरव

**हरिहरगंज।** प्रखंड के दो पहिया वाहनों के मालिक इन दिनों डीटीओ ऑफिस में चालान जमा करने के प्रावधान से परेशान हैं। जनसत्ता दल के वरिष्ठ नेता राजगौरव उर्फ छोटू सिंह ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई सराहनीय है। लोगों को भी अपनी जान की रक्षा के लिए हेलमेट लगाना चाहिए व गाड़ी की कागजात भी दुरुस्त रखना चाहिए। लेकिन चालान कटने के बाद उसके भुगतान की व्यवस्था हरिहरगंज में ही हो। यह प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए। राजगौरव सिंह ने पलामू डीसी, डीटीओ पलामू और छतरपुर के एसडीओ से इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा कि हरिहरगंज का इलाका अत्यंत गरीब इलाका है। लोगों को मेदिनीनगर जा कर चालान भरने मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में राजगौरव ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में पलामू डीटीओ से दूरभाष पर बात किया तो डीटीओ ने कहा कि अभी तक थाना स्तर पर चालान काटने की व्यवस्था नहीं की गयी है। उन्होंने इस विषय पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात कही। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि वे गम्भीरता से इस पर विचार करते हुए इस दिशा में कार्य करेंगे।

# एल आईसी क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**नावा बाजार।** भंडार स्थित एनएच 39 के किनारे संचालित माउंटेरा स्कूल में डालटनगंज एलआई सी पदाधिकारियों के द्वारा स्कूल में क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट एवं मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रधानाध्यापक प्रीति पांडे ने एलआईसी के द्वारा उठाये गये कदम एवं बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्रांच के सभी उपस्थित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर डाल्टनगंज ब्रांच के एबीएम मिथिलेश पासवान ,विकास अधिकारी मुकेश पाठक ,सहायक विक्रम कुमार, अभिकर्ता ऋषिकेश पाठक ,आलोक पांडे उपस्थित थे। वही विकास अधिकारी मुकेश पाठक ने बताया कि एलआईसी की तरफ से लोगों को जागरूक करना व बच्चों को प्रोत्साहित करना है । एलआईसी भारत की सबसे बड़ी वित्तीय संस्था है। भारत में सभी संस्थाओं को वित्तीय सेवा प्रदान करती है। भारतीय जीवन बीमा निगम एक ऐसी संस्था है। वहीं ब्रांच के एबीएम मिथिलेश पासवान ने बताया एलआईसी की तरफ से ऐसा कार्यक्रम सदैव चलाया जाता है । ताकि लोगों को एलआईसी के प्रति विश्वास जगे एवं बीमा के माध्यम से अपने जीवन की पॉलिसी के माध्यम से सुरक्षित कर संपूर्ण लाभ ले सके । प्रतियोगिता में अंजली कुमारी ने प्रथम स्थान पाया। वही द्वितीय अस्थान पर प्रज्ञा कुमारी, तृतीय स्थान पर प्राची कुमारी रहीं। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक एवं चेयरमैन उपस्थित थे।

# एक धर्म परायण मनीषी के रूप में विख्यात हैं गुरू पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के चैनपुर प्रखंड के बंदुआ गांव के गुरु पाण्डेय जो आज किसी पहचान के मुहताज नहीं हैं। पलामू में दानवीर कर्ण के तरह एक धर्म परायण मनीषी के रूप में विख्यात हैं। इनके योगदान से पलामू सहित अन्य जगहों पर दर्जनों मंदिर बनाए गए हैं और हर धार्मिक कार्य में वे खुले हाथों से दान करते हैं। दान एक ऐसा कार्य है। जिसके द्वारा हम न केवल धर्म का पालन करते हैं । बल्कि समाज एवं प्राणी मात्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन भी करते हैं। पलामू सांसद, भाजपा के प्रशिक्षण प्रमुख,निगम के डिप्टी मेयर, आरएसएस प्रमुख सहित कई लोग इस बात के साक्षी है कि गुरु पांडेय के दानशीलता के कारण आज पलामू में इनका स्थान अग्रणी है। किंतु दान की महिमा तभी होती है, जब वह निःस्वार्थ भाव से किया जाता है । अगर कुछ पाने की लालसा में दान किया जाए तो वह व्यापार बन जाता है। गीता में भी लिखा है कि कर्म करो, फल की चिंता मत करो। हमारा अधिकार केवल अपने कर्म पर है, उसके फल पर नहीं। हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। यह तो संसार एवं विज्ञान का धारण नियम है। आज के परिप्रेक्ष्य में दान देने का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि आधुनिकता एवं भौतिकता की अंधी दौड़ में हम लोग देना तो जैसे भूल ही गए हैं। अगर दान देने के वैज्ञानिक पक्ष को हम समझें कि जब हम किसी को कोई वस्तु देते हैं तो उस वस्तु पर हमारा अधिकार नहीं रह जाता, वह वस्तु पाने वाले के आधिपत्य में आ जाती है। दान धन का ही हो, यह कतई आवश्यक नहीं। भूखे को रोटी, बीमार का उपचार, किसी व्यथित व्यक्ति को अपना समय, उचित परामर्श, आवश्यकतानुसार वस्त्र, सहयोग, विद्या- ये सभी जब हम सामने वाले की आवश्यकता को समझते हुए देते हैं और बदले में कुछ पाने की अपेक्षा नहीं करते, तो ये सब दान ही हैं।

### भाजपा ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना

**पाटन।** प्रखंड के भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान ने झारखंड के हेमंत सरकार पर सीधा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार है। जहां सभी प्रकार के विकास कार्य विफल होते हुए नजर आ रहे है। पाटन प्रखंड एक राजनीति का केंद्र बन चुका है। जहां पर सभी राजनीतिक दल एक दूसरे पर हावी होते हुए नजर आ रहे हैं। पाटन मध्य के पूर्व जिला परिषद के द्वारा बयानबाजी किया गया कि राज्य के हेमंत सरकार को इस्तीफा दे देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि प्रखंड में सारे कार्य बाधित है। जिस कारण से किसी भी प्रकार की सुविधाएं यहां के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण त्रस्त होते हुए नजर आ रहे हैं जब बात स्थानीय विधायक पुष्पा देवी की हो तो स्थानीय विधायक की राज्य में सरकार नहीं रहने की वजह से विकास के कार्य में बाधा होते हुए दिख रहा हैं। भाजपा के विधायक लगातार आंदोलन करते रहते हैं पूर्व में भाजपा की रघुवर सरकार में विकास कार्य तेजी से हो रही थी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बंजारी ने जीता

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत अंसारी बिगहा स्थित मैदान में डू एंड डाई फाइनल क्रिकेट मैच का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव, मो. इसरार तथा राशिद फैजी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर कमलेश यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव स्तर पर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होना सराहनीय प्रयास है। खेल का आयोजन होने से लोगों में उत्साह बढ़ता है। उन्होंने आयोजक कमेटी को हर संभव मदद करने की बात कही। इस दौरान बंजारी और बेलौदर टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें बंजारी की टीम ने बेलौदर टीम को 3 रनों से पराजित किया। विजेता टीम को 51 सौ तथा उपविजेता टीम को 35 सौ रुपया तथा मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। आयोजक कमेटी के अध्यक्ष मो. वारिस, सचिव महमूद अंसारी, उपाध्यक्ष ललन अंसारी सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला योजना)**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन, लोहरदगा द्वारा DMFT मद से जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडिकल/इंजिनयरिंग प्रतियोगिता परीक्षाओं NEET/ JEE की निःशुल्क तैयारी कराने हेतु नदिया, लोहरदगा में होमी जे0 भाभा कोचिंग सेन्टर प्रारंभ किया गया है, जिसका नया बैच दिनांक 01.04.2023 से प्रारंभ होने वाला है। विद्यार्थियों का चयन मेधा के आधार पर किया जायेगा एवं आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

वैसे इच्छुक विद्यार्थी, जो Science Stream में 12वीं कक्षा में अध्ययनरत् है अथवा 12वीं उत्तीर्ण कर लिये हैं एवं NEET/ JEE की तैयारी करना चाहतें हैं, वे प्रभारी पदाधिकारी, DMFT विकास शाखा, डी0आर0डी0ए0, जिला परिषद भवन, लोहरदगा/ सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा के कार्यालय में दिनांक 15.03.2023 तक अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन हेतु आवेदन पत्र (Form) किसी भी कार्य दिवस में उक्त कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा www.lohardaga.nic.in से download किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 291221 Lohardaga(22-23)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/ RPWS/Med-31/2022-23 (1st Call) (Loinga and Adjoining Multi villages RPWSS) जो PR No. 287683 (22-23)_D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। उक्त निविदा के प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि, तिथि एवं कार्य का नाम अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| कार्य का नाम :– | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत :– **Loinga Multi Villages :-** **PART – A** Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, R.C.C. Approach Bridge 64 M long and 3.00 M wide, Infiltration Gallery (2 Nos),13.00 MLD capacity Conventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir – 02 Nos, Staff Quarter, Highway & Railway Crossing, Compound wall, Supplying and laying Raw & Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Sadpur-Sanda Rural Water Supply Scheme.** **PART - B** Detailed survey, designing and drawing, RCC Elevated Service Reservoir–03 Nos, Supplying and laying Distribution Network, Compound wall, House Connection etc. all complete job for **Loinga-Aredana Rural Water Supply Scheme.** **PART - C** Detailed survey, designing and drawing, RCC Elevated Service Reservoir – 03 Nos, Supplying and laying Clear Water Rising Main & Distribution Network, Compound wall, Nala Crossing (04 Nos), House Connection etc. all complete job for **Satuwa-Mouliya Rural Water Supply Scheme.** **PART - D** Detailed survey, designing and drawing, RCC Elevated Service Reservoir – 01 Nos, Supplying and laying Distribution Network, Compound wall, House Connection etc. all complete job for **Shole Rural Water Supply Scheme.** **PART - E** Detailed survey, designing and drawing, RCC Elevated Service Reservoir – 01 Nos, Supplying and laying Distribution Network, Compound wall, House Connection etc. all complete job for **Meral-Bhonga Rural Water Supply Scheme** under D.W & S. Division, Medininagar on turnkey basis. Year 2022-23. | |
|---|---|---|
| विवरण | पूर्व प्रकाशित राशि | संशोधित राशि |
| प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | Rs. 15307.89 Lakh | Rs. 13656.49 Lakh |
| अग्रधन की राशि | Rs. 153.08 Lakh | Rs. 136.57 Lakh |
| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 31/01/2023 / 12.30 P.M. | 28/02/2023 / 12.30 P.M. |
| प्री बीड की तिथि एवं समय | 07/02/2023 / 12.30 P.M. | 06/03/2023 / 12.30 P.M. |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 17/02/2023 / 05.00 P.M. | 18/03/2023 / 05.00 P.M. |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | 20/02/2023 / 05.00 P.M. | 20/03/2023 / 05.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21/02/2023 / 04.00 P.M. | 21/03/2023 / 04.00 P.M. |

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–236 (स्वी0)/दिनांक 16.02.2023
यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR 291276 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग),**
**झारखण्ड सरकार**
**बर्ड फ्लू संबंधित सामान्य जानकारी एवं परामर्शिका**

**(General Information & Advisory on Bird Flu/Avian Influenza)**

बर्ड फ्लू (Avian Influenza) अत्यन्त संक्रामक विशाणुजनित रोग है, जो घरेलू एवं जंगली (Domestic & Wild) पक्षियों को संक्रमित करता है। H5N1, H5N3, H5N7, H5N8 आदि Avian Influenza Type–A विशाणु के अनेक सबटाईप हैं, जो पक्षियों में इस रोग के कारक है। प्रायः माह सितम्बर से फरवरी तक इस रोग के संक्रमण की घटना पाई जाती है। इस रोग के संचरण एवं प्रसार (Transmission and spread) संक्रमित पक्षियों के बीट एवं श्वसन स्राव के सम्पर्क में आने से होता है। दूशित दाना–पानी, दूशित बर्तन एवं औजारों से भी इस रोग का प्रसार होता है।

प्रवासी पक्षियों, विशेष रुप से जलीय पक्षी इस विशाणु के प्राकृतिक पोशक एवं स्रोत हैं। इन पक्षियों में रोग के लक्षण परिलक्षित नहीं होते हैं, परन्तु इनके द्वारा मुख्य रुप से मुर्गियों एवं टर्की में रोग का संचरण होता है। बत्तख एवं हंस भी इस विशाणु से संक्रमित होते हैं। उनमें भी प्रायः रोग के लक्षण परिलक्षित नहीं होते हैं परन्तु वे रोग के वाहक बन जाते हैं। सामान्यतया संक्रमित गौरेया, कौआ, कबुतर जैसे पक्षियों द्वारा इस रोग के विशाणु का संचरण मुर्गियों एवं मनुश्यों में नहीं होता है।

आमजनों को बर्ड फ्लू विषाणु का जोखिम

मनुश्यों में इस विशाणु का संक्रमण पाया गया है। वर्तमान में आमजनों को इस विशाणु के संक्रमण का जोखिम कम है। परन्तु वैसे लोग जो संक्रमित पक्षियों के सम्पर्क में रहे हों उनमें इसके संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है।

**Do's & Don't**

- प्रवासी पक्षियों के दिखाई देने पर क्या करें:–
  सभी प्रवासी पक्षी संक्रमित नहीं होते हैं। इन्हें मारे नहीं तथा इनसे दूर रहें और इसकी सूचना विभाग को दें।
- मृत पक्षी के दिखाई देने पर क्या करें:–
  पक्षियों के मृत्यु के कारण अज्ञात होते हैं। अतः स्वयं इसे न छुएँ, इसकी सूचना विभाग/नगर निगम को दें।
- बर्ड फ्लू घोषित क्षेत्र से मुर्गियों का कय करें या ना करें:–
  बर्ड फ्लू घोशित क्षेत्र के एपीसेंटर (Epicenter) से 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाली सभी मुर्गी–बत्तख की दुकानों को प्रशासन द्वारा बंद करने का निदेश दिया जाता है। अतः इन क्षेत्रों में अवस्थित दुकानों से मुर्गियों के कय से बचें।
- मुर्गी एवं मुर्गी–उत्पाद का सेवन सुरक्षित हैं अथवा नहीं:–
  मुर्गियों को भारतीय परिवेष में अच्छी तरह से पकाया जाता है, इसलिए इसका सेवन सुरक्षित है क्योंकि बर्ड फ्लू विशाणु $70^{\circ}C$ तापमान पर 30 मिनट में नश्ट हो जाता है।
- बीट लगे अण्डों का उपयोग सुरक्षित है अथवा नहीं:–
  प्रायः अण्डे ग्राहकों तक पहुँचने में घंटो लग जाते हैं, इस बीच धूप एवं हवा से सुखने पर विशाणु नश्ट हो जाते हैं। अतः इनका सेवन सुरक्षित है।
- सामान्य दिखाई देने वाले बत्तख संक्रमण के संचरण में सक्षम हैं या नहीं:–
  हाँ, संक्रमित बत्तखों में रोग के लक्षण परिलक्षित नहीं होते हैं परन्तु वे रोग के संचरण एवं प्रसार में सक्षम है।
  मुर्गियों में अकस्मात एवं उच्च मृत्यु दर इस रोग से संक्रमण के सूचक हैं।

पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, काँके, राँची
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

निदेशक,
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान,
काँके, राँची

PR 291277 Animal Husbandry(22-23)D

NEWS इन ब्रीफ

## श्रीराम सेना सदस्य ने किया रक्तदान



**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना के तत्वावधान में शनिवार को श्रीराम सैनिक बिट्टू वर्मा की मां रानी देवी को रक्त देकर श्रीराम सेना के वरिष्ठ अधिकारी कुंदन गुप्ता ने रक्त दान किया। इस मौके पर श्रीराम सेना राज्य प्रमुख पंकज जायसवाल, बिट्टू वर्मा, चिंटू वर्मा, पिंटू गुप्ता ,एवं अरुणिश गिरी उपस्थित थे। वही, लैब टेक्नीशियन की मदद से रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। श्री राम सेना आह्वान करती है कि रक्त के बिना किसी भी मरीज को मरने नहीं दिया जाएगा । श्रीराम सेना सदैव ही समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता करती रहेगी। श्रीराम सेना की ओर से लगातार सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर भाग लिया जाता है।

## प्रमंडलीय अधिवेशन सह सम्मान समारोह आज

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के द्वारा आज स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में सुबह 10 बजे से प्रमंडली अधिवेशन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर उपस्थित होंगे। प्रगतिशील शिक्षक संघ के द्वारा कार्यक्रम के स्वरूप के बारे में बताया गया कि पुरानी पेंशन बहाली पर झारखंड सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मंत्री का सम्मान किया जाना है। वहीं राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर चर्चा एवं शिक्षक की विभिन्न समस्याओं पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है । वही अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में लातेहार के विधायक बैजनाथ राम और मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह भी मौजूद होंगे।

## पूर्व मुखिया को पितृ शोक

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के सोनबरसा गांव निवासी पूर्व मुखिया परमेन्द्र कुमार सिंह के 82 वर्षीय पिता बदन सिंह का निधन शनिवार को हो गया। जिनका दाह संस्कार कोल्हुआ गांव स्थित कोयल नदी घाट पर किया गया। उनके बड़े पुत्र अवधेश सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। मौके पर भाजपा नेता कर्नल संजय कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह ,धीरेन्द्र बैठा, कांग्रेस नेता कुश कुमार सिंह मिंटू, युवा समाजसेवी जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, एन सीपी नेता अजीत कुमार सिंह, झामुमों नेता रामबचन बैठा, पूर्व उपमुखिया निरंजन कुमार सिंह, के अलावा शंकर सिंह, श्रवण सिंह, मिथलेश सिंह, श्यामबिहारी सिंह, दिनेश यादव, कुंदन सिंह, अनिल सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## शहर थाना प्रभारी ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को किया जब्त

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाकर अघोर आश्रम रोड से गुरुवार की रात अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बीएन कॉलेज कोयल नदी से अवैध बालू का उत्खनन कर खरीद बिक्री की जा रही है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाकर अघोर आश्रम रोड से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर फाइन के लिए थाना लाया गया है।

# संत मरियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रतिष्ठित स्कूल संत मरियम में शनिवार से वर्ग नर्सरी से 9 वीं तक की वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ हो गई। परीक्षा के प्रारंभिक दिन विद्यार्थियो को शुभकामनाएं देते हुए स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में परीक्षा का विशेष महत्व होता है। पूरे वर्ष सहपाठियों से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा में खुद को बेहतर साबित करने की शुरूवाती दौर से ही पूरे मनोयोग से धीरे धीरे कुछ सीखने के साथ परीक्षा की तैयारी में लग जाते है। अच्छे अंक की सुनिश्चितता के साथ भविष्य की अनेकों प्रारूपो को मन में संजोए सभी विद्यार्थी बेहतर करने का सदैव प्रयास करते है। प्रत्येक विषय की गहन अध्ययन के पश्चात त्रुटियों का विश्लेषण करना , कमजोर पहलू पर फोकस करते हुए कड़ी मेहनत और परिश्रम ही आप सभी को आपके परीक्षा में बेहतर अंक दिला सकता है। आप सभी को परीक्षा में सफलता हेतू अग्रिम शुभकामनाएं।

### पुलिस कर्मियों को मिला फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण

# हार्ट अटैक आराम के लिए करें इकोस्प्रिंग टेबलेट का उपयोग: डा. आरके रंजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आरके रंजन के द्वारा पुलिसकर्मियों को फर्स्टऐड उपचार के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा सहित एक दर्जन से अधिक पुलिस पदाधिकारियों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों और वहां मौजूद अन्य किसी सिविलियन का अचानक तबीयत खराब होने पर बीमारी के लक्षण के अनुरूप फर्स्ट ऐड करने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित डॉक्टर आरके रंजन ने पुलिसकर्मियों को खासकर अभियान के दौरान अपनी सेहत का ध्यान रखने और विपरीत परिस्थिति में अपना फर्स्ट ऐड करने के लिए पुलिसकर्मियों को विशेष रुप से प्रशिक्षित करने का काम किया। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिसकर्मियों को अक्सर विपरीत परिस्थिति में ड्यूटी करना होता है। अभियान के दौरान जंगल झाड़ियों में समय गुजारना होता है। ऐसे में अचानक तबियत खराब होने पर चिकित्सा की व्यवस्था हो पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सभी पुलिसकर्मियो का अपना प्राथमिक इलाज करने की जानकारी होना काफी आवश्यक है। यह जानकारी खुद के अलावा दूसरों के काम भी आयेगा। स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक जानकारी पुलिस को होनी चाहिए। ताकि वह अपना प्राथमिक इलाज कर पाए और विशेषज्ञ चिकित्सकों तक पहुंचने का समय मिल पाए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आरके रंजन ने पुलिस कर्मियों को जानकारी देते हुए कहा कि फर्स्ट ऐड की जानकारी होना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक अचानक आ जाए तो पैकेट में हमेशा इकोस्प्रिंग एवी टेबलेट रखें और जरूरत महसूस होने पर उसे खा ले तो उससे तुरंत आराम मिलेगा। मौके पर एसआई रविशंकर कुमार, सुनीला लिंडा, प्रकाश कुमार,अशोक कुमार दुबे, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह,टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, टीओपी 3 प्रभारी मंतुस्ट कुमार महतो सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### सवर्जन पेंशन योजना से मिला जीने का सहारा

# पलामू प्रमंडल में 2.32 लाख से अधिक नागरिकों को मिल रहा लाभ

### प्रत्येक माह की पांच तारीख तक लाभुक के अकाउंट में क्रेडिट होती है सम्मान राशि

**पलामू प्रमंडल में 2 लाख 32 हजार से अधिक योग्य नागरिकों को इस योजना का मिल रहा लाभ**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकार की सवर्जन पेंशन योजना से लोगों को बड़ा सहारा मिला है। विगत वर्ष में लक्ष्य आधारित योजनाओं के कारण अनेक योग्य लाभुक पेंशन योजनाओं से अच्छादित नहीं हो पाते थे। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से सवर्जन पेंशन योजना की शुरूआत की गयी। इस योजना में लक्ष्य की बाध्यता को समाप्त किया गया एवं अनिवार्य शर्तों को भी आसान बनाया गया। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कायर्क्रम में इसका सुखद लाभ देखने को मिला। पलामू प्रमंडल में हजारों आवेदन स्वीकृत किए गये एवं योग्य लाभुकों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया। सवर्जन पेंशन योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना को नवंबर 2021 से पूरे राज्य में लागू की गई है। इसके प्रभावी होने से राज्य के लाखों योग्य नागरिकों को जीने का सहारा मिला है। वहीं पलामू प्रमंडल में 2 लाख 32 हजार से अधिक योग्य नागरिकों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। सवर्जन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से एक ओर जहां वृद्धजनों को बुढ़ापे में सहारा मिला है, तो दूसरी ओर स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना दिव्यांग भाई-बहनों की आर्थिक मजबूती प्रदान की है। इस योजना की राशि से दिव्यांगजन पढ़ाई के लिए कॉपी-किताब की खरीददारी से लेकर अन्य आवश्यक कार्य करने में सक्षम हो पा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना से महिलाओं को सम्मान मिला है। साथ ही एचआईवी/ एड्स व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना से एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति को सवर्जन पेंशन योजना का लाभ उनकी गोपनीयता को बरकरार रखते हुए ससम्मान देने का कार्य हो रहा है।

# वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गये दर्जनों वाहन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा और एसआई सुनीला लिंडा के नेतृत्व में शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने व सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चलाने की सलाह दी। वही जो वाहन चालक हेलमेट पहनकर वहां नहीं चला रहे थे उनके वाहन को जब्त कर फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया। वही दूसरी ओर शुक्रवार की शाम शहर क्षेत्र के छह मुहान चौक के पास ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दर्जनों वाहनों को पकड़कर उसे चालान के लिए डीटीओ के पास भेजने की प्रक्रिया में जुट गए हैं। वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चार पहिया वाहन को भी रोक कर उसके डिक्की की तलाशी ली गई।

# स्कॉर्पियो के धक्के से महिला घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम लोईनगा गांव में स्कॉर्पियो के धक्के से 30 वर्षीय महिला आशा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम लोईनगा निवासी उपेंद्र भुइयां की पत्नी आशा देवी अपने घर से शुक्रवार की शाम दुकान जा रही थी। तभी रास्ते में स्कॉर्पियो ने उसे धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना में आशा देवी के दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी है। सदर अस्पताल चिकित्सकों के द्वारा इलाज के बाद भी आशा देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में पाटन थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें इस घटना के बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि घायल के द्वारा आवेदन देने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### चार विषय के लिए निकली डीवी की तिथि

**मेदिनीनगर।** कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा शुक्रवार को चार विषय वाणिज्य, कुडूख, अरबी और उड़िया भाषा के लिए कुल 68 अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए 28 फरवरी को आयोग में बुलाया गया है। पलामू से वाणिज्य में कई अभ्यर्थियों को डीवी के लिए बुलाया गया है। आयोग के द्वारा सभी सूचनाएं जारी कर दिया गया है। अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को 3 मार्च और 6 मार्च को अंतिम अवसर दिया गया है। डीवी के लिए वाणिज्य में 41,कुडुख में 18 उड़िया में 01 और अरबी में 08 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

# पुस्तक कंप्रिहेंसिव मैथमेटिक्स का विमोचन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नंद किशोर भारती ने कक्षा -9 और 10 के लिए कंप्रिहेंसिव मैथमेटिक्स की किताब लिख डाली है। इस पुस्तक को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त लक्ष्मी प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल की दुबियाखाड़ शाखा में आयोजित एक सादे समारोह में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. जीएन खान, जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा, झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष सह संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव, संजीव नयन, कुंदन वर्मा, रेड रोज पब्लिक स्कूल शाहपुर के प्राचार्य सह पलामू जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल कुमार, एईके एकेडमी सतबरवा के प्राचार्य आफताब आलम, ओरिएंट स्कूल के चेयरमैन रामाकांत मेहता, निदेशक सुधीर मेहता, जेनिथ फ्यूचर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय श्रीवास्तव, एसएलए पब्लिक स्कूल शाहपुर एवं संत लॉरेंस एकेडमी टेमराई के निदेशक मुकेश कुमार अग्रवाल, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के निदेशक सिया चरण सिंह, गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक गुरबीर सिंह उर्फ गोलू, लोटस एकेडमी के निदेशक गिरीश कुमार, मदर्स कन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक आनंद कुमार, सेवानिवृत्त ग्रामीण बैंक अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संत पॉल कन्वेंट स्कूल रेहला के प्राचार्य साइमन मैथ्यू किसले, इनोवेटिव स्कूल के निदेशक राकेश वर्मा, हाली क्रॉस स्कूल के प्राचार्य चंद्र भूषण सिन्हा एवं कैटमॉस स्कूल के प्राचार्य अभिषेक राज ने संयुक्त रूप से दोनों पुस्तकों का विमोचन किया।

# खैरा दोहर गांव से एक व्यक्ति का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा दोहर गांव में एक शव बरामद किया गया है। इस संबंध में किशनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह खैरा दोहर गांव से किसी ने सूचना दी कि खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही नीरज कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक रात के समय खेत पर ही रहकर खेत की रखवाली करता था। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इसकी हत्या कर शव को खेत में फेंका गया है। वही इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# पलामू में मना अक्षर देव जी महाराज का 13 वां जन्मोत्सव




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में अक्षर देव जी महाराज का 13 वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छत्तरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के बारा एवं मसीहानी प्रखंड कालोनी स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 150 छात्र छात्राओं को उपहार स्वरूप पाठ्य सामग्री दिया गया। साथ ही अक्षर देव जी महाराज के महान व्यक्तित्व के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन अक्षर फाउंडेशन की पलामू इकाई के द्वारा किया गया। अतिथि के रूप में 20 सूत्री क्रियान्यवन समिति के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जायसवाल मौजूद थे। अतिथियों ने संस्था के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। विहंगम योग संस्थान के पूर्णकालिक प्रचारक राजेश भारद्वाज ने कहा कि बच्चे परिवार देश के भविष्य हैं। अक्षर फाउंडेशन सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान की मातृ-शक्ति द्वारा संचालित सेवा संगठन है जो बाल कल्याण की दिशा में कार्यरत है। संस्थान द्वारा देश के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क आवासीय विद्यालय संचालित किया जाता है। जहां बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देकर उन्हें देश का सभ्य नागरिक बनाया जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप राम, पुष्पा कुमारी , वार्ड पार्षद रजनीश कुमार ,मातृशक्ति प्रेमशिला जयसवाल, नीतू गुप्ता ,सीमा देवी, सहायक अध्यापक अमरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, सेवानिवृत शिक्षक जगदीश राम ,रविंद्र पासवान ,अशोक रजक मौजूद थे।

## कोचिंग संस्थानों में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा और ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में शनिवार को आबादगंज के कोचिंग संस्थानों में पहुंचकर सड़क सुरक्षा से संबंधित छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी एवं ट्रैफिक यातायात नियमों के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियम की जानकारी दी गई और यातायात के समय बरती जाने वाली सावधानियों से उन्हें अवगत कराया गया। थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने छात्राओं से कहा कि वे अपने सगे संबंधियों मित्रों को भी यातायात संबंधित नियम अनुपालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को सीट बेल्ट हेलमेट आदि की उपयोगिता बताई गई । साथ ही उन्हें आंकड़ों के माध्यम से समझाया गया कि किस प्रकार यातायात नियम एवं सेफ्टी उपकरण न लगाने पर दुर्घटनाएं होती हैं। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। छात्र लोगों को जागरूक करेंगे तो लोगों में इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने पलामू जिले के सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि 18 वर्ष के कम उम्र वाले बच्चे को वाहन न चलाने दें। 18 वर्ष से यदि अधिक उम्र के बच्चे वाहन चलाते हैं तो उनका ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। उन्होंने छात्रों को बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे की हालत में वाहन न चलाए। ड्राइविंग के दौरान या सड़क पर चलने के समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। सड़क पार करते समय दाएं, बाएं देखें। इसके बाद जेब्रा क्रॉसिंग पर सड़क पार करने का प्रयास करें। छोटी-छोटी ट्रैफिक रूल का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं की अधिकतर घटनाओं को रोका जा सकता है।

## विधायक ने रोड मरम्मत कार्य का किया शिलान्यास

**पाटन।** छतरपुर विधानसभा अंतर्गत पड़वा पाटन पथ का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार के द्वारा सम्पन्न हुआ। 18 किलोमीटर की यह पथ करीब 6:45 करोड़ की लागत से तैयार होगी।जिस पर वाहनों का आवागमन होता रहता है। जिस कारण घटना दुर्घटना होती रहती है। विधायक पुष्पा देवी के अर्थक प्रयास के बाद इसकी नीव रखी गई है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने बताया कि सरकार के विपक्ष में रह कर भी विधानसभा के क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। मौके पर पड़वा प्रखंड अध्यक्ष जमुना सिंह, पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, युवा नेता विक्रम कुमार, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, भाजपा युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, अनंत सिंह, ओम प्रकाश पांडे, बबल शाह, रविंद्र सिंह, कविता सिंह, राकेश पांडे, रंजय सिंह, जैनेंद्र यादव, राधेश्याम सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।

**निस्तारण** — लोक अदालत में 57 मामलों का निष्पादन

# नव लाख 77 हजार 900 रूपये का मामला सेटल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व संचालन सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने की। लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए नव पीठों का गठन किया गया था। इसमें सुलह समझौते के आधार पर कुल 57 मामले का निस्तारण किया गया। वही नव लाख 77 हजार 900 रुपये के मामले सेटल हुए। पीठ संख्या एक में पारिवारिक विवाद से संबंधित दो मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या दो में एमएसीटी व जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट के 33 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या तीन में 11 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट के एक मामले का निस्तारण किया गया । पीठ संख्या पांच में सिविल जज जूनियर डिविजन कोर्ट के एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। पीठ संख्या छह में जेजे बोर्ड से संबंधित एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। पीठ संख्या आठ में रेलवे से संबंधित एक मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या आठ में प्री लिटिगेशन से संबंधित नव मामले का निष्पादन किया गया। पीठ संख्या नव में एक्सक्यूटिव रेवेन्यू से सम्बंधित एक भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका । इस तरह विद्युत विभाग को दो लाख 52 हजार ,वन विभाग को 35 हजार 500 रुपये व उत्पाद विभाग को 14 हजार 300 रुपये व रेलवे को 1000 रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई । एमएसीटी के एक मामले में पांच लाख रुपये का मामला सेटल किया गया। मौके पर डीजे संतोष कुमार, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, आनंदा सिंह, संजय सिंह यादव, सतीश कुमार मुंडा, रितु कुजुर, परमानंद उपाध्याय, अधिवक्ता शशिभूषण ,प्रदीप कुमार ,अशोक कुमार मिश्रा ,हुसैन बारिश ,अजय पांडेय,सतीश कुमार दुबे ,संजय कुमार सिन्हा, बीना मिश्रा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# छात्रा से छेड़खानी के प्रयास का आरोप, शिक्षक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**
धुरकी पुलिस ने एक 12 वर्षीय कक्षा 7 कि दलित छात्रा के साथ छेड़खानी करने के आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर धुरकी पुलिस ने न्यायिक हिरासत में लेते हुए शनिवार को गढ़वा जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि परिजनों के द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में थाना क्षेत्र के केतना उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधाना शिक्षक चंद्रशेखर राम के विरुद्ध एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने का आरोप के विरुद्ध आवेदन मिली है। आवेदन के आलोक में थाना प्रभारी सर आनंद कुमार ने आरोपी शिक्षक को शुक्रवार को ही पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया



था और आवेदन के आलोक में आरोपी शिक्षक पर कांड संख्या 29 ऑब्लिक 23 धारा 354 एवं 8 पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रधान शिक्षक चंद्रशेखर पर विद्यालय के छात्रा ने आरोप लगाई थी कि छात्रा को शिक्षक ने कमरे में बुलाकर छेड़खानी करने का प्रयास कर रहा था। वही छात्रा से कहा कि हम तुमसे हम बहुत प्यार करते हैं। तुम्हारे बिना जिंदा नहीं रह सकते जिसकी सूचना छात्रा ने अपनी परिजनों को दी थी। इसी के आलोक में परिजनों ने इसकी सूचना धुरकी पुलिस को दी थी। मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस आरोपी शिक्षक को जेल भेज दिया है। इधर इस मामले विद्यालय के छात्र छात्र एवं अभिभावक के प्रति जहां रोष देखा गया वहीं प्रखंड क्षेत्र में शिक्षक ने शिक्षा जगत को शर्मसार किया है। जिसकी चर्चा आम शिक्षक गणों में जोरो से हो रही है। वहीं इसकी आलोचना काफी तेजी से की जा रही है। गौरतलब है कि इस तरह का मामला धुरकी प्रखंड क्षेत्र में शिक्षक के द्वारा छात्रा के साथ छेड़खानी करने की मामला पहली बार प्रकाश में आया है।

# विरोध : दूसरे दिन भी ठप रही स्वास्थ्य सेवाएं, लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह के साथ झामुमो नेताओं द्वारा की गई मारपीट की घटना के विरोध में स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सक, निजी चिकित्सक और कर्मी का हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा हड़ताल के दूसरे दिन आइएमए झांसा, आयुष चिकित्सक, एनआरएचएम कर्मी, आउटसोर्सिंग कर्मी, डेंटल कर्मी, नीमा सभी एक मंच पर आकर सदर अस्पताल के मेन गेट पर प्रदर्शन किया लोगों ने कहा कि जब तक घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक यह हड़ताल जारी रहेगा। चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा एक चिकित्सक के साथ किया गया है।

### सदर अस्पताल पहुंचे डीडीसी चिकित्सा से किया बात

चिकित्सकों के हड़ताल के दूसरे दिन डीडीसी राजेश राय, एसडीओ राज महेश्वरम थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डीडीसी ने चिकित्सकों के साथ वार्ता की। घटना संबंधित जानकारी ली। उस दौरान डीडीसी ने कहा कि डॉक्टर के साथ जो घटना हुई है। वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है डॉक्टर की जो भी मांगे हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। समाज और मरीज के हित को देखते हुए चिकित्सक को हड़ताल समाप्त करना चाहिए ऐसा अपील करते हैं।

यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसे में कोई भी चिकित्सक कर्मचारी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं पुलिस प्रशासन को मामले को गंभीरता पूर्वक जांच करते हुए कार्यवाही करनी चाहिए चिकित्सकों ने कहा कि पहले तो कार्यालय में घुसकर बदसलूकी व मारपीट किया गया उसके बाद एक झूठा केस में फसाया गया है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। आईएमए व झासा के आह्वान पर जिले के सरकारी अस्पतालों में ओपीडी ठप रहा। इससे मरीजों को बड़ी परेशानी हुई। हालांकि इमर्जेंसी सेवा चलती रही। चिकित्सक एवं कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। बताते चलें कि गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में पहुंचकर जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, झामुमो के गढ़वा जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान व गढ़वा विधायक के स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि कंचन कुमार साहु समेत 40-50 की संख्या में पहुंचे लोगों ने हंगामा किया था। इस दौरान सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा.अवधेश सिंह को गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। साथ ही उनके साथ मारपीट भी की गई थी। इसके पश्चात हंगामा कर रहे लोगों ने सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार व डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह को कब्जे में लेकर उनके कार्यालय में ले गए तथा सीसीटीवी फूटेज को अपने लोगों के माध्यम से डिलिट करा दिया था। जबकि सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मियों को भी सभागार में घुसने नहीं दिया था। इस घटना को लेकर स्वास्थ्य विभाग के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व झासा के पदाधिकारियों ने बैठक कर घटना की निंदा की। मौके पर आईएमए के गढ़वा इकाई के अध्यक्ष डा.आरएनएस दिवाकर, सचिव डा. कुमार निशांत सिंह, झासा के सचिव डा. कमलेश कुमार, पूर्व सिविल सर्जन डा.एनके रजक, डा. ज्वाला प्रसाद सिंह, डा. पंकज प्रभात, धुरकी के एमओआईसी डा. दिनेश कुमार, गढ़वा के एमओआईसी डा. दिनेश कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉक्टर दीपक पांडे, समेत कई चिकित्सक व कर्मी उपस्थित थे।

### मरीज रहे परेशान

चिकित्सकों पाए हड़ताल पर चले जाने से दिनभर मरीज परेशान रहे। लंबी दूरी तय कर सदर अस्पताल पहुंचने के बाद उन्हें बिना इलाज कराएं। खाली हाथ लौटना पड़ा। मंजू ने कहा कि उन्हें पता नहीं था कि हड़ताल चल रहा है इतनी लंबी दूरी करने के बाद भी उन्हें खाली लौटना पड़ा है।

## विशेष भर्ती अभियान में 34 युवकों ने किया आवेदन जमा




**डंडाई।** एसएससीआई विशेष भर्ती अभियान के अंतिम दिन शनिवार को प्रखंड क्षेत्रों में 34 अभ्यर्थियों के द्वारा नौकरी के लिए अपना अपना आवेदन जमा किया गया । इससे पहले उक्त लोगों का हाइट वेट और डॉक्यूमेंट की बारीकी से पड़ताल किया गया । मौके पर कमांडेड राकेश कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रखंड के लिए नियुक्ति को लेकर जो लक्ष्य मिला था वह पूरा नहीं हो पाया । उन्होंने कहा कि 250 के जगह मात्र 34 युवकों के द्वारा ही नियुक्ति के लिए आवेदन दिया गया जिसका मुख्य कारण क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार का नहीं होना है। उन्होंने कहा कि आवेदन के लिए जो भी युवक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे उनमें अधिकांश हाइट के अभाव में आवेदन करने से वंचित रह गए।

## नए थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भवनाथपुर थाना में शनिवार को नए थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय अपना योगदान दिया। पूर्व थाना प्रभारी सतीश महतो को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस केंद्र में योगदान देने का आदेश दिया है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी, उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी। सभी को चिन्हित कर कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध लोगों के सहयोग की अपेक्षा करते हुए क्षेत्र शांति व अपराध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की कोशिश होगी, क्षेत्र में जनता व पुलिस के बीच समन्वय बनाकर शांति स्थापित करना कर्तव्य होगा।

## सिविल सर्जन कार्यालय में घटित घटना का तूल पकड़ा

# झामुमो ने लगाया सरकारी राशि का बंदरबांट करने का आरोप

### गलती को छुपाने के लिए सीएस, डीएस व डीपीएम कर रहे आंदोलन : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में घटित घटना तूल पकड़ लिया है। एक तरफ चिकित्सकों का हड़ताल तो दूसरी तरफ भाजपा व झामुमो आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ही पार्टी के नेता खुल कर एक दूसरे का पोल पट्टी खोलने में जुट गए हैं। शनिवार को शहर के चिनियां रोड स्थित होटल पदमावती में प्रेसवार्ता आयोजित कर झामुमो नेता व 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में रंग-रोगन से लेकर दवा की खरीददारी व योजनाओं के क्रियान्वयन में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ. अवधेश सिंह और डीपीएम प्रवीण सिंह तीनों की मिलीभगत से 30 प्रतिशत तक कमीशन वसूल किया जा रहा है। वहीं ममता वाहन के पांच किलोमीटर की दूरी को 50 किलोमीटर रिडिंग दिखाकर केंद्र व राज्य सरकार की राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़ी की सूचना पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी जब सिविल सर्जन कार्यालय पहुंची तो डीएस डॉ. अवधेश सिंह उनके साथ बदसलूकी किए। इसकी सूचना मिलने पर झामुमो के लोग वहां पहुंचे और समझौता कराकर मामले को शांत कराया। उन्होंने कहा कि सीएस, डीएस व डीपीएम तीनों नौकरी करने के बजाय विभाग में गिरोह चला रहे हैं। अधिकारियों की मनमानी व लूट की छूट झामुमो के लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। राज्य सरकार की बदनामी झामुमो के कार्यकर्ता सहन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यही तीनों लोग मेडिकल ऐसोसिएशन को गुमराह कर अपनी करतूत को छुपान के लिए आंदोलन कर रहे हैं। 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा कि तीनों की करतूत से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर व विभागीय सचिव को अवगत कराया जाएगा। विभाग में गढ़वा जिले को छोड़कर छोटे से बड़े कार्य पलामू व रांची के अपने चहेते ठेकेदारों से मोटी कमीशन लेकर कराने का काम कर रहे हैं। वहीं भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को सह देने में लगे हुए हैं। जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान ने कहा कि कार्यालय में हुए मामले का सीसीटीवी फुटेज को सीएस, डीएस व डीपीएम ने खुद डीलीट करवाया है। क्योंकि जिप अध्यक्ष के साथ किए गए दुर्व्यवहार का मामला सभी के सामने आ जाएगा। प्रेसवार्ता में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, जिला सचिव मनोज ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू आदि मौजूद थे।



## मंत्री के संरक्षण में कर रहे गुंडागर्दी कर रहे हैं झामुमो के लोग : भाजपा

### एससी एक्ट का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप



पार्टी के जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सह भाजपा नेता गढ़वा में वर्तमान जन प्रतिनिधि के कार्यकाल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम का दुरुपयोग कर झामुमो के गुंडों को बचाने के लिए ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं जिला व पुलिस प्रशासन कठपुतली की तरह कार्य कर रही है। एक्ट के दुरुपयोग किए जाने से सही लोगों को भी न्याय मिलने की संभावना कम हो जाएगी। उक्त बातें भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य जवाहर पासवान ने प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि समाहरणालय परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप संवेदक सुरेश पांडेय की खुलेआम पिटाई की गई। जब वे थाने में प्राथमिकी दर्ज के लिए आवेदन दिए तो पीछे से उनपर अनुसूचित जाति एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करा दिया गया। चिकित्सकों के पिटाई मामले में भी यही हुआ। चिकित्सकों ने थाने में आवेदन दिया तो दूसरे दिन ही जिप अध्यक्ष से आवेदन थाने में दिलवा दिया गया। इससे यह साबित हो रहा है। हेमंत सोरेन की सरकार में इस एक्ट का प्रयोग झामुमो के गुंडों को बचाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के वर्तमान जनप्रतिनिधि के संरक्षण में झामुमो के लोग खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं और जिला प्रशासन दबाव में काम कर रहा है। अधिकारी नियम कानून को ताख पर रखकर कार्य कर रहे हैं। भाजपा ऐसे करतूत को बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यकर्ता सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि सिविल सर्जन कार्यालय में झामुमो के तमाम पदधारी पहुंच कर अपने पद व सत्ता का धौंस दिखाने का काम किया। इस दौरान ताहीर अंसारी भी मौजूद थे। चिकित्सकों के बयान के अनुसार उन्हें गला काटने की धमकी दी गई थी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ताहिर अंसारी का इस तरह का पूर्व का इतिहास रहा है। यह सब उनके लिए नया नहीं है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग से जिला से लेकर राज्य तक बदनामी हो रही है। जिस पर अंकुश लगाना भी जरूरी है। यह एक्ट गरीब दलितों को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है। ना कि दुरुपयोग करने के लिए। प्रेसवार्ता में पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता प्रदीप पासवान मौजूद थे।

# चिकित्सकों के साथ मारपीट करने के मामले में भाजपा का विरोध मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सदर अस्पताल में घटित घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च जिला कार्यालय से लेकर रंका मोड़ तक निकाली गई। इस दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता राज्य सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। विरोध मार्च में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जिला महामंत्री संतोष दुबे, जवाहर पासवान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, विकास तिवारी, रिंकू तिवारी, उमेश कश्यप, अखिलेश तिवारी, सुना राम चंद्रा, उदय मेहता, राजेश यादव, बलराम यादव, लक्ष्मण राम, ओम प्रकाश गुप्ता, संजीत तिवारी, अनिल केशरी, राजेश्वर ठाकुर, ठाकुर प्रसाद महतो, बजरंग प्रसाद, विनायक जायसवाल, नवीन जायसवाल, परी पांडेय, मंगल मूर्ति तिवारी, अरुण तिवारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।




## भवनाथपुरः दूसरे दिन भी बंद रही ओपीडी सेवा, मरीजो को हो रही परेशानी

**भवनाथपुर।** चिकित्सकों के हड़ताल चले से भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो गई है। शनिवार को भी ओपीडी सेवा बंद रहने से अस्पताल में विभिन्न बीमारियों एवं रोग से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंचे, लेकिन बगैर इलाज के ही घर वापस जाना पड़ा। आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास ने बताया कि सांगठनिक तौर पर मिले निर्देश के आलोक में मांग पूरा नहीं होने तक ओपीडी सेवा बंद रखी गई है,अस्पताल में इमरजेंसी सेवा जारी रखी गई है। आपको बता दें कि भवनाथपुर,खरौंधी और केतार प्रखंड क्षेत्र के लगभग सवा लाख लोगों की स्वास्थ्य सुविधा इसी अस्पताल पर निर्भर है, और जब इसमें दो दिनों से सेवा बंद पड़ा हुआ है तो क्या स्थिति होगी समझा जा सकता है।

# बिजली विभाग का अधिकारी बनकर ठगी करनेवाले धराया

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**
विद्युत विभाग का अधिकारी बनकर ठगी करने वाले एक अभियुक्त को ग्रामीणों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले कर दिया। शनिवार को भंडरिया थाना क्षेत्र के सरईडीह गांव में रंका थाना क्षेत्र के गउरगाड़ा गांव निवासी नन्दन सिंह के पुत्र लव कुमार सिंह अपने को विद्युत विभाग का अधिकारी बताकर विद्युत उपभोक्ताओं के यहां पहुंच अवैध बिजली जलाने मीटर नहीं रहने का डर दिखाकर उपभोक्ताओं से पैसा का मांग कर रहा था। नहीं देने पर एफआईआर दर्ज करने का बात कहा करता था। लोगों को इस पर शक होने पर गांव के ग्रामीण एकजुट होकर लव कुमार सिंह को पकड़ कर कनीय विद्युत अभियंता दीपक कुमार को सूचना दिया गया। सूचना पर कनिया अभियंता सरईडीह गांव पहुंच अपने विभाग का कर्मी नहीं होने की बात कह कर अभियुक्त को थाना को सुपुर्द करते हुए भंडरिया थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार पिछले 1 सप्ताह से सरईडीह गांव के विभिन्न घरों में जाकर इसके द्वारा पैसा का उगाही किया गया है। जिन लोगों से पैसा का उगाही किया है उनमें सलोनी टोप्पो, ज्योति केरकेट्टा के नाम शामिल है। शनिवार को इसके द्वारा सरईडीह गांव निवासी हनुमंत सिंह के घर उगाही कर रहा था ग्रामीणों को शक होने पर उसे पकड़ कर कनीय अभियंता को सौंपा गया। इस संबंध में भंडरिया थाना पदस्थापित सब इंस्पेक्टर दीपक राणा ने बताया कि कनीय अभियंता के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है एफआईआर दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

# पंचायत सचिवालय में विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
मुखिया धनवंती देवी की अध्यक्षता में शनिवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया । सब की योजना सबका विकास वर्ष 2023 अभियान के अंतर्गत आयोजित ग्राम सभा में पंचायत के बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया । इस दौरान ग्राम सभा में भाग लिए लोगों के द्वारा अपने-अपने जरूरतमंद योजनाओं का नाम ग्राम सभा की पुस्तिका में दर्ज कराने का काम किया गया। ग्रामीणों की जरूरतमंद योजनाओं में प्रमुख रूप से पशु शेड, सिंचाई नाली व सिंचाई कूप की योजना शामिल रहा ।उनके द्वारा बेबाक रूप से उक्त योजनाओं को ग्राम सभा की पुस्तिका में दर्ज कराने का काम किया गया। मौके पर प्रभारी पंचायत सचिव सुदर्शन राम ने आयोजित ग्राम सभा के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दीया। साथ ही जरूरतमंद की योजनाओं को ग्राम सभा की पुस्तिका में दर्ज कराने की लोगों से अपील भी किया। वहीं मुखिया ने कहा कि वर्ष भर में कई बार ग्राम सभा का आयोजन होता है लेकिन उसका सदुपयोग नहीं हो पाता है। उनमें जरूरतमंद की कई योजना पदाधिकारियों के निर्देश के अभाव में पेंडिंग पड़ा रह जाता है। जबकि ग्रामीण दूर-दूर से आयोजित ग्राम सभा की पुस्तिका में अपने-अपने योजनाओं को दर्ज कराने का काम करते हैं। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों के निर्देश व मौसमी कैलेंडर का जिक्र करते हुए कहा कि जिले के उपायुक्त के निर्देश पर पंचायत में समतलीकरण योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी। बावजूद आज तक उसका कार्यान्वयन नहीं हो सका। उन्होंने लोगों को बताया कि अभी का समय बिल्कुल रूप से डोभा, तालाब के अलावा सिंचाई कूप और पशु शेड योजना की स्वीकृति देने का है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, रोजगार सेवक दिनेश कुमार, वार्ड सदस्य श्रीकांत प्रसाद, इत्यादि लोग उपस्थित थे ।


**कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पचांयत, छतरपुर**

अति अल्पकालिन कोटशन दर आमंत्रण सूचना सं0–10/2022–23

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार नगर पंचायत, छतरपुर अन्तर्गत शहरी जलापूर्ति योजना अन्तर्गत नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कार्य किया जाना है। इच्छुक संवेदक/दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/ संस्था जो उक्त कार्य करना चाहते हैं वह अपना कोटेशन दर दिनांक–02.03.2023 तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

कार्य की विवरणीः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | गुणवता | प्रति अद्द दर | रख–रखाव एवं देखरेख की समयावधि। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत खराब पड़े चापाकलों को चालु अवस्था में लाना। | खबरा पड़े चापाकलों में गुणवतापूर्ण सामग्रियों का अधिष्ठापन करना। | | कार्यदेश निर्गत करने की तिथी से 4 माह तक |

शर्तेः–
1. संवेदक/दुकान दार/आपूर्तिकर्ता/संस्था के पास GST नम्बर होना अनिवार्य है।
2. संवेदक/दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था दर समर्पित करते हुए पैन कार्ड देना अनिवार्य होगा।
3. संवेदक/दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था अपना विगत 01 वर्ष का आयकर रिटर्न देना अनिवार्य होगा।
4. संवेदक/दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था जो पेयजल आपूर्ति एवं चापाकल मरम्मति से संबंधित कार्य नगर निकाय में कार्य किये है उनको प्राथमिकता दी जायेगी।
5. संवेदक/दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था द्वारा चरित्र प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
6. संवेदक/दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था नोटरी पब्लिक से काली सूची में नहीं होने का शपथ–पत्र देना होगा ।
7. चापाकल की मरम्मती से संबंधित समस्या के निष्पादन हेतु नगर पंचायत, छतरपुर द्वारा जारी हेल्पलाईन न0 पर प्राप्त शिकायत को 24 घंटे के अंदर निष्पादन करना होगा।
8. नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के शिकायत पंजी में शिकायतार्कता का नाम, लगाने गये सामग्री का नाम, चापाकल मरम्मती का स्थान, वार्ड सं0, निष्पादन की तिथि एवं अन्य अंकित करना होगा।
9. संवेदक/दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था द्वारा चापाकल की मरम्मति में खराब/घटीया सामग्री का अधिष्ठान नहीं करना होगा।
10. दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था को कार्य आवंटित करने, रदद करने, अथवा प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
11. संवेदक/दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था द्वारा चापाकल की मरम्मति में गुणवतापूर्ण ISI MARK सामग्रियों का अधिष्ठापन करना, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतना होगा।

इच्छुक दुकानदार/आपूर्तिकर्ता/संस्था उपरोक्त अहर्त्ताको रखते है वे बंद लिफाफे में अपना दर कार्यालय में दिनांक–02.03.2023 को 4:00 अपराह्न तक जमा कर सकते है।

श्री कान्तविसपुते, (भा0प्र0से0)
सहायक समाहर्त्ता, पलामू–सह–
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छत्तरपुर

PR 291288 District (22-23)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 47/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अवधि : दिनांक 27.02.2023 से दिनांक 28.02.2023 तक (कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2023 को 2:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.03.2023 को 3:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
6. निविदा डालने एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम हिसरी नवाटोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,50,200.00 | 7100.00 | 750.00 | 2 माह |
| 2 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम चरहु में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,37,300.00 | 7000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 3 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम बरवाडीह में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 2,97,000.00 | 6000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 4 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम नारी हरिजन टोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 2,99,900.00 | 6000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 5 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम ठकुराईन डेरा में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,73,600.00 | 7500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 6 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम झटनीटोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,53,000.00 | 7100.00 | 750.00 | 2 माह |
| 7 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड किस्को ग्राम किस्को 1 में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,61,600.00 | 7300.00 | 750.00 | 2 माह |
| 8 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड सेन्हा ग्राम चंदवा में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,28,500.00 | 6600.00 | 750.00 | 2 माह |
| 9 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड सेन्हा ग्राम बाजारडांडु में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,38,700.00 | 7000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 10 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड सेन्हा ग्राम झालजमीरा डीपाटोली में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,31,500.00 | 7000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 11 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड सेन्हा ग्राम नई मस्जिद मुहल्ला में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,17,500.00 | 6500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 12 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड पेशरार ग्राम हतवल में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,20,500.00 | 6500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 13 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड पेशरार ग्राम बांडी में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,20,200.00 | 6500.00 | 750.00 | 2 माह |
| 14 | लोहरदगा जिला के प्रखण्ड पेशरार ग्राम दुन्दरू में आंगनबाड़ी केन्द्र का जीर्णोद्धार एवं बाला पेंटिंग कार्य। | 3,13,900.00 | 6300.00 | 750.00 | 2 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 291233 Lohardaga (22-23)_D

# डीसी ने किया महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** उपायुक्त भोर सिंह यादव ने आज महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत अनुमंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विकास योजनाओं की जानकारी लिया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा प्रखंड सह अनुमंडल कार्यालय परिसर में इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम के निर्माण को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड कार्यालय व अंचल कार्यालय, महुआडांड़ का निरीक्षण कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,महुआडांड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ में बनाये जाने वाले एमटीसी सेंटर की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल के निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण कर प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य करने का निर्देश दिया गया।इस दौरान अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ श्री नीत निखिल सुरीन, जिला गोपनीय प्रभारी श्री सुजीत सिंह, जिला खेल पदाधिकारी श्री शिवेंद्र कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी श्री संतोष भगत, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल अभय कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी, महुआडांड़ समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डुमरचुआं के ग्रामीण चुआंड़ी के पानी से बुझा रहे हैं अपनी प्यास





- ग्रामीण विवश, शुद्ध पेयजल भी नहीं है मयस्सर
- गांव तक जाने के लिए नहीं है पहुंचपथ
- खटिया डोली के सहारे से अस्पताल आते हैं मरीज

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** बोदा पंचायत के डुमरचुआं के ग्रामीण आज भी चुआंड़ी के दूषित पानी से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं, उन्हें शुद्ध पेयजल भी मयस्सर नहीं हो पा रहा है, सड़क व अन्य कई सुविधाओं के अभाव मे ग्रामीण अपना जीवन गुजारने को विवश हैं। ग्रामीण जगेश्वर गंझु, सुरेश गंझू, सूलेंद्र गंझु, कृष्ण गंझु, बलेशर गंझु, पार्वती देवी, सुगनी देवी, फुलदेव गंझु व अन्य ने बताया कि एक कुआं है लेकिन ग्रामवासी चुआंड़ी के पानी के भरोसे जी रहे हैं। इस टोले में करीब 10 परिवार निवास करते हैं, यहां न एक चापानल है न जलमीनार, खराब पानी का सेवन कर कई लोग बिमारी का शिकार भी हो जाते हैं। वहीं गांव तक जाने के लिए सड़क तक नहीं है। गांव तक एम्बुलेंस नहीं आने के कारण बिमार व्यक्ति को अस्पताल तक लाने के लिए ग्रामीण खटिया डोली का सहारा लेते हैं। कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान कहते हैं कि पिछले दिनों मैं भी डुमरचुआं गांव का दौरा कर हांथी के हमले में मृत प्यासो देवी के परिजनों से मुलाकात की थी, ग्रामीण पानी सड़क समस्या से जूझ रहे हैं, यह दुर्भाग्य है कि माननीय हेमंत सोरेन सरकार में भी ग्रामीण पानी सड़क जैसे बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं।

## जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में बोले डीसी

# लातेहार के पर्यटन स्थल होंगे विकसित



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में विस्तृत चर्चा करते हुए कुल 30 योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में विभिन्न नये अधिसूचित किए जाने वाले पर्यटन स्थल मंडल डैम, नैना जलप्रपात, उदयपुरा पहाड़ी, ललमटिया डैम, मोंगर एवं औरंगा नदी के आसपास सौंदर्यीकरण का कार्य, बक्सा, केचकी, बेतला के पास विद्युतीकरण, नेतरहाट स्थित डैम में पर्यटकों के सुविधा हेतु तैराक की व्यवस्था, चंदवा प्रखंड स्थित ढोंटी गांव में जल प्रपात को विकसित कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस दिशा में सूचीबद्ध करने के संबंध में अनुमोदित कराने हेतु विचार विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया। इस दौरान विभिन्न पर्यटन स्थल के पुराने कार्यों की प्रगति से संबंधित समिति को अवगत कराया गया। लातेहार जिला अंतर्गत प्रमुख पर्यटक स्थलों को विकसित करने के संबंध में तथा चिन्हित किए गए पर्यटक स्थलों में अब तक किए गए कार्यों को लेकर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने समिति के सदस्यों से फील्ड भ्रमण करने की बात कही, पर्यटन एवं खेल के लिए किस तरह की विकास किए जाएं एवं संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य हो रहा है या नहीं इसकी समीक्षा करने की बात कही गई। उपायुक्त द्वारा पर्यटन मद से कार्यान्वित योजनाओं के बारे में जानकारियां प्राप्त कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक, लातेहार बैद्यनाथ राम, विधायक,मनिका रामचंद्र सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी, लातेहार रोशन कुमार, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर प्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

# तीन चोर गिरफ्तार, जेल

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** सदर थाना क्षेत्र से 14 चक्का ट्रक ओडी 14 आर 4850 लुट कांड का उदभेदन करते हुए पुलिस ने इसमें शामिल तीन चोरों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। सदर थाने में 16 फरवरी 2023 को मोहसीन पिता अब्दुल राउफ सा ठेलवा विलाईगढ़ थाना राजगांगपुर जिला सुन्दरगढ़ उड़ीसा के द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर एक 14 चक्का ट्रक ओडी 14आर 4850 के चोरी हो जाने के संबंध में सदर माामला दर्ज किया गया था। कांड दर्ज कर चोरी गये ट्रैक के बरामदगी एवं संलिप्त व्यक्तियों के गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम में पुनि सह थाना प्रभारी, मनोहर करमाली, पुअनि बीणा कुमारी, सअनि कांग्रेस प्रसाद यादव, अरुण दत्त व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।


## संत जेवियर्स महाविद्यालय में छह दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# पढ़ाई के साथ खेलकूद अहम : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ में छह दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 20- 25 फरवरी को किया गया। आज अंतिम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ एम .के जोस और संत जोसेफ हाई स्कूल के प्राचार्य फादर दिलीप एक्का ने मशाल जलाकर किया। मशाल और झंडा को पूरे मैदान में घुमाया गया, जिसका नेतृत्व राजा रवि ने किया जिसके साथ एल्विन लकड़ा, निशा तिग्गा और रेखा बाखला थे। इस अवसर पर संत जेवियर्स महाविद्यालय का अपना कॉलेज एंथम को गाया गया । इस अवसर पर प्राचार्य फादर डॉ एम .के जोश ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य खेलकूद एवं शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास करना है। खेलकूद से बच्चों में अनुशासन तथा प्रतियोगिता की भावना का विकास होता है साथ ही अच्छे चरित्र का निर्माण भी होता है। विभिन्न प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने हुनर की चमक बिखेरी और शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया।

# गारू में डेढ़ वर्षों से खराब है जल मीनार, लोगों को हो रही है परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। गारू** गारू। प्रखंड के बारेसांड बस स्टैंड स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लगाए गए जलमीनार बिगत डेढ़ वर्षों से खराब है जिसकी वजह से यात्रियों एवं ग्रामीणों को गर्मी शुरू होते ही पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## मौन है पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञात हो कि सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर चलाई गई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी ग्रामीणों द्वारा जलमीनार ठीक करने हेतु विभाग को आवेदन दिया गया परन्तु विभाग द्वारा अब तक कोई कारवाई नहीं कि गयी है। बताते चलें कि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही 14वे वित्त, 15वे वित्त, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, वन विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा गारू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए बहुत जलमीनार खराब हो चुके हैं और लोगों को पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में खराब पड़े सभी जलमीनार मात्र हाथी का दांत साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जल्द जलमीनार ठीक कराने के लिए आग्रह किया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दो दिवसीय शिविर का आयोजन

# गरीबों को मिले योजना का लाभ : सीएस



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से योग्य लोगों को जोड़ने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दिवसीय शिविर का शनिवार को समापन किया गया है, शिविर में योजना का लाभ पाने के लिए सैकड़ों आवेदन प्राप्त किये गए। स्वास्थ्य सहायता राशि के लिए बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों ने आवेदन के साथ, बीमारी, दवा और इलाज से संबंधित चिकित्सक की पर्ची, राशनकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति संलग्न कर शिविर में जमा किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नंदकुमार पांडे ने शिविर में कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा असहाय गरीब जो किसी भी रोग से परेशान हैं उसकी आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से जोड़ा जाय और उसे इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ से लाभान्वित किया जाय। शिविर में डॉ नीलीमा कुमारी, डॉ तरुण जोश लकड़ा, डॉ प्रकाश बड़ाईक, कामता पंसस अयुब खान, बीपीएम मीरा केसरी, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, बाबर खान, धनेश्वर प्रसाद, बीनीता कुमारी, अस्पताल कर्मी त्रिलोकी सिंह आदि शामिल थे।



## टीबी मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में शनिवार को यक्ष्मा रोगियों के लिए अतिरिक्त पोषण सहायता के तहत टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी (पोषाहार) का वितरण किया गया। पोषाहार वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एनके पांडेय ने कहा कि टीबी मरीजों को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जाँच कराते रहनी चाहिए। उन्हें नियमित अपने वजन,हीमोग्लोबिन,बलगम की जाँच कर दवा का सेवन करना है। मौके पर उपस्थित टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल सीएसआर फंड के तहत चाईल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) नामक संस्था के माध्यम से प्रखंड के सभी 107 मरीजों के बीच उक्त पोषण टोकरी का वितरण किया जाना है। पोषण टोकरी में दाल, चना, गुड़, बादाम, रिफाइन शामिल हैं। कार्यक्रम में कामता पंसस अयुब खान, एसटीएस सुकृता टोप्पो,सिनी संस्था के क्लस्टर कोऑर्डिनेटर सिमोन उरांव आदि मौजूद थे।

## पितीज में संचालित दो अवैध नर्सिंग होम सील

**इटखोरी(चतरा)।** उपायुक्त अब्बू इमरान के आदेशानुसार शनिवार को इटखोरी प्रखंड के पितीज में संचालित राधिका सेवा सदन और आशीर्वाद सेवा सदन नर्सिंग होम को प्रशासनिक पदाधिकारियों ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर सील कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों नर्सिंग होम के विरूद्ध उपायुक्त से शिकायत की गई थी, जिसके आलोक में उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए पदाधिकारियों को निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में टीम में शामिल पदाधिकारियों ने दोनों नर्सिंग होम की जांच करते हुए संचालकों से कागजात की मांग की गई। मगर किसी भी तरह के कागजात उपलब्ध नहीं कराये गये। उसके बात अंततः अधिकारियों ने दोनों नर्सिंग होम को सील कर दिया।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**मयूरहंड(चतरा)।** खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने शनिवार को छापेमारी अभियान चलाकर मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़करीया नदी सोकी घाट से दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। इस दौरान दर्जनों ट्रेक्टर चालक नदी से ट्रेक्टर भगा कर ले जाने में सफल रहे। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को मयूरहंड थाने के हवाले कर दिया गया है। पर खनन निरीक्षक द्वारा जब्त किए गए ट्रेक्टर के खिलाफ कोई लिखित थाना को नहीं दी गई है। वहीं दूसरी ओर खनन विभाग के कार्रवाई के बावजूद थाना क्षेत्र के बडकरीया नदी पेटादेरी, सोकी, नवडीहा, महुगांई घाटों से प्रत्येक दिन सैकड़ों ट्रेक्टर अवैध बालू उत्खनन कर दूसरे जिलों में सफ्लाई निरंतर दिन रात की जा रही है।

## बिजली चोरी के आरोप में पांच पर प्राथमिकी

**टंडवा(चतरा)।** बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने टंडवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शनिवार को छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिजली चोरी करने वाले पांच लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मो. जाहिर खैरका पर 33055 रुपए, राजेश कुमार यादव टंडवा 35342, प्रवीण यादव टंडवा 46511, उमेश यादव 35747 एवं कृष्णा साव के विरुद्ध 20367 रुपए का क्षतिपूर्ति अर्थदंड लगाया गया है। जेई ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जाएगा।

# अगले सत्र से केवी लातेहार में होगी कॉमर्स की पढ़ाई



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** केंद्रीय विद्यालय, लातेहार प्रबंधन समिति की एक बैठक नामित अध्यक्ष के प्रतिनिधि कार्यपालक दंडाधिकारी प्रीति सिन्हा की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी. बैठक में प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने बताया कि अगले सत्र से केवी, लातेहार में कक्षा 11 वीं की कामर्स की पढ़ाई प्रारंभ की जायेगी. उन्होने उक्त कक्षा में फर्नीचर क्रय करने के लिए समिति से अनुमोदन का आग्रह किया. इस पर समिति ने 20 डेस्क क्रय करने का अनुमोदन किया. इसके अलावा कूलर, इन्वर्टर व बैटरी क्रय हेतु अनुमोदन दिया गया. बैठक में विद्यालय परिसर के खेल मैदान में खड़े पेड़ों को काटने पर भी विचार विमर्श किया गया. प्राचार्या ने बताया कि खेल मैदान में पेड़ों के रहने से फुटबॉल व क्रिकेट आदि खेल छात्र नहीं खेल पाते हैं. बड़ा खेल परिसर नहीं होने से छात्रों को परेशनी हो रही है. अंचलाधिकारी को पूर्व में इसे ले कर पत्राचार किया गया है. लेकिन अभी तक हल नहीं निकल पाया है।

**प्रभावित**

## अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक

# सड़क निर्माण में किसान नहीं देंगे जमीन : प्रमोद




**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर प्रस्तावित कूडु से विढ़मगंज तक फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य होना है उक्त फोर लेन सड़क पर प्रखंड के लुकुइया मोड़ से कठपुलिया तक पूरी तरह से नई सड़क (बाईपास) का निर्माण कार्य कराया जाना है उक्त सड़क के निर्माण कार्य से कई गांव प्रभावित होंगे जिसको लेकर चिरो गांव के कई किसान चिंतित नजर आ रहे हैं।इसी आलोक में अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले भाकपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मो अलाउद्दीन ने की। बैठक में उक्त सड़क निर्माण कार्य से प्रभावित होने वाले सैकड़ों किसान मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमोद साहु ने कहा कि नई बाईपास सड़क के निर्माण कार्य में कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण नहीं होना चाहिए अगर ऐसा होता है तो यहाँ के किसानों को बड़ा नुकसान पहुंच सकता है, किसानों की कृषि योग्य भूमि अधिग्रहण के बाद उनके सामने विकट समस्या उत्पन्न होने का डर है। यहां के ज्यादातर किसान कृषि पर ही आश्रित है खेती मजदूरी कर ही वे अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय को भी प्रभावित किसानों ने आवेदन के माध्यम से अवगत करा दिया है। साहु ने कहा कि भूमि अधिग्रहण विधेयक में भी इस बात का जिक्र किया गया है कि विकास के नाम पर कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जा सकता है। यहां के किसानों ने अभिजीत ग्रुप और एस्सार कंपनी को अपनी जमीने प्लांट लगाने के लिए दी थी लेकिन आज तक ना तो दोनों प्लांट चालू हुए और न ही किसानों को उनकी जमीनें वापस की गई है। अपनी जमीन देने के बाद किसान आज दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।श्री साहु ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से यह मांग करते हुए कहा कि चंदवा में नई बाईपास सड़क का निर्माण न करते हुए जिस प्रकार से रांची से कूडु तक पुरानी सड़क का ही चौड़ीकरण कर फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है उसी प्रकार से ही कूडु से उदयपुरा तक पुरानी सड़क का ही चौड़ीकरण करते हुए सड़क का निर्माण कराया जाये। इसमें आमजन को कम नुकसान होने का अंदेशा है।अगर सड़क निर्माण कार्य में कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा तो अखिल भारतीय किसान सभा किसानों के साथ बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाने को बाध्य होगी। बैठक में इंदुभूषण रजक, गोविंद गंझू, मनकू गंझू, सुरेश गंझू, रमेश गंझू, बबलू राम, सुनील गंझू, किशोर गंझू, हरिदेव गंझू, लालदेव उरांव, सुखदेव उरांव, अनिल उरांव समेत सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान

# बाइक के साथ सात तस्कर धराए

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** बालूमाथ में बाइक से हो रहे अवैध कोयला तस्करी पर पुलिसिया चाबुक चला है। बालूमाथ पुलिस ने अवैध कोयला लोड सात बाइक को तस्कर समेत जप्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशअनुसार अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के रोकथाम हेतु छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित की गई। थाना क्षेत्र के जोगियाडीह मोड के पास छापामारी अभियान चलाया गया। उसमें अवैध कोयला परिवहन करते हुए सात मोटरसाइकिल को जप्त किया गया है। साथ ही सात कोयला तस्कर को गिरफ्तार भी किया गया। बालूमाथ थाना में कांड 35/2023हु, 25.02.2023 धारा 379/414 आईपीसी, 21 एमएमडीआर एक्ट, 30(c) कोल माइन्स एक्ट, 13जेएम रूल्स 2017 के धाराओं के तहत दर्ज करते हुए गिरफ्तार सातों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत मे लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त में अभिषेक टोप्पो (19 वर्ष )पिता जोहन तिग्गा , रोहित टोप्पो( 22 वर्ष) पिता जयप्रकाश टोप्पो, विल्सन तिग्गा (23 वर्ष)पिता चिनहस तिग्गा चेताग ग्राम, सुशील भगत (20 वर्ष) पिता रामजीत भगत कीता थाना चंदवा, उपेंद्र राम (30 वर्ष) पिता लालदेव राम, महेंद्र राम (35वर्ष) पिता स्व. अमृत राम गणेशपुर ,जगन्नाथ यादव (32वर्ष) पिता रामधनी यादव ओकीया थाना बालूमाथ के रहने वाले हैं जब्त सात मोटरसाइकिल से कुल 1.5एम टी कोयला जब्त की गई है। पुलिस द्वारा कोयला तस्करों पर कार्रवाई करने पर मोटरसाइकिल से कोयला तस्करी करने वालों पर हड़कंप व्याप्त है। इस छापेमारी अभियान में स.अ.नी. चंद्रशेखर दुबे बालूमाथ , स.अ.नी. रामजी ठाकुर मकईयाटांड़ पीकेट प्रभारी बालूमाथ सशस्त्र बल एवं तेतरिया पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। वहीं इन दिनों चिमनी भठ्ठों में इन अवैध कोयलों का भंडारन धडलले से जारी है। यहाँ तक की चिमनीयों में इन अवैध कोयलों को वजन करने के लिए तराजु उपयोग किया जा रहा है।

NEWS इन ब्रीफ

### साइकिल व मोटरसाइकिल की टक्कर, 3 लोग घायल

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के तिगावल मोड़ के समीप साइकल एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में साइकल सवार बच्ची समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कोटाम के चहरू निवासी बलराम लोहरा पिता ब्रज लोहरा एवं जगदीश लोहरा पिता महेश लोहरा के रुप में हुई है। वहीं साइकल सवार बच्ची की पहचान तिगावल डांडटोली की बरखा केरकेट्टा पिता लासू उरांव के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक चैनपुर से मोटरसाइकिल से अपने गांव कोटाम जा रहे थे तभी तिगावल मोड़ के पास सामने से आ रही साइकल सवार बच्ची का नियंत्रण खो गया और मोटरसाइकिल से टक्कर हो गया। जिसमें तीनों को हाथ पैर एवं सर में चोट लगी इधर स्थानीय ग्रामीणों एवं प्रसाशन की मदद से तीनों को चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका इलाज कर छुट्टी दे दी गई।

### केएनपी स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित

**लोहरदगा।** टंगरा टोली स्थित के ऐन पी स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला के एल डी एम रविन्द्र प्रसाद थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय का मैनेजमेंट बहुत अच्छा है, बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। विद्यालय के संरक्षक लक्ष्मी नारायण मिश्रा ने कहा कि अंधकार को चीरते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़नी चाहिए, तभी मंजिल मिलती है। विद्यालय के चेयरमैन मनोज मिश्रा ने कहा कि नए सत्र से स्कूल में हॉस्टल की सुविधा दी जा रही है साथ ही साथ पियानो और गिटार की कक्षा भी शुरू होगी। इस मौके पर विद्यालय के टीचर्स ज्योत्सना मित्तल, पूर्णिमा कुमारी, खुशी अग्रवाल, सोनी देवी आदि मौजूद थे।

### मृत कांग्रेसी कार्यकर्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**कुरडेग।** विधायक भूषण बाड़ा एवं बीस सुत्री जिला उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार काग्रेंस प्रखंड अध्यक्ष के अगुवाई में कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल स्वः प्रकास कुजूर के परिजनों से मिलकर मृतक को श्रद्धांजलि दी। वहीं परिजनो के साथ हर सम्भव खड़ा रहने का भरोसा जताया। तत्काल परिजनो को दो बोरा चावल, दाल,आलू दीया गया। मौके पर प्रखंड अध्यकक्ष तूलसी खलखो,विधायक प्रतिनीधी शीतल तिर्की, दीपक जयसवाल, परवीन खेस, शमीमअंसारी,जोन कीड़ो आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक

**कोलेबिरा।** शनिवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी कोलेबिरा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी के संदेश को पंचायत स्तर बूथ स्तर तथा जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कांग्रेस पार्टी करेगी। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्षा रोष प्रतिमा सोरेंग, हाथ जोड़ो अभियान प्रभारी फुल केरिया डांग, महिला अध्यक्षा महिमा डांग पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी, पुर्व अध्यक्ष सुनील खड़िया आदि उपस्थित रहे।

### लोहरदगा में करंट से किसान की मौत

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के भठखिजरी गांव में करंट लगने से भठखिजरी निवासी किसान विलियम कुजूर (40) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विलियम कुजूर अपने खेतों में पानी पटवन के लिए गया हुआ था। इसी दौरान वह करंट के संपर्क में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है।

# लापरवाही : सवारी गाड़ियों के छत पर बैठ सरेआम स्कूल जा रहे हैं ये नौनिहाल

### यातायात नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां, प्रशासन मौन





**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रोड सेफ्टी के नियम का सख्ती से पालन कराने का निर्देश है और रोड सेफ्टी के दावे भी किए जाते रहे हैं। लेकिन यह दावे मोटरसाइकिल चेकिंग तक ही सिमट कर रह गई है। सड़क पर बड़े वाहनों में पैसेंजर की ओवरलोडिंग एकदम नहीं रुकी है और ना ही इसे रोकने के प्रयास हो रहे हैं। सरकार ने बसों व अन्य सवारी वाहनों के भीतर सीट के अनुसार ही सवारी बैठाने का निर्देश दिया है लेकिन इसका कहीं भी असर नहीं दिख रहा है। जलडेगा में खुलेआम सवारी गाड़ियों के छतों पर बेतरतीब ढंग से सवारियों को ढोया जा रहा है। जिन्हे देखने वाला कोई नहीं है। रोड सेफ्टी को लेकर सड़कों पर बड़े छोटे सभी बहनों की चेकिंग की जानी है और इसके लिए बड़े छोटे अधिकारियों सबको सड़क पर उतरना है लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा। जिले स्तर पर हो या प्रखंड स्तर में हो पिछले कुछ सालों में शायद ही कोई ऐसा मामला हो जब ओवरलोडिंग को लेकर फाइन हुआ हो। जलडेगा की ग्रामीण सड़कों पर आए दिन यातायात नियमों उल्लंघन रोज दिखता है। जलडेगा से चलने वाली महतो सुपर, संजय सुपर, नाग सुपर, हुड़ी बाबा नामक सवारी गाड़ियों में उपर से लेकर अंदर तक सवारियों को भरकर ओवरलोडिग चलाया जा रहा है। यही नहीं इन सभी गाड़ियों में ज्यादातर स्कूली बच्चों को गाड़ियों के छतों पर बैठाया जाता है। ऐसे में अगर घटना होती है तो बड़े पैमाने पर जान माल का नुकसान होगा लेकिन परिवहन विभाग इस पर मौन है।

#### ओवरलोडिंग पर किसी का ध्यान नहीं

इस ओर संबंधित विभाग के अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। परिवहन विभाग और पुलिस का जोर सिर्फ बड़े वाहनों और मोटरसाइकिल चेकिंग पर ही है। सवारी गाड़ियों की ओवरलोडिंग को अनदेखा किया जा रहा है। पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन नतीजा इसके विपरित देखा जा रहा है।

सवारी गाड़ियों के संचालकों द्वारा थाना के पास ही खुले आम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इस पर लोगों का कहना है पुलिस बाइक चेकिंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने वालों के ऊपर तुरंत कारवाई करते हुए गाड़ी को थाना ले जाती है तो कहीं फाइन कर देती है, लेकिन ऐसे गंभीर मामलों पर नियम कानून कहां चला जाता है?

#### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

मामले पर जलडेगा थाना प्रभारी हीरालाल महतो ने कहा की मामला गंभीर है, किसी के सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जायेगा, सभी गाड़ी चालकों को थाना बुलाया गया है, नियमों का उलंघन करने वालों पर निश्चित रूप से कारवाई की जायेगी।

## सिमडेगा : तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

# भगवा रंग में रंगा तामड़ा गांव

### कलश यात्रा में गूंजे हर-हर महादेव के नारे



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार को ऐतिहासिक भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। कलश यात्रा टभाडीह पालामाडा नदी से शुरू हुई जहां पर ढाई हजार से भी अधिक महिलाओं ने कलश में जल लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए। मौके पर सभी प्रकार वैदिक मंत्रोचार आचार्य सतीश पाठक के द्वारा किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संत उमाकांत जी महाराज उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी लोगों को सामूहिक रूप से जल लेकर संकल्प कराया गया। जिसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई। 5 किलोमीटर की लंबी कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करने के पश्चात शिव मंदिर पहुंची। इससे पूर्व हर हर महादेव के नारे के साथ भगवा रंग में पूरा गांव रंगा नगर आया। सभी लोगों ने जय श्री राम, हर हर महादेव, बोल बम के नारे के साथ पूरा क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना दिया, कलश यात्रा के समापन के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। जहां पर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद वहां पर शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन वेदी पूजन शुरू हुई जिसमें आचार्य सतीश पाठक के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं जबकि यजमान के रूप में मुनीलाल केसरी सपत्नीक, देवेंद्र अग्रवाल सपत्नीक, संजू केसरी सपत्नीक, राहुल मिश्रा सपत्नीक, इसके अलावा जगदीश गोयल के पुत्र एवं पुत्रवधू यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। शिव मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि वेदी पूजन के पश्चात आज सुबह 9:00 बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का प्रारंभ किया जाएगा। जिसके लिए आसपास के दर्जनों कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जलाधिवास, घृताधिवास, शक्कराधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं सायनाधिवास की विधिवत पूजन की जाएगी। जिसके बाद आरती के साथ दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न होगा। वहीं सोमवार को हवन पूजन एवं भंडारे के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के सभी लोगों की सराहनीय भूमिका है।कार्यक्रम में विधि व्यवस्था को लेकर मुख्य रूप से मुफस्सिल थाना प्रभारी देव कुमार दास पूरे दलबल के साथ इसके अलावा पुलिस पदाधिकारी एवं मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है ताकि धार्मिक अनुष्ठान के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना हो। वही कार्यक्रम की विधि व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमडेगा अजय कुमार रजक एवं अंचलाधिकारी प्रताप मिंज आकर निरीक्षण किया।

# सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध को मिली धमकी

### सीएस ने सदर थाना में कराया मामला दर्ज, सुरक्षा की लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) डॉ संजय कुमार सुबोध को प्राइवेट नर्सिंग होम के संचालक ने धमकी दिया है। इस संदर्भ में सिविल सर्जन ने सदर थाना में आवेदन देकर दोषी नर्सिंग होम के संचालक की तत्काल गिरफ्तारी और उन्हें व उनके परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी के अलावे सरकार के अवर सचिव स्वास्थ्य विभाग, अध्यक्ष झासा, अध्यक्ष सचिव आईएमए को भी प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए निवेदन किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय सदर अस्पताल से निजी अस्पताल के दलाल और बिचौलिए मरीजों को बहला कर निजी अस्पताल ले जाते हैं। इस मामले पर लगातार शिकायतें होने की चर्चा आम है। सीएस संजय कुमार सुबोध ने भी इन शिकायतों को गंभीरता से लिया है। सदर थाना में दिए गए आवेदन में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने पुलिस को बताया कि सिटी हेल्थ केयर प्राइवेट नर्सिंग होम के संचालक मो मिन्हाज और उसका पार्टनर मो वारिश जो वार्ड 09 के पार्षद है, ने मेरे साथ गाली गलौज, दुर्व्यवहार, अपशब्द बोलने के साथ मुझे हाथ काट लेने की धमकी दी है। मेरे दाहिना हाथ की तर्जनी उंगली को काट डालने की बात कही है। उक्त दोनों के द्वारा कहा गया है कि तुम्हारे जैसे मैंने कई सिविल सर्जन को देखा है और मैं तेरा गर्दन कटवा दूंगा। उनके द्वारा दी गई धमकी से मैं और मेरा परिवार काफी परेशान हूं। मानसिक तनाव से गुजर रहा हूँ और भयभीत होकर कार्य कर रहा हूँ। सिविल सर्जन ने कहा कि चिकित्सा सेवा आकस्मिक सेवा है। मैं अक्सर अकेले ही आवास से पैदल सदर अस्पताल जाता हूँ। मेरे और मेरे परिवार के साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है और जान माल की हानि हो सकती है। उन्होंने बताया कि दो दिनों पूर्व सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज को रिम्स रेफर किया गया था। बिचौलियों के द्वारा उसे बहला फुसलाकर सिटी हेल्थ केयर ले जाया गया। इस बात की जानकारी मिलने पर हमने उसके संचालक को फोन कर कहा कि दलाल बिचौलियों के माध्यम से गरीबो का दोहन करना ठीक बात नहीं है। कुछ देर बाद बाइक से उक्त नर्सिंग होम के संचालक और पार्टनर आये और मुझे धमकी देने लगे। फिलहाल सिविल सर्जन की शिकायत पर सदर थाने में मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान कर रही है।

# समुदाय विशेष के नाबालिग ने किया नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म

### पीड़िता की मां ने कराया मामला दर्ज, पुलिस ने आरोपी को किया निरुद्ध



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत बकरी चराने गई 9 वर्षीय नाबालिक के साथ गांव के ही गाय चराने गए एक 16 वर्षीय नाबालिक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। परिजनों को सूचना मिलते ही थाने पहुंचकर घटना से थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित नाबालिक की मां ने किस्को थाने में आवेदन देकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता और दुष्कर्मी युवक दोनों अलग अलग समुदाय से है। किस्को थाना प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज कर पूरे मामले की जांच करते हुए पीड़ित नाबालिक की मेडिकल जांच सदर अस्पताल लोहरदगा में कराया। वही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिक को निरुद्ध करते हुए बाल सुधार गृह भेज दिया है। बताया गया कि घटना 22 फरवरी की है। जब नाबालिक सुबह अपने घर के पास कुरसे नदी के समीप बकरी चराने के लिए गई हुई थी तभी समुदाय विशेष का नाबालिक उधर ही गाय चराने पहुंचा और नाबालिक युवती को अकेले देख उसके साथ जबरजस्ती करने लगा और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान उसे किसी को नही बताने की धमकी भी दिया। दो दिन बाद जैसे ही परिजनों को पूरे घटना की सूचना मिली तत्काल थाना पहुंच प्राथमिकी दर्ज करा कर करवाई की मांग करने लगे। पीड़ित के परिजनों के आवेदन के आधार पर किस्को थाना प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को निरुद्ध किया है। पूरे मामले पर किस्को थाना में कांड संख्या 6/23 दिनांक 25.03.2023 धारा आईपीसी 376डी बी, 504, और पोस्को एक्ट 4, 06 दर्ज कर पुलिस करवाई कर रही हैं।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान की उपलब्धि को लेकर हुई बैठक

# लक्ष्य पूर्ति के लिए एक मार्च तक चलेगा मॉपअप राउंड



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर जिला में दिनांक 10-25 फरवरी 2023 तक आयोजित मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में लक्ष्य के आलोक में प्राप्त उपलब्धि पर जिला परिषद सभागार में विचार-विमर्श किया गया। भंडरा प्रखंड की उपलब्धि 81 प्रतिशत और कुडू प्रखंड की उपलब्धि 80 प्रतिशत रही। इस अभियान में कुल जनसंख्या का 72 प्रतिशत लक्षित समूह माना गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छूटे हुए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनांक 27.02.2023 से 01.03.2023 तक मॉप-अप-राउंड चलाया जाएगा। फाइलेरिया की बीमारी वूचेरिया बैन्क्राफ्टी कृमि की वजह से होता है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। क्यूलेक्स मच्छर जमे हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं। डीईसी एवं अलबेण्डाजोल गोली की एक खुराक वर्ष में एक बार खिलाने पर 80-90 प्रतिशत तक इस बीमारी के प्रसार पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस बीमारी का डाइग्नोसिस करना आसान नहीं है,जब तक कि किसी अंग को डिफॉर्म नही कर देता है। अतः बीमारी से बचाव के लिए दवा सभी को दी जाती है।

बैठक में निदेश दिया गया कि 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अलबेण्डाजोल और डीईसी की दवा नहीं देना है। 1-2 वर्ष की उम्र के बच्चों को डीईसी की गोली नहीं देना है। वहीं अलबेण्डाजोल की आधी गोली को चूर्ण कर पानी में मिलाकर देना है। 2-5 वर्ष के बच्चे को डीईसी की 1 गोली चूर्ण कर और अलबेण्डाजोल की 1 गोली देना है। 6-14 वर्ष के बच्चों/किशोरों को डीईसी की 2 गोलियां और अलबेण्डाजोल की 1 गोली देना है। 15 वर्ष तथा उससे अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की 3 गोलियां और अलबेण्डाजोल की 1 गोली देना है। गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को डीईसी और अलबेण्डाजोल की गोली नहीं देना है। फाइलेरिया की दवा किसी भी स्थिति में खाली पेट नहीं देना/नहीं खाना है। बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रशांत चौहान, मलेरिया निरीक्षक, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला भीबीडी सलाहकार, सभी प्रखण्डों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड लेखा प्रबंधक समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : संकुल स्तरीय प्रचार-प्रसार कार्यशाला का आयोजन, शशिधर ने कहा-

# प्रचार-प्रसार में समाचार पत्रों की अहम भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा संकुल स्तरीय प्रचार प्रसार कार्यशाला का आयोजन मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि के रूप में संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सोशल मीडिया के प्रभाव के दौर में भी समाचार पत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाचार पत्रों के माध्यम से कोई भी विषय कई मानकों से गुजरते हुए विश्वसनीयता के साथ समाज में आते हैं। वही सोशल मीडिया का अपना महत्व है किंतु यहां कई प्रकार की सावधानियां जरूरी हैं। विद्या भारती योजना में प्रचार प्रसार महत्वपूर्ण विभाग बनाया गया है जिसके माध्यम से विद्या भारती के विद्यालयों की गतिविधियां समाज के लोगों तक पहुंचती हैं। कार्यशाला की 3 सत्रों में अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें लोहरदगा संकुल के 7 विद्यालयों में से 1 दर्जन से अधिक प्रचार प्रसार प्रमुख शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रथम सत्र में प्रचार प्रसार विभाग के संकुल प्रमुख विमलेश कुमार तिवारी ने प्रचार प्रसार की आवश्यकता और महत्व को बताया जबकि द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने न्यूज कंटेंट तैयार करने में आवश्यकताओं और सावधानियों एवं सही चित्र का चयन करने पर जानकारी दी' तृतीय सत्र में महाविद्यालय की शिक्षिका और सोशल मीडिया की गुमला विभाग की प्रमुख नीतू कुमारी ने सोशल मीडिया का उपयोग और सावधानियों पर पीपीटी माध्यम से जानकारी दी। कार्यशाला में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय प्रचार प्रसार विभाग की ओर से प्रचार प्रसार संबंधी प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें प्रचार प्रसार संबंधित सभी प्रकार की पंजी और पत्रिकाओं को प्रदर्शित किया गया। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने अतिथियों का स्वागत और परिचय कराया। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त संकुल प्रमुख और विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, शिशु विद्या मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर कुमार, श्वेता संदेश, त्रिलोचन साहू, गणेश साहू, धनोज कुमार, सुकेश साहू सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख रश्मि साहू और धन्यवाद ज्ञापन संकुल प्रचार प्रसार प्रमुख विमलेश कुमार तिवारी ने किया।

## गिरदा पुलिस को 15 दिनों के अंदर मिली दूसरी सफलता

# 10 डिसमिल जमीन में लगी अफीम फसल को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
बानो सर्किल के गिरदा थाना क्षेत्र के खिजुरबहार निवासी राजेश जड़िया के खेत में लगे अफीम की फसल को गिरदा पुलिस ने नष्ट कर दिया। मालूम हो कि खिजुरबहार में अफीम की खेती की जा रही है। इसी सूचना पर गांव जा कर पुलिस अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। इस मामले में एक ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि गिरदा थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार उपाध्याय की यह दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इस माह पहले भी अफीम की खेती का उद्भेदन कर नशे के सौदागर के मनशुबे पर पानी फेर दिया। बताते चलें कि गिरदा थाना क्षेत्र के झारखंड उड़ीसा सीमा के ग्रामीणों को मौत के सौदागर विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर उनसे अफीम की खेती करवाते हैं। वहीं मामले का उद्भेदन होने पर बड़ी ही चालाकी से अपना पल्ला झाड़ते हुए निकल जाते हैं। जिससे कार्य में लगे मुख्य आरोपी बच जाते है। वहीं थाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से नशे के सौदागर के पैर उखाड़ कर रहेंगे।

## कर्ज में फंसे देशों की मदद पर चर्चा

**बेंगलुरु।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यहां विश्व बैंक प्रमुख डेविड मलपास और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक (एमडी) क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के साथ गोलमेज परिचर्चा के दौरान कर्ज में फंस रहे देशों का मुद्दा उठाया और इस मुद्दे पर मिलकर काम करने का आह्वान किया। जी 20 वित्त मंत्री एवं केन्द्रीय बैंक गवर्नरों की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने आये इन दोनों के साथ आज यहां गोलमेज बैठक आयोजित की गयी। सीतारमण ने ऋणदाताओं के बारे में जानकारी रखने के साथ ही इस चुनौतियों को लेकर एकमत होने और इसके समाधान पर जोर दिया।

# अमीरों की लिस्ट में 33वें पायदान पर पहुंचे अडानी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूएस की रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग का कहर अडानी ग्रुप पर इस कदर पड़ा कि वे अमीरों की लिस्ट में आसमान से सीधे जमीन पर आ गिरे। इसके बाद भारतीय अरबपति गौतम अडानी को एक के बाद एक बड़े झटके लगे। उनके लिए साल 2023 बहुत ही खराब साबित हो रहा है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट 24 जनवरी को सामने आई थी, उसके अगले ही दिन से अमीरों की लिस्ट में गौतम अडानी नीचे खिसकते जा रहे हैं। पहले अडानी टॉप-10, फिर टॉप-20 और अब टॉप 30 की लिस्ट से भी आउट हो गए हैं। गौतम अडानी ने साल 2022 में जितना कमाया था, उससे ज्यादा 2023 में गंवा दिया है। गौतम अडानी नेट वर्थ में तेजी से आ रही गिरावट से अब उनका अमीरों की लिस्ट से दबदबा कम होता जा रहा है। साल 2022 में गौतम अडानी ताबड़तोड़ कमाई करते हुए विश्व के दूसरे नंबर के अमीर व्यक्ति बन गए थे और साल खत्म होते-होते वे चौथे नंबर पर आ गए। नए साल में उम्मीद जताई जा रही थी कि गौतम अडानी इस वर्ष भी अमीरों की लिस्ट में और ऊपर छलांग लगाएंगे, लेकिन साल के पहले महीने जनवरी में अमेरिका की एक रिपोर्ट सामने आई और उनकी सारी तस्वीर बदल गई। इस साल वे दौलत कमाने के मामले में नहीं बल्कि दौलत गंवाने के मामले में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। इसके बाद गौतम अडानी अमीरों की लिस्ट में 33वें पायदान पर पहुंच गए। अगर गौतम अडानी की संपत्ति की बात करें तो नए साल की शुरूआत से लेकर अबतक उनकी करीब 81 अरब डॉलर की संपत्ति जा चुकी है। गौतम अडानी की नेटवर्थ अब केवल 35.3 अरब डॉलर ही बची है। वहीं, सितंबर 2022 में उनकी नेटवर्थ 150 अरब डॉलर थी। एशिया के सबसे रईस इंसान का ताज भी गौतम अडानी के पास छिन गया है, जबकि अब ये ताज रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की सिर पर सज गया है। अब दोनों भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में अंतर की बात करें तो फोर्ब्स के अनुसार, मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 84.1 अरब डॉलर है। इसके साथ वे टॉप-10 अमीरों में आठवें पायदान पर काबिज हैं। गौतम अडानी की तुलना में मुकेश अंबानी की संपत्ति 48.8 अरब डॉलर अधिक हो गई है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्ताहांत पर लंदन ब्रेंट क्रूड 0.95 प्रतिशत की बढ़त लेकर 82.99 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.93 प्रतिशत चढ़कर 76.09 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## सोने-चांदी में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सराफा बाजार में इस हफ्ते की शुरूआत, यानी 20 फरवरी को सोना 56,587 रुपए पर था जो अब 25 फरवरी को 55,957 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 630 रुपए कम हुई है। 2 फरवरी को सोना अपने ऑल टाइम हाई पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, तब सोना 58 हजार 882 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था।

कार्यालय नगर परिषद विश्रामपुर

शुद्धि पत्र

नगर परिषद, विश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित आम सूचना जिसका PR 291179 District(22-23)_D है। उक्त आम सूचना के क्रम सं0 05 में कुल रिक्तियाँ 02 पद के स्थान पर 01 (एक) पद पढ़ा जाय।

शेष सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR 291273 (District) 22-23 (D)

### नकदी संकट से जूझ रही पाकिस्तान

# अब कर्मचारियों का वेतन रोका



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

नकदी संकट से जूझ रही पाकिस्तान सरकार ने महालेखाकार को मौजूदा आर्थिक संकट के कारण वेतन समेत अन्य खर्चों को मंजूरी नहीं देने का निर्देश दिया है। 'द न्यूज इंटरनेशनल' ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया है कि वित्त व राजस्व मंत्रालय ने पाकिस्तान के महालेखाकार (एजीपीआर) को अगली सूचना तक संघीय मंत्रालयों/डिवीजनों और संबद्ध विभागों के सभी बिलों को मंजूरी देने पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया है। समाचार पत्र ने बताया कि परिचालन लागत से संबंधित रिलीज को मुख्य रूप से देश के सामने आर्थिक कठिनाई के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार कुछ सप्ताह पहले 2.9 बिलियन अमरीकी डालर के चिंताजनक स्तर पर पहुच गया था यह अब 4 बिलियन अमरीकी डॉलर के करीब पहुंच गया है। पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से वित्त पोषण की 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वित्त मंत्री इशाक डार से जब अखबार ने इस मसले पर टिप्पणी के लिए संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि यह असत्य हो सकता है लेकिन उन्होंने साथ ही पुष्टि के बाद सही स्थिति की जानकारी देने का वादा किया। सूत्रों ने कहा कि वे अपने बकाया बिलों को मंजूरी देने के लिए एजीपीआर कार्यालय गए थे लेकिन उन्हें सूचित किया गया कि वित्त मंत्रालय ने उन्हें मौजूदा कठिन वित्तीय स्थितियों के कारण वेतन सहित सभी बिलों को मंजूरी देने से रोकने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार हालांकि सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है कि बिलों की मंजूरी को तत्काल आधार पर क्यों रोका गया। रक्षा से जुड़े संस्थानों के वेतन और पेंशन को पहले ही अगले महीने के लिए मंजूरी दी जा चुकी है। वित्त मंत्री डार ने 22 फरवरी को रोथ्सचाइल्ड एंड कंपनी के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान कहा था कि सरकार अर्थव्यवस्था को स्थिरता और वृद्धि की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आईएमएफ कार्यक्रम को पूरा करने और सभी अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आईएमएफ की किस्त को अनलॉक करने की डार की प्रतिबद्धता 20 फरवरी को दिखी थी जब नेशनल असेंबली ने सर्वसम्मति से वित्त (पूरक) विधेयक 2023 या ₹मिनी बजट₹ को मंजूरी दी थी। यह कदम आईएमएफ से वित्त पोषण की मांग के लिए अनिवार्य था। विधेयक में कारों और घरेलू उपकरणों से लेकर चॉकलेट व सौंदर्य प्रसाधनों तक के आयात पर बिक्री कर 17 से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। सामान्य बिक्री कर को 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। विधेयक पारित होने के बाद मंत्री ने संसद के निचले सदन में कहा, "प्रधानमंत्री अगले कुछ दिनों में मितव्ययिता के उपायों की भी घोषणा करेंगे." उन्होंने कहा, "हमें कठिन फैसले लेने होंगे। देश की साप्ताहिक मुद्रास्फीति में 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान पिछले हफ्ते की तुलना में 2.78% बढ़ी जबकि वार्षिक आधार पर इसमें 41.54 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। पाकिस्तान सरकार ने आईएमएफ के 6.5 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज के तहत 1.5 बिलियन डॉलर का किस्त हासिल करने के लिए गैस की कीमतों को 147.57 रुपये से बढ़ाकर 295 रुपये कर दिया है। विश्लेषकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि सरकार के इस फैसले से मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ेगा क्योंकि सरकार ने आईएमएफ से मदद हासिल करने के लिए बिजली, पेट्रोलियम और गैस की कीमतों में समायोजन किया है। उपभोक्ता आवश्यक वस्तुओं, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के बोझ तले पहले से दबे हुए हैं।

## अब एरिक्सन में जाएगी 8500 लोगों की नौकरी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरण निमार्ता एरिक्सन लागत में कटौती के लिए तहत वैश्विक स्तर पर 8,500 कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। कंपनी ने स्वीडन में लगभग 1,400 नौकरियों में कटौती की योजना की घोषणा की है। छंटनी की घोषणा के साथ एरिक्सन प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों के कारण हजारों नौकरियों में कटौती की घोषणा करने वाली कंपनियों गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसे दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो गया है। एरिक्सन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बोरजे एखोल्म ने कर्मचारियों को भेजे एक ज्ञापन में लिखा है, कर्मचारियों की संख्या में कमी का प्रबंधन अलग-अलग देशों में अलग-अलग तरीके से किया जाएगा। कई देशों में कर्मचारियों की संख्या में कटौती की सूचना पहले ही दी जा चुकी है। एरिक्सन में दुनिया भर में 105,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। कंपनी ने यह घोषणा नहीं की है कि किस क्षेत्र में सबसे अधिक छंटनी होगी। हालांकि विश्लेषकों ने पहले आशंका जतायी थी कि छंटनी से उत्तरी अमेरिका सबसे अधिक प्रभावित होगा।

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला
समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
Email- mdmloh@rediffmail.com, lohardagamdm@gmail.com

शुद्धि पत्र

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत् लोहरदगा जिला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए लोहरदगा जिला के लोहरदगा प्रखण्ड में अवस्थित राज्य खाद्य निगम गोदाम से लोहरदगा प्रखण्ड के विद्यालयों तक सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम 42.50 (बियालीस रूपये पचास पैसे) मात्र प्रति क्विंटल की दर सीमा अंतर्गत, जो वर्ष 2022–23 तक मान्य होगा के लिए दिनांक 21.02.2023 के समाचार प्रकाशन के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसका PR 290717 Lohardaga(22-23)D है। उक्त प्रकाशन में टंकण भूलवश लोहरदगा प्रखण्ड के स्थान पर सभी प्रखण्ड अंकित हो गया है।

उपरोक्त के आलोक में सभी प्रखण्ड के स्थान पर प्रखण्ड लोहरदगा पढ़ा जाय तथा शेष शर्तें/कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक
लोहरदगा

PR 291290 Lohardaga (22-23)_D

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोस्ट बजट वेबिनार को किया संबोधित

# बजट शिक्षा-कौशल विकास को देगा बढ़ावा : मोदी



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अगले वित्त वर्ष के बजट को शिक्षा प्रणाली को अधिक व्यावहारिक और उद्योगोन्मुख बनाकर उसकी बुनियाद को मजबूत करने वाला बताया और कहा कि कौशल एवं विकास, भारत के अमृत काल के दौरान दो प्रमुख उपकरण हैं तथा ये युवा ही हैं, जो विकसित भारत का सपना लेकर देश की अमृत यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। मोदी ने हार्नेसिंग यूथ पॉवर- स्किलिंग एंड एजुकेशन (युवाशक्ति का सदुपयोगझनिपुणता और शिक्षा) पर बजट-उपरांत तीसरे वेबिनार को आज सम्बोधित किया। केंद्रीय बजट 2023 में घोषित होने वाली पहलों के कारगर क्रियान्वयन के लिये सुझाव और विचार आमंत्रित करने के क्रम में सरकार द्वारा आयोजित 12 बजट-उपरांत वेबिनारों में से यह तीसरा वेबिनार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कौशल और विकास, भारत के अमृत काल के दौरान दो प्रमुख उपकरण हैं तथा ये युवा ही हैं, जो विकसित भारत का सपना लेकर देश की अमृत यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। अमृत काल के पहले बजट में युवा और उनके भविष्य पर दिये जाने वाले विशेष बल को रेखांकित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट शिक्षा प्रणाली को अधिक व्यावहारिक और उद्योगोन्मुख बनाकर उसकी बुनियाद को मजबूत करता है। उन्होंने पिछले वर्षों में शिक्षा प्रणाली में लचीलेपन के अभाव पर अफसोस प्रकट किया और इसमें बदलाव लाने के लिये सरकार द्वारा किये जाने वाले प्रयासों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, युवाओं की सहज योग्यता और भविष्य की मांग को ध्यान में रखकर शिक्षा और निपुणता को नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंग के रूप में शिक्षा और निपुणता, दोनों पर समान जोर दिया जा रहा है तथा उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस पहल से शिक्षकों का समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अतीत के नियम-कानून के बोझ से छात्रों को मुक्त करने के साथ-साथ सरकार शिक्षा और कौशल विकास सेक्टरों में आगे और सुधार करेगी। कोविड महामारी के दौरान के अनुभवों को मद्देनजर रखते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी नये स्वरूप की कक्षायें बनाने में मदद कर रही है। सरकार उन उपायों पर गौर कर रही है, जो हर स्थान से ज्ञान तक सुगमता सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वयम नामक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का उदाहरण दिया, जिसके 3 करोड़ सदस्य हैं।

## बैंक ने फिक्स डिपॉजिट पर बढ़ाई ब्याज दर

**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने भी अब अपने ग्राहकों को खुश कर दिया है। एचडीएफसी के बाद अब आईसीआईसीआई बैंक ने भी सावधि जमा यानी फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरों में इजाफा कर दिया है। बैंक ने नई दरों को अपनी साइट पर अपडेट कर दिया है और यह दरें 24 फरवरी 2023 से लागू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार बैंक ने बल्क एफडी पर ब्याज दरों में 0.25 बेसिस प्वाइंट से ब्याज दर में बढ़ोतरी की है। बैंक का कहना है कि वरिष्ठ नागरिकों को 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज दरें दी जा रही हैं जबकि सामान्य नागरिकों के लिए 6.9 प्रतिशत की दर से ब्याज दर दी जा रही है। बैंक दावा है कि बैंक की रेटिंग अअअ है और यह काफी विश्वसनीय बैंक है।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, मेदिनीनगर पलामू

गुमशुदा



गुमशुदा बसंती देवी उम्र–35 वर्ष, पति–श्रवण यादव एवं बबीता कुमारी उम्र–16 वर्ष, कबीता कुमारी उम्र–08 वर्ष, रबीता कुमारी उम्र–07 वर्ष अभिषेक कुमार उम्र–05 वर्ष सभी पिता–श्रवण यादव थाना पाटन जिला पलामू के रहने वाली है। बसंती देवी के पती श्रवण यादव के के द्वारा बताया गया की इनके पत्नी एवं चार बच्ची और एक बच्चा गुम हो गये हैं। जो आज तक लौटकर घर नहीं आये हैं। जिसका हुलिया निम्न प्रकार है:–1. बसंती देवी रंग–सांवला, चेहरा गोला लम्बाई 05 फीट 03 ईन्च, बाल काला, पहनावा हल्की ब्लू रंग की साड़ी पहनी हुई है 2. बबीता कुमारी रंग–सांवला चेहरा–गोला लम्बाई–करीब 05 फीट बाल काला पहनावा–लाल रंग की सूट पहनी हुई है 3. कबीता कुमारी रंग–सांवाला चेहरा–गोला लम्बाई–करीब 04 फीट बाल–काला पहनावा–ब्लू रंग का फ्रॉक पहनी हुई है 4. रबीता कुमारी रंग–सांवला चेहरा–गोला लम्बाई करीब 03 फीट 05 ईन्च पहनावा–ब्लू रंग की फ्रॉक पहनी हुई है एवं 5. अभीषेक कुमार रंग–सांवला चेहरा–गोला लम्बाई करीब 02 फीट 05 ईन्च बाल काला पहनावा–ब्लू रंग का चेक दार शर्ट पैन्ट पहने हुए है। इस संबंध में पाटन थाना कांड किया गया है। उपरोक्त सभी गुमशुदा के संबंध में किसी प्रकार का कोई सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पाटन थाना प्रभारी के मोबाईल नं0–6205887259 पर सूचित करें।

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 291231 District (22-23)_D

## बिजनेस कैप्सूल

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 11 हफ्ते के निचले स्तर पर

# 5100 पायलट-क्रू की भर्ती करेगी एअर इंडिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा समूह की विमानन कंपनी एअर इंडिया इस साल पायलट समेत 5,100 लोगों को भर्ती करेगी।?कंपनी ने शुक्रवार को कहा, कुल भर्तियों में पायलट की संख्या 900 होगी।?वहीं, 4,200 केबिन क्रू को भी नौकरी दी जाएगी।?कंपनी ने कहा, मई, 2022 से फरवरी, 2023 के बीच उसने 1,900 केबिन क्रू की भर्ती की थी। कंपनी ने हाल में 470 एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया है। वह आगे भी बड़ी संख्या में भर्ती करेगी।

**देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटा**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 5.681 अरब डॉलर घटकर 11 माह के निचले स्तर 561.26 अरब डॉलर पर आ गया।?यह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट है।?इससे पिछले सप्ताह में यह 8.319 अरब डॉलर कम होकर 566.948 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाली विदेशी मुद्रा संपत्ति 17 फरवरी वाले सप्ताह में 4.515 अरब डॉलर घटकर 496.072 अरब डॉलर रह गई।? इस दौरान देश का स्वर्ण भंडार 1.045 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 41.817 अरब डॉलर रह गया। विशेष निकासी अधिकार भी 8.7 करोड़ डॉलर घटा है।

## एनटीपीसी ने दिया 4,121 करोड़ लाभांश

नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) ने 2022-23 में शेयरधारकों को 4,121.08 करोड़ लाभांश दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया, इसने 42.50 रुपये प्रति शेयर चुकता पूंजी के हिसाब से दिया। यह लगातार 30वां साल है, जब कंपनी ने लाभांश दिया है। सरकार को उम्मीद है कि देश में इलेक्ट्रॉनिक चिप विनिर्माण संयंत्रों का निर्माण शुरू करने के लिए इस साल दो आवेदनों को मंजूरी दी जाएगी। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा, इलेक्ट्रॉनिक चिप व्यवसाय में मंदी की वर्तमान स्थिति का भारत के सेमीकंडक्टर कार्यक्रम पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। 2023 में मोबाइल फोन निर्यात में एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करेंगे।

## मारुति इग्निस 27 हजार रुपये तक महंगी

मारुति ने इग्निस की कीमत 27,000 रुपये तक बढ़ा दी है। शुक्रवार को कंपनी ने बताया कि इस मॉडल में अतिरिक्त सुरक्षा के उपाय हैं। अलग-अलग मॉडलों पर कीमतें बढ़ी हैं। सबसे ज्यादा 27 हजार तक बढ़ी है।

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।
(अभियंत्रण कोशांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id:lohardagazilaparisad@gmail.com

ई–निविदा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या –45/2022–23 दिनांक 24.02.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पेषरार | पंचायत सिरम के ग्राम कुरसेमेंगाला नदी पर पुल निर्माण | 8911000.00 | 10000.00 | 178300.00 | 06(छः) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02.03.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 09.03.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 10.03.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 11.03.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट –1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Canमें निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईटhttps://jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 291241 Lohardaga(22-23)D

# खालिस्तानः चुप क्यों हैं सारे लौहपुरुष ?




**पंजाब** के अजनाला थाने पर सिख कट्टरपंथियों का कब्जा और हमला एकबारगी फिर समूचे राज्य को थर्रा गया है। देश-विदेश में भी इसकी खूब चर्चा हो रही है। गौरतलब है कि 23 फरवरी को 'वारिस पंजाब दे' के मुखिया अमृतपाल सिंह खालसा और उसके सैकडों समर्थकों ने अपने एक साथी की रिहाई (उस मामले में अमृतपाल खुद भी नामजद है) के लिए श्री गुरुग्रंथ साहिब की आड़ लेकर अजनाला थाने पर कब्जा कर लिया। उस वक्त वहां आला पुलिस अधिकारियों की अगुवाई में छह जिलों की पुलिस तैनात थी। लेकिन अमृतपाल सिंह खालसा के साथियों के हिंसक तेवरों के बाद समूची पुलिस तितर-बितर हो गई और तमाम पुलिसिया बंदोबस्त धरे के धरे रह गये। तत्काल राज्य सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा। पुलिस साफ तौर पर अमृतपाल सिंह के आगे बेबस नजर आई। इसमें पचास से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तलवारों से जख्मी कर दिया गया। घटना के चौबीस घंटों के बाद भी पुलिस ने इस बाबत किसी 'अज्ञात' पर भी मामला दर्ज नहीं किया। सबसे बड़ा सवाल इस बात को लेकर उठ रहा है कि खुलेआम अलगाववादी खालिस्तान की मांग करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भगवंत मान को ललकारने वाले अमृतपाल सिंह खालसा ने इस तरह पवित्रतम श्री गुरुग्रंथ साहिब की आड़ क्यों ली? क्या यह 'बेअदबी' नहीं? श्री अकाल तख्त साहिब के मुख्य जत्थेदार सहित तमाम अन्य तख्त साहिबों के जत्थेदार, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी), खुद को सिखों का तथाकथित अभिभावक और प्रवक्ता कहने वाला शिरोमणि अकाली दल (बादल), सांसद सिमरनजीत सिंह मान सरीखे गरमख्याली पंथक नेता--जिन्होंने अतीत में हो चुकी 'बेअदबी' की घटनाओं पर खूब 'सक्रियता' दिखाई और तीखी से तीखी बयानबाजी की लेकिन अजनाला में श्री गुरुग्रंथ साहिब की पालकी की आड़ में इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने की बाबत ये सब खामोश क्यों हैं? श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह और एसजीपीसी प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी से इस बाबत फोन पर पूछना चाहा तो दोनों के फोन बंद मिले। दोनों के कुछ करीबियों के अनुसार इस घटना के बाद वे भी 'मंथन' में हैं। फिलहाल शिरोमणि अकाली दल प्रधान और सांसद सुखबीर सिंह बादल तथा अमृतसर अकाली दल के प्रधान एवं सांसद सिमरनजीत सिंह मान भी प्रकरण के इस पहलू पर खामोश हैं। शिरोमणि अकाली दल के एक वरिष्ठ नेता नाम नहीं देने की शर्त पर कहते हैं कि अस्सी के दशक में जैसे अलगाववादी नेता संत जरनैल सिंह भिंडरांवाला ने श्री अकाल तख्त साहिब मैं पनाह लेकर खुद को महफूज कर लिया था, ठीक वैसे ही अमृतपाल सिंह खालसा श्री गुरुग्रंथ साहिब की आड़ लेकर यह सब कुछ कर रहा है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह कहते हैं, 'अजनाला की घटना गंभीर चिंता का विषय है। अमृतपाल सिंह का वहां पालकी साहिब के साथ पहुंचना स्वीकार्य नहीं है। अजनाला घटना में विशेष पैटर्न था, जोकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। केंद्र और राज्य सरकार को इसका विशेष संज्ञान लेना चाहिए।' जबकि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के अनुसार, 'श्री गुरु ग्रंथ साहिब की आड़ लेकर अजनाला थाने पर कब्जा एक खतरनाक घटना है।' पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान इन पंक्तियों को लिखे जाने तक अजनाला प्रकरण पर खामोशी अख्तियार किए हुए हैं। उनका कोई मंत्री भी इतनी संवेदनशील घटना के बाद भी कुछ नहीं बोला है। अजनाला पुलिस थाने पर अमृतपाल सिंह के कब्जे के बाद यकीनन पुलिस बल का मनोबल टूटा है। राज्य में यह संदेश भी जा रहा है कि अब अमृतपाल सिंह और उसके साथियों पर 'हाथ' डालना फौरी तौर पर नामुमकिन है। घटना के एक दिन पहले तक जो अमृतपाल सिंह खालसा एक व्यक्ति के अपहरण और उसे जानलेवा यातनाएं देने के मामले में वांछित था; अब वह पुलिस को नहीं चाहिए! उसके गिरफ्तार साथी लवप्रीत सिंह तूफान की भी रिहाई कर दी गई है। अब इस मामले की जांच एक एसआईटी करेगी और जिसका मकसद (भरोसेमंद सूत्रों के मुताबिक) अमृतपाल सिंह और तूफान का नाम केस से हटाना है। पंजाब के बरकरार अमन-सद्भाव के लिए यह घटना कतई शुभ संकेत नहीं!

**अजनाला प्रकरणः किसकी साजिश, केंद्र चुप क्यों? :** अजनाला से पाकिस्तान का बॉर्डर महत 20 किलोमीटर दूर है। वहां बीएसएफ तैनात है। बीएसएफ की कार्रवाई का दायरा 150 किलोमीटर तक है। जब पंजाब पुलिस हालात संभाल नहीं पाई तो बीएसएफ वहां क्यों नहीं पहुंची। अभी तक अलगवावादी रुझान रखने वाले खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह खालसा को न पकड़ा जाना क्या बताता है। अब यह शीशे की मानिंद साफ है कि पंजाब के जिले अमृतसर के तहत आते कस्बेनुमा शहर अजनाला में जो कुछ हुआ वह किसी 'गहरी साजिश' के तहत अंजाम दिया गया। जिस तरीके से 'वारिस पंजाब दे' के तथाकथित मुखिया अमृतपाल सिंह खालसा ने श्री गुरुग्रंथ साहब की आड़ में इसे सिर चढ़ाया, उसने कई सरगोशियों को दरपेश किया है। थाने पर कब्जा मामूली बात नहीं। गौरतलब है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को रोका जा सकता था। 'दुर्भाग्यपूर्ण' शब्द इसलिए कि अल्पसंख्यकों और धर्मनिरपेक्ष सिखों के बीच पूरे प्रकरण की बाबत निहायत गलत संदेश गया है। अमृतपाल सिंह खालसा और उसके समर्थकों ने अजनाला के जिस थाने पर कब्जा किया, वह भारत-पाकिस्तान सीमा से महज बीस किलोमीटर की दूरी पर है। गौरतलब है कि पंजाब के तमाम सरहदी जिलों में बीएसएफ तैनात है और उसका दायरा 150 किलोमीटर तक कार्रवाई का है। पहले यह दायरा न्यूनतम था लेकिन जब बढ़ाया गया तो राज्य में इसका खूब विरोध हुआ था। अब पूछा जा रहा है कि अगर पंजाब पुलिस नाकाम रही तो बीएसएफ वहां क्यों नहीं गई? जबकि वह तमाम घटनाक्रम पर निगाह रखे हुए थी। पंजाब पुलिस राज्य शासन-व्यवस्थ के तहत काम करती है और बीएसएफ यानी केंद्रीय सुरक्षा बल केंद्र के मातहत है। पंजाब पुलिस कतिपय वजहों से बेबस थी तो बीएसएफ को कहा जा सकता था। लेकिन अजनाला प्रकरण में ऐसा कुछ नहीं किया गया। सवाल मौंजू है कि क्यों ऐसा नहीं किया गया? अजनाला पुलिस स्टेशन के सामने से श्री गुरुग्रंथ साहिब की पालकी हटा ली गई थी और अमृतपाल सिंह खालसा थाने के भीतर एसएचओ की कुर्सी पर बैठकर आला पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर रहा था। उसी थाने में, जहां उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया और उसके एक साथी की गिरफ्तारी हुई। बाद में उसे रिहा भी कर दिया गया। मुकदमे में से अमृतपाल सिंह खालसा का नाम हटाने की कवायद भी जारी है। पुलिस का तर्क यह है कि कोई गवाह सामने नहीं है।

**मैं पागल नहीः वरिंदर सिंह :** जिस मामले को लेकर इतना बड़ा कांड पंजाब में हुआ, वह उस शिकायतकर्ता वरिंदर सिंह की बाबत है जिसे अब पुलिस और अमृतपाल सिंह खालसा 'पागल' करार दे रहे हैं। यानी एकदम सुनिश्चित किया गया कि वरिंदर सिंह 'पागल' है! अब उसने बाकायदा वीडियो जारी करके पूछा है कि उसे किस डॉक्टर ने पागल करार दिया है? उसका कहना है, मैं अगर पागल हूं तो मेरी बातों को क्यों गंभीरता से लिया गया और इतना बवाल खड़ा किया गया।

## एक नजर इधर भी

# जानमाल का सर्वाधिक नुकसान

**रूस-यूक्रेन** युद्ध में अब तक जानमाल का सर्वाधिक नुकसान भले यूक्रेन को हुआ हो लेकिन प्रतिष्ठा का नुकसान सर्वाधिक रूस को हुआ है। रूसी सेना के हाथ से कई जीते हुए इलाके निकल गये और रूसी सेना की रणनीतियां भी कई मोर्चों पर नाकामयाब रहीं। रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल पूरा हो गया है। इस युद्ध ने दोनों देशों को बड़ा नुकसान पहुँचाया है। दोनों देशों के लगभग डेढ़ लाख सैनिक मारे गये हैं, यूक्रेन में बमबारी से हजारों इमारतें और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान जमींदोज हो चुके हैं, हजारों लोग मारे गये हैं, लाखों लोग यूक्रेन छोड़कर अन्य देशों में शरणार्थी जीवन जीने को मजबूर हो गये हैं, जिस युद्ध का परिणाम एक सप्ताह में ही निकल आने की उम्मीद थी वह एक साल तक खिंच चुका है और अभी यह पता नहीं है कि यह कितना लंबा खिंचेगा। देखा जाये तो यह युद्ध अब रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध रह ही नहीं गया है। बल्कि यह रूस और पश्चिमी देशों के बीच का युद्ध है जिसमें माध्यम की भूमिका यूक्रेन निभा रहा है। इस युद्ध से सिर्फ यही दो देश प्रभावित हुए हों, ऐसा नहीं है। इस युद्ध की वजह से सप्लाई चेन बाधित हुई है जिसका असर पूरी दुनिया झेल रही है। दुनिया भर में तेल, गैस और अन्य वस्तुओं की महंगाई बढ़ गयी है जिससे पहले ही महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्थाएं और दबाव झेलने को मजबूर हो गयी हैं। युद्ध के परिदृश्य पर गौर करें तो यूक्रेन को सिर्फ अमेरिका ही नहीं बल्कि यूरोप के 27 नाटो राष्ट्र भी पूरी मदद दे रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कीव के दौरे पर आये थे। उनसे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इम्नुएल मैक्रों, जर्मन चासंलर ओलफ शुल्ज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी कीव जाकर वोलोदोमीर जेलेंस्की की पीठ थपथपा चुके हैं और उन्हें अपना समर्थन जता चुके हैं। देखा जाये तो इस युद्ध में अब तक जानमाल का सर्वाधिक नुकसान भले यूक्रेन को हुआ हो लेकिन प्रतिष्ठा का नुकसान सर्वाधिक रूस को हुआ है। रूसी सेना के हाथ से कई जीते हुए इलाके निकल गये, रूसी सेना की रणनीतियां कई मोर्चों पर नाकामयाब रहीं, रूसी सेना के बड़े-बड़े कमांडर युद्ध में मारे गये, युद्ध के बीच में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सैन्य नेतृत्व में बदलाव तक करने पड़ गये, जो रूस दुनिया के कई देशों को हथियार देता है उसे ईरान और चीन से भी हथियार लेने पड़ें तो रूस के महाशक्ति होने पर सवाल उठेंगे ही। वर्तमान में देखा जाये तो यूक्रेन का पलड़ा भारी बना हुआ है, भले ही रूस के सशस्त्र बलों ने हाल ही में दोबारा कुछ रफ्तार हासिल की हो। लेकिन आने वाले महीनों में कीव को दो प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सबसे पहले उसे अपने स्वयं के आक्रामक अभियानों का संचालन करना होगा साथ ही उसे रूसी हमलों को झेलने के लिए पश्चिमी देशों के भारी हथियारों, लंबी दूरी की मारक क्षमताओं और संभवतः वायु शक्ति की आवश्यकता होगी। दूसरा, यूक्रेन को यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर अंतर्राष्ट्रीय सहायता और समर्थन की आवश्यकता होगी कि आर्थिक पतन के परिणामस्वरूप उसकी सामाजिक व्यवस्था नहीं टूटे और वह अपने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को और अधिक नुकसान को कम करने में सक्षम हो सके। इसके विपरीत, रूस को अपने सशस्त्र बलों के निराशाजनक प्रदर्शन को उलटना होगा। देखा जाये तो यूक्रेन के दक्षिण पूर्व में वुहलेदार पर हाल के रूसी हमले की विफलता पुतिन के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। देखा जाये तो रूस की पूरी जमीनी सेना का अनुमानित 80 प्रतिशत अब संघर्ष में शामिल है, साथ ही दसियों हजारों की संख्या में नई लामबंदी सामने आ रही है। ऐसे में सैन्य नेतृत्व के शीर्ष पर बैठे लोगों पर तेजी से परिणाम हासिल करने का दबाव बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि व्लादिमीर पुतिन घरेलू मोर्चे पर कुछ बड़े फैसले लागू कर सकते हैं और चीन के इरादों को भी परख सकते हैं, क्योंकि वह मास्को को हथियारों की आपूर्ति करने पर विचार कर रहा है। 2023 में युद्ध के हालात यह भी तय करेंगे कि धमकियों के खिलाफ खड़े होने का पश्चिम का दृढ़ संकल्प वास्तव में कितना विश्वसनीय है।

■ गौतम मोरारका

# कब खरीदकर पढ़ी जायेंगी किताबें ?

**आप** जब इन पंक्तियों को पढ़ रहे होंगे तब देश की राजधानी में विश्व पुस्तक मेला शुरू हो चुका होगा। कोरोना के कारण विश्व पुस्तक मेला बीते कुछ सालों से आयोजित नहीं हो पा रहा था। जाहिर है कि पुस्तक मेले के फिर से आयोजन से शब्दों के शैदाइयों के चेहरे खिले हुए हैं। वे अपनी मन-पसंद किताबें सस्ते दामों पर खरीदेंगे। पर ये भी सच है कि इस डिजिटल दौर में किताबों से पाठकों की दूरियां निश्चित रूप से बढ़ी है। बहुत बड़ी संख्या में पाठक अपने मोबाइल पर ही अपनी दिलचस्पी की सामग्री पढ़कर संतुष्ट हो जाते हैं। वे किताबें खरीदने की जरूरत ही नहीं महसूस करते। बेशक, किताबों को फिर से प्रासंगिक तो बनाना ही होगा। वह कितना अज्ञानी समाज होता है जहां पर किताबों के महत्व को सही ढंग से नहीं समझा जाता। आमतौर पर हमारे यहां कहानी, कविता, उपन्यास, जीवनी से जुड़ी किताबें बहुतायत में छपती हैं। हिन्दी पट्टी के प्रकाशकों को लेकर यह बात सौ फीसद यकीन के साथ कही जा सकती है। इस स्थिति से निकलने की जरूरत है। अब मैनेजमेंट और कारपोरेट दुनिया की भी किताबें आने लगी हैं। पर विज्ञान, आर्किटेक्चर, मूर्तिकला संगीत, नाटक जैसे विषयों की किताबों का नितांत अभाव ही मिलता है। आप किसी भी किताबों की दुकान का चक्कर लगा लीजिए। आपको आर्किटेक्चर की एक किताब नहीं मिलेगी। सारा देश जानता है कि सतीश गुजराल प्रख्यात चित्रकार और भित्ति चित्रकार थे। पर कितने लोगों को पता है कि वे एक प्रयोगधर्मी आर्किटेक्ट भी थे। उन्होंने राजधानी में बेल्जियम एंबेसी को डिजाइन किया था। इसे डिजाइन के लिहाज से अप्रतिम इमारत माना जाता है। पर चूंकि हिंदी में कोई आर्किटेक्चर की किताब ही नहीं मिलेगी, तो हिंदी पाठकों को कैसे पता चलेगा कि सतीश गुजराल कौन थे या भारत के सबसे विशाल मंदिरों में से एक राजधानी के अक्षरधाम मंदिर का डिजाइन करने वाले आर्किटेक्ट कौन थे? अक्षरधाम मंदिर को बिहार में जन्में आर्किटेक्ट विक्रम लाल ने डिजाइन किया था। इनके पिता जे.के. लाल भी महान स्ट्रक्चरल इंजीनियर थे। मेरे पटना आवास अन्नपूर्णा भवन को भी इन्हीं दोनों बाप-बेटे ने डिजाइन किया था । आपको मूर्तिशिल्प और मूर्तिशिल्पियों पर हिंदी में शायद ही कोई किताब मिले। इस लिहाज से हिंदी और अन्य भाषाओं में भी बेहद खराब स्थिति है। राम सुतार के बारे में हिंदी में कितनी किताबें हैं? राम सुतार गुजरे सात-साढ़े सात दशकों से मूर्तियां बना रहे हैं। उन्होंने ही सरदार पटेल की चर्चित प्रतिमा 'स्टेच्यू आफ यूनिटी' भी तैयार की। राम सुतार की तराशी प्रतिमाओं में गति व भाव का शानदार समन्वय रहता है। पर उन पर आपको कोई किताब नहीं मिलेगी। राम सुतार निस्संदेह आधुनिक भारतीय मूर्ति कला के सबसे महत्वपूर्ण हस्ताक्षरों में से एक माने जायेंगे। अब महान मूर्तिकार देवी प्रसाद राय चौधरी की भी बात हो जाए। उनकी अतुलनीय कृति है राजधानी में लगी 'ग्यारह मूर्ति'। यह राष्ट्रपति भवन के ठीक बगल में है। कौन सा बिहारी होगा जिसने पटना में आने पर शहीद स्मारक को नहीं देखा होगा। इसे भी चौधरी ने ही बनाया था। शहीद स्मारक सात शहीदों की एक जीवन-आकार की मूर्ति है जो पटना में बिहार विधान सभा भवन के बाहर स्थित है। इन युवाओं ने भारत छोड़ो आन्दोलन (अगस्त 1942) में अपने जीवन का बलिदान दिया था और उस भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था जो अब सचिवालय भवन है। चौधरी की इस मूरत को देखकर आंखें नम होने लगती हैं। सदाशिव साठे ने देश के कई शहरों में झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की कमाल की मूर्तियां बनाई हैं। इन अश्वारोही प्रतिमाओं को न जाने कितने लाखों लोगों ने मुग्ध होकर निहारा होगा। रानी का घोड़ा दो पैरों पर खड़ा है। हवा में प्रतिमा तभी रहेगी जब संतुलन के लिए पूंछ को मजबूत छड़ से गाड़ दिया जाए, यह बात इसे बनाने वाले मूर्तिकार सदाशिव साठे समझते थे। वे अश्वारोही प्रतिमाएं गढ़ने में सिद्धहस्त थे। पर इन पर भी आपको कोई किताब नहीं मिलेगी। इससे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है।


**हिन्दी पट्टी के प्रकाशकों को लेकर यह बात सौ फीसद यकीन के साथ कही जा सकती है। इस स्थिति से निकलने की जरूरत है। अब मैनेजमेंट और कारपोरेट दुनिया की भी किताबें आने लगी हैं। पर विज्ञान, आर्किटेक्चर, मूर्तिकला संगीत, नाटक जैसे विषयों की किताबों का नितांत अभाव ही मिलता है। आप किसी भी किताबों की दुकान का चक्कर लगा लीजिए। आपको आर्किटेक्चर की एक किताब नहीं मिलेगी।**

■ आर.के. सिन्हा

## है न विचित्र बात !

# अपमानजनक कथन

### मेरी बात



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**कांग्रेस** प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिताजी के लिए जिस नाम का प्रयोग किया है, वह घोर आपत्तिजनक है। उसने नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की जगह ह्यनरेंद्र गौतम दासह्न शब्द का प्रयोग किया यानी आजकल जो उद्योगपति गौतम अडाणी का मामला चल रहा है, उसमें उसने अडाणी के नाम का इस्तेमाल मोदी के पिताजी की जगह कर दिया। दूसरे शब्दों में यह अपमानजनक कथन यदि भूलवश भी किया गया है तो यह बताता है कि कांग्रेस कितनी दिवालिया हो गई है। उसे अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी नहीं बचा सकते। केवल गौतम अडाणी ही बचा सकता है। इसीलिए आजकल सारे कांग्रेसी अडाणी के नाम की माला जपते रहते हैं। जैसे कई तथाकथित ह्यअनपढ़ हिंदुत्ववादीह्न यह प्रचारित करने में जरा भी संकोच नहीं करते कि जवाहरलाल नेहरू और शेख अब्दुल्ला सगे भाई थे। इस तरह के निराधार और फूहड़ बयानों से आजकल भारत की राजनीति अत्यंत त्रस्त है। यह अच्छा हुआ कि खेड़ा ने अपने बयान पर माफी मांग ली है और कहा है कि वह वाक्य अनजाने ही उसके मुंह से निकल गया था। लेकिन यह भी गौर करने लायक है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सिर्फ दो-तीन घंटे में ही खेड़ा को गिरफ्तारी से मुक्त कर दिया, जमानत दे दी और सारे मामले को सुनवाई के लिए अगले हफ्ते तक आगे बढ़ा दिया। इस मामले की पैरवी प्रसिद्ध वकील अभिषेक सिंघवी ने की। सिंघवी ने भी खेड़ा के बयान को अनुचित बताया और क्षमा-याचना की बात कही लेकिन सिंघवी ने खेड़ा के पक्ष में बड़े मजबूत तर्क दिए। उन्होंने कहा कि जिन पांच धाराओं के तहत खेड़ा को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से एक धारा भी उस पर लागू नहीं होती है। खेड़ा के बयान से न तो धार्मिक विद्वेष फैलता है, न राष्ट्रीय एकता भंग होती है और न ही देश में अशांति फैलती है। सर्वोच्च न्यायालय ने खेड़ा को जमानत पर तो छोड़ दिया है लेकिन उनके कथन पर काफी अप्रसन्नता जाहिर की है, जो कि ठीक है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या असम की पुलिस ने दिल्ली पुलिस की मदद से जो कुछ किया है, क्या वह ठीक है? खेड़ा को पुलिस ने हवाई जहाज से उतारकर गिरफ्तार कर लिया। क्या उसने कोई इतना संगीन अपराध किया था? कांग्रेसियों का मानना है कि उसने गौतम अडाणी का नाम लेकर मोदी की दुखती रग पर हाथ धर दिया था जैसा कि बीबीसी ने मोदी पर फिल्म बनाकर किया था, इसीलिए असम और दिल्ली की पुलिस ने यह असाधारण कदम उठा लिया। इस कदम ने उक्त आपत्तिजनक कथन को देशव्यापी तूल दे दिया। हताश और निराश कांग्रेसियों के अतिवादी बयानों पर आजकल कौन ध्यान देता है लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा की ऐसी उग्र प्रतिक्रिया का असर क्या उल्टा नहीं होता है?

# जातियों की स्वाभाविक विदाई शुभ संकेत

**जाति** खासी चर्चा में है। डॉ. लोहिया और डॉ. अंबेडकर सहित अनेक चिंतकों ने भारत की जातीय संरचना को राष्ट्रीय एकता के विरुद्ध बताया है। डॉ. लोहिया ने जाति तोड़ो का नारा भी दिया था। डॉ. अंबेडकर ने भी जाति के समूल नाश का ध्येय लेकर लगातार काम किया था। जाति खात्मा सभी महान नेताओं का स्वप्न रहा है। लेकिन जाति की अस्मिता बढ़ाने का गलत काम जारी है। जाति की कोई संवैधानिक परिभाषा नहीं है। बेशक भारत में सैकड़ों जातियां हैं। जाति का अस्तित्व है। जाति की राजनीति है। जातियां राष्ट्रीय एकता में बाधक रही हैं। मूलभूत प्रश्न है कि आखिर जातियां हैं क्या? फ्रांसीसी विद्वान सेनार्ट के अनुसार ये एक निकाय जैसी हैं। अनुवांशिकता से प्रतिबद्ध है। कतिपय उत्सवों के अवसर पर इनके लोग इकट्ठे होते हैं। समान धंधों व्यवसायों के कारण आपस में जुड़े रहते हैं। कुछ जातियों में परंपरागत जाति मनवाने के लिए जातिवाह्य घोषित करने की परंपरा भी रही है। भारत की वर्तमान जाति व्यवस्था में यह विवेचन लागू नहीं होता। एक विद्वान एच. मस्ले के अनुसार-'जाति परिवारों का समूह होती हैं। प्रायः व्यवसाय विशेष की सूचक होती हैं। प्रत्येक जाति का एक पौराणिक पुरुष होता है। पौराणिक पुरुष अदृश्य देवता भी हो सकता है। जाति के सभी सदस्य स्वयं को उस पुरुष या देवता के प्रति निष्ठावान रखते हैं।' जाति की यह परिभाषा भी भारतीय जाति व्यवस्था का पूरा अर्थ नहीं प्रकट करती। 'हिस्ट्री ऑफ कास्ट इन इंडिया' में डॉ. केतकर ने लिखा है-'यह एक सामाजिक समूह होती हैं। इसकी सदस्यता संतति और इस प्रकार जन्मे लोगों तक ही सीमित रहती है। इसके सदस्यों पर कठोर सामाजिक नियमों के अधीन समाज के बाहर विवाह न करने पर पाबंदी रहती है।' यहां जाति का सबसे प्रमुख गुण है कि जाति समूह के बाहर विवाह करने पर पाबंदी रहती है। एक विद्वान नेस्फील्ड ने लिखा है-'जाति समाज का ऐसा समूह होती हैं जो अन्य वर्ग से किसी प्रकार का सम्बंध स्वीकार नहीं करती। इसके सदस्य अपने जाति समूह के बाहर अन्य जाति समूह से विवाह का रिश्ता नहीं जोड़ते। वे अन्य जातियों से खानपान का रिश्ता भी नहीं जोड़ते।' लेकिन भारत में खानपान के बंधन टूट गये हैं। स्वाधीनता संग्राम के पहले से ही भारत में जातियों की अस्मिता को राष्ट्रीय एकता में बाधक माना गया था। संविधान निर्माता भी जातियों की समाप्ति चाहते थे। इसीलिए संविधान की उद्देशिका में जातियों का उल्लेख भी नहीं है। उद्देशिका संविधान का सारतत्व है। उद्देशिका का प्रारम्भ, 'हम भारत के लोग' से होता है। पूरे देश के जन गण मन को 'हम भारत के लोग' के दायरे में रखना और अभिज्ञात करना संविधान निमार्ताओं का स्वप्न रहा है। उद्देशिका संविधान का प्राण है। संविधान की उद्देशिका में राष्ट्र के स्वप्न अन्तर्निहित हैं। जाति समाप्ति और 'हम भारत के लोग' में विलय संविधान निमार्ताओं का स्वप्न रहा है। जातियां राष्ट्रीय एकता में बाधक है। लेकिन दुर्भाग्य से समाज में उनकी गहन उपस्थिति व अस्मिता है। विचारहीन राजनीति जाति अस्मिता को मजबूत करने पर आमादा है। दुनिया के प्रत्येक संविधान का एक दर्शन होता है। दर्शन विहीन संविधान राष्ट्र के अंत : करण का भाग नहीं बनता। भारत के संविधान का एक दर्शन है। संविधान निर्माण के प्रारम्भ में पं. नेहरू ने संविधान सभा में उद्देश्य संकल्प का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव 22 जनवरी, 1947 को पारित हुआ। संकल्प में कहा गया था- 'संविधान सभा भारत को स्वतंत्र, प्रभुत्व सम्पन्न गणराज्य के रूप में घोषित करने के अपने सत्यनिष्ठ संकल्प की और भावी शासन के लिए संविधान बनाने की घोषणा करती है।' आगे कहा है-'प्रभुत्व सम्पन्न स्वतंत्र भारत की सभी शक्तियां और अधिकार उसके संगठक भाग और शासन के सभी अंग लोक से उत्पन्न हैं। जनता को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रतिष्ठा और अवसर की तथा विधि के समक्ष समता, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, उपासना, व्यवसाय, संगमन और कार्य की स्वतंत्रता, विधि और सदाचार के अधीन होगी।' महत्वपूर्ण बात यह कही गई थी-'यह प्राचीन भूमि विश्व में अपना समुचित और गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करेगी और विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए स्वेच्छा से अपना पूरा सहयोग देगी।' यहां 'प्राचीन भूमि' शब्द ध्यान देने योग्य है। भूमि का अर्थ धरती नहीं है। प्राचीन भूमि का अर्थ प्राचीन संस्कृति है। इसी संकल्प से उद्देशिका की रचना हुई थी। उद्देशिका में जाति इकाई नहीं है। लेकिन राजनीति मरणासन्न जाति अस्मिता को बार बार पुनर्जीवन देती है। भारत जातियों का संगठन नहीं है। संविधान में जातियों की अस्मिता नहीं है। डॉ. अंबेडकर ने कहा था-'जाति अप्राकृतिक है और यह बहुत दिन तक जीवित नहीं रह सकती।' वैदिक काल में जातियां नहीं थीं। वर्ण व्यवस्था भी नहीं थी। उस समय सामाजिक समानता थी। राजनीति में मार्क्सवाद, पूंजीवाद, समाजवाद की तरह ब्राह्मणवाद शब्द प्रयोग भी चलता है। ब्राह्मणवाद का संकेत जाति व्यवस्था से है। जाति की समाप्ति के लिए अनेक महान नेताओं ने परिश्रम किए थे और अनेक संगठनों ने भी। कोलकाता के ब्रह्म समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और कुछ समाजवादी विचारक भी जाति समाप्ति के पक्षधर थे। सबका उद्देश्य जाति समाप्ति था। शूद्र शब्द बहुत चलता है। सामूहिक रूप में शूद्र सैकड़ों व्यवसायों से जुड़े समूहों का साझा नाम हो सकता है। डॉ. अंबेडकर के अनुसार 'अंतर्विवाह ही जाति उत्पत्ति का कारण है। कुछ वर्गों ने अपने लिए दुसरे वर्गों के सदस्यों के साथ विवाह पर रोक लगाई।' डॉ. अंबेडकर ने प्रश्न उठाया है- 'जाति उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वो कौन सा वर्ग था जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया।' डॉ. अंबेडकर ने कहा है-'मैं इसका प्रत्यक्ष उत्तर देने में असमर्थ हूं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी एक जाति के रूप में क्यों कर ली। डॉ. अंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में जाति व्यवस्था पर शोधपूर्ण भाषण दिया था- 'मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं कि जाति धर्म का नियम मनु प्रदत्त नहीं है।' वह ब्राह्मणों को जाति व्यवस्था का जन्मदाता नहीं मानते। कहते हैं-'ब्राह्मण अनेक गलतियां करने के दोषी रहे हों और मैं कह सकता हूं वे ऐसे थे। लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद देने की उनकी क्षमता नहीं थी। अपनी तर्कपटुता से उन्होंने भले ही इस प्रक्रिया को सहायता प्रदान की हो। लेकिन अपनी ऐसी योजना को निश्चित रूप से अपने सीमित दायरे से आगे नहीं बढ़ा सकते थे।

**मूलभूत प्रश्न है कि आखिर जातियां हैं क्या? फ्रांसीसी विद्वान सेनार्ट के अनुसार ये एक निकाय जैसी हैं। अनुवांशिकता से प्रतिबद्ध है। कतिपय उत्सवों के अवसर पर इनके लोग इकट्ठे होते हैं। समान धंधों व्यवसायों के कारण आपस में जुड़े रहते हैं। कुछ जातियों में परंपरागत जाति मनवाने के लिए जातिवाह्य घोषित करने की परंपरा भी रही है।**

■ हृदयनारायण दीक्षित

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# डिग्री लेकर रोजगार की तलाश में भटकते नवयुवक

महाविद्यालय की डिग्री लेकर रोजगार की तलाश में भटकते हुए नवयुवकों के चेहरे पर निराशा और चिंता का भाव होना देखना आजकल सामान्य सी बात हो गई है। कभी-कभी रोजगार की तलाश में भटकता हुआ युवक अपनी डिग्रियां फाड़ने अथवा जलाने के लिए विवश दिखाई देता है। वह रात को देर तक बैठकर अखबारों के विज्ञापनों को पड़ता है। आवेदन लिखता है साक्षात्कार देता है। जब कोई योग्यता काम करने के लिए इच्छुक व्यक्ति प्रचलित मजदूरी की दरों पर कार्य करने के लिए तैयार हो जाता है फिर भी उसे काम न मिलता हो। जो व्यक्ति काम करने के इच्छुक नहीं है और परजीवी भी है बेरोजगारी की श्रेणी में नहीं आते हैं। भारत की आर्थिक समस्याओं के अंतर्गत बेरोजगारी एक प्रमुख समस्या है। इससे एक ओर निर्धनता भुखमरी तथा मानसिक अशांति फैलती है। तो दूसरी ओर युवाओं में आक्रोश तथा अनुशासनहीनता बढ़ती है। चोरी, डकैती,हिंसा,अपराध एवं आत्महत्या अधिक समस्याओं के मूल में एक बड़ी सीमा तक बेरोजगारी ही विद्यमान है। बेरोजगारी एक ऐसा भयंकर विष हैं। जो संपूर्ण देश के आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन को दूषित कर देता है ।उसके कारणों को खोजकर उसका निराकरण अत्यधिक आवश्यक है। जैसे शिक्षित बेरोजगारी,अल्प बेरोजगारी,अदृश्य बेरोजगारी, चक्रीय बेरोजगारी इत्यादि।गांव में ज्यादा अदृश्य बेरोजगारी तथा मौसमी बेरोजगारी देखने को मिलती है। जैसे खेती के दिनों में मजदूरों की आवश्यकता बढ़ जाती है, वही शहरों में शिक्षित बेरोजगारी तथा अक्षमता बेरोजगारी देखने को मिलती है। वैसे गांव के कुछ जगहों में कुछ पूंजीपतियों लोगों के कारण यह समस्या कुछ हद तक कम हुई है। क्योंकि वे चिमनी भट्ठा, क्रेशर इत्यादि लगवा रखे हैं। जिनमें काफी मात्रा में बेरोजगारों को रोजगार मिला है। व उन्हें अपने घर तथा परिवार से दूर भी नहीं जाना पड़ता है। बेरोजगारी के कई कारण है जिनमें भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या पहले नंबर पर है। दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली, रोजगार के नए अवसरों मे वृद्धि का ना होना, कृषि क्षेत्र या कहे तो प्राथमिक क्षेत्र पर फोकस ना करना, तृतीय क्षेत्र की धीमी गति इत्यादि है। वस्तुत यह एक ऐसी बुराई है। जिसके कारण केवल उत्पादक मानव शक्ति नष्ट नहीं होती ।वरना देश का भावी आर्थिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। जो श्रमिक अपने कार्य द्वारा देश के आर्थिक विकास में सक्रिय सहयोग दे सकते हैं। वह कार्य के अभाव में बेरोजगार रह जाते हैं। यह स्थिति हमारे विकास में बाधक है। बेरोजगारी किसी भी देश या समाज के लिए अभिशाप है।

# सरकारी नौकरी के चक्कर में बेरोजगार

बेरोजगारी की समस्या तभी दूर हो सकती है जब जनसंख्या पर रोक लगाई जाए और अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाये। वहीं बहुत से लोग सरकारी नौकरी की तलाश में रहते है । सरकारी नौकरी के तलाश में ही उनकी उम्र बित जाती है। फिर भी जिनमे योग्यता है वे सरकारी नौकरी प्राप्त कर लेते है। कारण है कि नौकरी करने वालों की संख्या अधिक है और विभाग में रिक्तयां कम है। जिस कारण सरकारी नौकरी चाहने वाले बेरोजगार रह जाते हैं। मंदा औद्योगिक विकास होने के कारण बेरोजगारी कि समस्या और उत्पन्न होती है। कुटीर उद्योग में गिरावट और तकनिकी उन्नति न होने के कारण भी बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। देश में बेरोजगारी बहुत तेजी से बढ़ रही है उसका कारण हैं । अच्छी शिक्षा का न होना, विकसित मशीनों का प्रशिक्षण न होना,जिसमें सबसे प्रमुख कारण है देश की जनसंख्या इसके बढ़ने से काम अधिक और लोगों की संख्या अधिक है। कुछ लोगों अपनी मनमौजी के अनुसार काम करते है। उन्हें मन करता है तो काम करते है। वरना खाली बैठ कर समय बिताते है। जब उनकी चाह होती तो उन्हें रोजगार नही मिल पाता है। कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें अपनी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिलता है। लोग ज्यादा होंगे और नौकरियां कम होगी तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। हमारे देश की बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की



समस्या बहुत ज्यादा उत्पन्न हो रही है । क्योंकि जब लोग ज्यादा होंगे और नौकरियां कम होगी तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। शिक्षा की कमी या पूरी तरह शिक्षा ना मिलने के कारण लोगों को सही जानकारी नहीं मिलती है और बिना शिक्षा के ऐसे लोग बेरोजगार हो जाते हैं।

❖ **ओम प्रकाश प्रजापति**

# शिक्षा केवल सरकारी नौकरी के लिए नहीं

पलामू में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शिक्षित बेरोजगारी से परेशान लोगों को यह जानना आवश्यक है कि उनके लिए कौन सी नौकरी सही है। उसे पाने के लिए उन्हें कौन सा करियर चुनना चाहिए। पलामू में तकनीकी और व्यवसायिक संस्थानों की स्थापना होनी चाहिए । सरकार को भी व्यवसायी शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना होगा । जिससे छात्र रोजगार से जुड़ सकें और अपने व्यवसाय के माध्यम से अपने आसपास में रोजगार प्रदान कर सकें । साथ ही युवाओं को भी यह सोचना होगा कि शिक्षा केवल सरकारी नौकरी के लिए नहीं है। युवाओं को उस से ऊपर उठकर सोचना होगा । अपने लिए रोजगार के अवसर तलाश ने होंगे । अपने व्यवसाय के माध्यम से लोगों को रोजगार से जोड़ना होगा। जरूरत है सही दिशा में योजनाओं और शिक्षा प्रणाली में बदलाव की । जो लंबे अरसे से अनेक कठिनाइयों का मजबूती से




सामना करते हुए अपने मस्तिष्क में एक उम्मीद की किरण सदैव जगाए रहते है। यह ऐसा शब्द है जिसका भाव बड़े ही अलग है। देश की धीमी विकास , अच्छे कौशल का न होना , पर्याप्त औद्योगिक संस्थानों का ना होना बेरोजगारी का बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। किसी भी देश का विकास उस देश में रहने वाले बेहतर विभिन्न कौशलों में निपुण युवाओं पर निर्भर करता है। बेरोजगारी की समस्या का समाधान होना अति आवश्यक है। क्योंकि देश के विकास में मुख्य बाधाओं मे से एक बाधा है। सरकार को अपने देश के सभी राज्यों में वो सुविधाएं देना चाहिए। जिससे की नए रोजगार के सृजन हो सके। भारत में बेरोजगारी खासकर शिक्षित बेरोजगारी तो इस प्रकार है कि, यदि कोई झूठ का कहीं पोस्टर लगा दे ,कि कुछ युवक युवतियों के लिए बंपर भर्ती है जिनको जरूरत हो इस नंबर पर संपर्क करें ,तो घंटों में कई कॉल चले जाते हैं उस नंबर पे, और गूगल पर लोकेशन सर्च कर लेते हैं। इस समस्या से परेशान युवा गलत राह पर अपना कदम बढ़ाने लगे है। पलामू सहित भारत देश में तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या बेरोजगार का एक सबसे मुख्य कारण है। वहीं सरकार को इसके लिए कुछ सख्त उपाय करने की आवश्यकता है।

❖ **कुमारी रिया**

# बेरोजगार कम वेतन पर भी काम करने को विवश

पलामू सहित विभिन्न देशों की सरकारें अलग अलग तरीके से अपने यहां विद्यार्थियों को प्रारंभिक समय से ही विभिन्न क्षेत्रों में निपुण करते जा रहे हैं। अगर हम भारत के वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालें तो हम पाते हैं कि यहां की शिक्षा की वर्तमान स्थिति केवल किताबों तक ही सिमटी हुई है। वर्ग के सभी बच्चों को एक तय नियमानुसार याद करने के लिए गृह कार्य दिया जाता है। मूल रूप से विद्यार्थियों में शिक्षा के विकास का पैमाना इन्हीं किताबों के इर्द-गिर्द घूमती नजर आती है। विद्यार्थियों को उनकी रूचि के अनुसार न चलते हुए सामूहिक विकास पर जोर दिया जाता है। परिणामतः सारे विद्यार्थी एक निश्चित समय आने के बाद एक साथ बड़े पैमाने पर केवल सरकारी तंत्र के भरोसे बैठे होते हैं जो सर्वथा उचित नहीं है। दूसरी ओर अमेरिका , जापान जैसे विकसित देशों की बात करें तो वहां प्रारंभिक समय से ही विद्यार्थी को किताबी ज्ञान के साथ अलग अलग कलाओं से संबंधित शिक्षा प्रदान की जाती है। परिणामतः विभिन्न कलाओं में निपुण होने के कारण वे भविष्य को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं नजर आते हैं। व अपने आप को एक बेहतर स्थान संस्थान में आसानी से जोड़ लेते हैं। साथ ही बहुत सारे लोग खुद का कार्य प्रारंभ करते हैं। प्रतिकार्थ यह है कि वे अपना जीवन यापन करने के लिए सरकारी तंत्र पर ज्यादा निर्भर नहीं होते हैं। बेरोजगारी के सामाजिक परिणाम पर गौर करें तो हम पाते हैं कि बेरोजगारी में बेतहाशा वृद्धि होने के कारण देश की गरीबी दर वृद्धि हुई है । वहीं दूसरी ओर अपने जीवन का भरण पोषण करने के लिए बहुत सारे लोग अपराधिक प्रवृत्ति की ओर मुड़ते जा रहे हैं। एक महत्वपूर्ण कारणों की विवेचना करें तो हम पाते हैं कि बेरोजगारी की तादाद बढ़े होने के कारण आज औद्योगिक जगत हो या कोई भी संस्थान हो प्रत्येक जगह लगातार श्रम का शोषण किया जा रहा है। कम वेतन पर काम करने के लिए लोग मजबूर हो रहे है। इसका फायदा



**विद्यार्थियों को उनकी रूचि के अनुसार न चलते हुए सामूहिक विकास पर जोर दिया जाता है। परिणामतः सारे विद्यार्थी एक निश्चित समय आने के बाद एक साथ बड़े पैमाने पर केवल सरकारी तंत्र के भरोसे बैठे होते हैं जो सर्वथा उचित नहीं है। दूसरी ओर अमेरिका , जापान जैसे विकसित देशों की बात करें तो वहां प्रारंभिक समय से ही विद्यार्थी को किताबी ज्ञान के साथ अलग अलग कलाओं से संबंधित शिक्षा प्रदान की जाती है। परिणामतः विभिन्न कलाओं में निपुण होने के कारण वे भविष्य को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं नजर आते हैं। व अपने आप को एक बेहतर स्थान संस्थान में आसानी से जोड़ लेते हैं।**

औद्योगिक संस्थान भली भांति उठाते हैं। हमारे देश की बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की समस्या बहुत ज्यादा उत्पन्न हो रही है । क्योंकि जब लोग ज्यादा होंगे और नौकरियां कम होगी तो बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होगी। शिक्षा की कमी या पूरी तरह शिक्षा ना मिलने के कारण लोगों को सही जानकारी नहीं मिलती है। बहुत से लोग केवल सरकारी नौकरी की तलाश में रहते हैं। सरकारी पद कम और लोगों की संख्या ज्यादा होने के कारण कुछ लोग ही सरकारी पद पर नौकरी कर पाते हैं। बाकी लोग सरकारी नौकरी की तलाश में बेरोजगार रह जाते हैं। औद्योगिक विकास की रफ्तार कम होना। ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे उद्योग कब बंद होना। बेहतर तकनीक का उचित विकास नहीं होना बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण है। एक और महत्वपूर्ण पहलू पर गौर करे तो हम पाते है की बेरोजगारी की संख्या में वृद्धि होने के कारण लोग मानसिक रूप से अस्वस्थ हो रहे है। जिसके कारण आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे है। बहुत सारे युवा मानसिक तनाव में रहते हुए विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं । देश में बेरोजगारी से निजात दिलाने के लिए सबसे प्रमुख कदम उचित शिक्षा की व्यवस्था करना । साथ ही साथ देश की बढ़ती हुई जनसंख्या पर विराम लगाना होगा। हम सभी को विभिन्न अत्याधुनिक मशीनों का प्रयोग ना करते हुए मानव संसाधन पर विशेष बल देना होगा। जिससे बहुत बड़ा भाग विभिन्न कार्यों में संलग्न होकर देश की बढ़ती हुई बेरोजगारी में कुछ गिरावट ला सकता है। वर्तमान समय में बहुत सारे मनुष्य का कार्य कम समय में विभिन्न मशीनों के द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है। जो कहीं ना कहीं मानव संसाधन को बेरोजगारी के प्रकार पर लाने में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विभिन्न सरकारों को युवाओं में कौशल विकास को तवज्जो देकर उन्हें खुद के स्वामित्व वाले कामों पर पर फोकस करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही प्रारंभिक शिक्षा से ही अलग-अलग रूचि के अनुसार बच्चों को विभिन्न कलाओं में निपुण बनाना होगा।तभी एक बेहतर समृद्ध विकसित भारत का निर्माण संभव हैं।

❖ **आनन्द**



# बेरोजगार युवक निराशा के शिकार हो रहे हैं

हमारे पलामू में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में उभर रही है। पलामू में पढ़े लिखे युवा दर-दर भटक रहे हैं ,भिक्षा की भांति नौकरी मांग रहे हैं । किंतु शासन आंख और कान बंद कर अंधे और बहरे की भांति सब अनदेखा और अनसुना कर रही है। हम सभी जानते हैं कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज में रहकर अपनी जीवन को सुखमय तरीके से जीवन यापन करने का अथक प्रयास करते रहता है। प्रकृति ने इस ब्रह्मांड में अनेकों ग्रहों एवं उपग्रहों का निर्माण है। लेकिन पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जिस पर हवा और पानी है। जो जीव उत्पत्ति का कारण बना और उन करोड़ों जीवो में मनुष्य ही एकमात्र ऐसा विवेकशील प्राणी है। जो हमेशा सुखमय एवं भोग विलासिता पूर्ण जीवन जीने के लिए तत्पर रहता है। बड़े-बड़े पूंजीपतियों को भी युवाओं का रक्त चूसने की आदत पड़ गई है। वह नौकरी देते हैं तो इतने कम पैसे पर कि महीने भर का वेतन से भी उनका गुजारा मुश्किल से हो पाता है। साथ में यह डर भी रहता है कि नौकरी कब चली जाएगी पता नहीं । शिक्षित बेरोजगार वह है जो किसी विशेष कार्य को करने के लिए आवश्यक योग्यता अर्जित कर रखा है । वह उस कार्य को करने में भी सक्षम है। किंतु उसे कार्य करने का अवसर नहीं मिल पाता है। वे अपनी मूल आवश्यकताओं की पूर्ति करने में असमर्थ हो रहा है। ऐसे बेरोजगार युवक निराशा के शिकार हो रहे हैं। वह हर दिन रोजगार पाने के लिए लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं । शिक्षित होने के बावजूद भी उन्हें उचित नौकरी नहीं मिल पाता है। शिक्षित बेरोजगारी किसी भी देश की प्रगति में बहुत बड़ा अड़चन है। दोषपूर्ण शिक्षा पद्धति भी शिक्षित बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है । भारत की शिक्षा प्रणाली छात्रों को सीधे व्यवसाय से नहीं जोड़ पाती है। बल्कि उन्हें सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान देती है । इसी कारण छात्र शिक्षित तो हो जाते हैं । लेकिन व्यवसाय से नहीं जुड़ पाते हैं। वह पढ़ाई करने में अपना ज्यादा समय व्यतीत कर देते हैं। किंतु इससे उन्हें जब रोजगार नहीं मिल पाता तब वह अत्यंत निराश हो जाते हैं।

❖ **गुड्डू कुमार**

**संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति**

# बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या

भारत विश्व की सर्वाधिक दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है, जो प्रथम कगार पर बहुत जल्द ही पांव रखने वाला है। इस बढ़ती हुई जनसंख्या के होड़ में मनुष्य अनेक समस्याओं से जूझ रहा है । जिनमें से आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक समस्याएं जकड़ी हुई है। इन तीनों समस्याओं का मुख्य आधार बेरोजगारी है । हमारे इस समाज में बहुत कम लोग भोग विलासिता में लीन है। जिनके पास जो शक्ति है उसका सदुपयोग या दुरुपयोग दोनों तरीकों से आजमा कर अपनी लालच को पूर्ण करने में लगा है। मन में स्वार्थ की भावना पाले हुए मनुष्य मनुष्यता को मारते हुए एक भ्रष्ट समाज की ओर अग्रसर होते जा रहा है। दूसरी और हमारे देश की अधिकतर जनसंख्या रोजमर्रा की जीवन जीने के लिए जूझ रहा है । आज की 21वीं सदी आधुनिक युग का है। इस दिखावे भरे युग में ऐच्छिक बेरोजगारी की समस्या काफी तेजी से बढ़ती जा रही है। ऐच्छिक बेरोजगारी से तात्पर्य है कि लोगों की इच्छा एवं स्टेटस के अनुसार काम ना मिलना। मनुष्य इस दिखावे भरे युग में चाह कर भी हर काम नहीं करता है। उसके मन में अपनी सामाजिक स्टेटस को दिखाने की होड़ मची है । लोग क्या कहेंगे यह वाक्य लगभग प्रत्येक मनुष्य के जहन में भर कर बैठ गया है । बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। परंतु यह अपने आप में बहुत बड़ी समस्या नहीं है बल्कि हम मनुष्यों ने इसे एक बड़ी विकराल रूप दिया है। इस समस्या की एक एक कड़ी हमारे समाज ने उत्पन्न की है। समाज की गंदी राजनीति ने आत्म स्वार्थ के लिए मनुष्यता को मारते हुए समाज में अस्थिरता एवं अराजकता की प्रवृत्ति बढ़ाते जा रहा है। हमारे समाज में बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। स्वार्थ एवं गंदी राजनीति से ऊपर उठकर धरातल पर जनहित के लिए कार्य करने की जरूरत है । हम सबों का यह दायित्व है कि किसी दूसरे के भरोसे न रहकर स्वयं एक सकारात्मक समाज का निर्माण करें। इसलिए अपने कर्तव्य को निःस्वार्थ भाव से सही दिशा में निरंतर करते रहने की जरूरत है। बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है बेरोजगारी को दूर नहीं करना सबसे बड़ी समस्या है। धैर्य के साथ हमें हमेशा उचित दिशा में आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। हमारे देश मे बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। बेरोजगार वे होते है जो कार्य करने की योग्य रखते हैं। लेकिन फिर भी उन्हें काम नही मिलता है। जिससे उन्हें अपना जीवन जीने में बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं । क्योंकि इन लोगों के पास पैसे नही होते हैं। हमारे पलामू शहर में लाखों ऐसे लोग हैं। जिन्हें कोई रोजगार नही मिला और नही मिलता है। हमारे देश मे बेरोजगारी के बहुत सारे कारण हैं। और इन सभी कारणों के वजह से देश में बेरोजगारी बढ़ रही हैं।

❖ **वेद प्रकाश**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### जर्मनी के चांसलर भारत पहुंचे

**नई दिल्ली।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को भारत पहुंचे। इस दौरान उनका नई तकनीकों, स्वच्छ ऊर्जा और व्यापार और निवेश सहित कई द्विपक्षीय और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय अरिंदम बागची एक ट्वीट में कहा, भारत में आपका स्वागत है! जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज राजकीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद यह भारत की उनकी पहली यात्रा है।

### अल्जीरिया में सड़क दुर्घटना में 10 मरे

**अल्जीयर्स।** उत्तरी अल्जीरिया में एक बस के गड्ढ़े में गिर जाने से 10 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। अल्जीरियाई नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने एक बयान में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना बौइरा प्रांत में हुई। अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने ने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

### व्यापम घोटाला : दो को चार साल सश्रम कारावास

**नई दिल्ली।** व्यापम मामले की सुनवाई कर रही सीबीआई की विशेष अदालत ने मध्य प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में एक उम्मीदवार और एक अन्य व्यक्ति को चार साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विशेष न्यायाधीश, सीबीआई (व्यापम मामले) ने अजय प्रताप सिंह (बहुरूपिया) और नरोत्तम सिंह धाकड़ (उम्मीदवार) को आरआई सौंप दिया, दोनों पर 8,100 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में 15 दिसंबर, 2015 को मामला दर्ज किया था और ग्वालियर के पुरानी चवानी में पुलिस स्टेशन में पहले दर्ज मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

# पौडेल हो सकते हैं नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति

## आठ दलों के हैं साझा उम्मीदवार



**एमाले ने सुभाष न्योमांग को बनाया अपना उम्मीदवार**

**प्रचंड और ओली के बीच मतभेद के अटकलों के साथ प्रचंड के ही नेतृत्व में ने गठबंधन की भी चर्चा**

**यशोदा श्रीवास्तव। काठमांडू**
नेपाल में तीसरे राष्ट्रपति के चुनाव के लिए शनिवार को दो नामांकन दाखिल हुए। मतदान नौ मार्च को होगा। इसके पहले राष्ट्रपति पद के लिए प्रचंड और केपी शर्मा ओली के बीच आम सहमति को लेकर कई बार वार्ता हुई जो अंततः विफल रही। प्रचंड राष्ट्रपति पद पर नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम चंद्र पौडेल के लिए आम सहमति के पक्षधर थे जबकि केपी शर्मा ओली अपनी पार्टी के सुभाष न्योमांग के पक्ष में थे। प्रचंड नेपाल के मौजूदा प्रतिनिधि सभा और सभी सात विधानसभाओं में नेपाली कांग्रेस के ताकत से वाकिफ हैं। इसलिए, वह इस चुनाव को लेकर कोई टकराव नहीं चाहते। फिर उनके प्रधानमंत्री चयन में नेपाली कांग्रेस के भारी समर्थन का एहसास भी उन्हें था।

शनिवार को आठ दलों के समर्थन से नेपाली कांग्रेस के राम चंद्र पौडेल और एमाले के सुभाष न्योमांग ने राष्ट्रपति पद के लिए पर्चा दाखिल कर दिया। राष्ट्रपति चुनाव को लेकर प्रचंड और ओली के बीच आम सहमति न बन पाने को आने वाले दिनों में बहुत ही अल्प समय में नए गठबंधन की दृष्टि से भी देखा जा रहा है। राष्ट्रपति चुनाव के अंकगणित पर गौर करें तो यह साफ तौर पर नेपाली कांग्रेस के पौडेल के पक्ष में नजर आ रहा है। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो राम चंद्र पौडेल नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति होंगे। इसके पहले इस पद पर डॉ. रामबर यादव पहले राष्ट्रपति थे और विद्या देवी भंडारी दूसरी राष्ट्र पति थीं।

रामचन्द्र पौडेल के समर्थक क्रमशः पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, माधव कुमार नेपाल, नारायण काजी श्रेष्ठ, अशोक कुमार राई, अब्दुल खान, महंत ठाकुर, पूर्ण बहादुर खड़का, रंजीता श्रेष्ठ, चित्र बहादुर केसी, हित राज पांडेय हैं। वहीं, एमाले उम्मीदवार सुभाष न्योमांग के समर्थक पूर्व पीएम ओली, पृथ्वी सुब्बाराव, गोकर्ण राज बिष्ट, रघुबीर महां सेठ, छवि लाल विश्वकर्मा, योगेश कुमार भट्टाराई, टोप बहादुर रायमाझी, जूली महासेठ, दिल कुमारी रावल और अमन कुमार पाण्डेय के नाम शामिल हैं।

# गालीबाज कांग्रेसियों को जनता नहीं करेगी माफ : एसएन सिंह



**भाजपा यूपी के प्रवक्ता ने कहा : हताश कांग्रेसियों ने देश की संवैधानिक संस्थाओं का भी किया है बारंबार अपमान**

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**
भारतीय जनता पार्टी के यूपी के प्रवक्ता एस.एन. सिंह ने कहा है कि पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी और गाली-गलौच करने वाली कांग्रेस और उसके नेता इतने हताश, निराश और खोखले हो चुके हैं कि अब उन्होंने देश की दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को भी अपमानित करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि गालीबाज कांग्रेसियों को जनता हरगिज माफ नहीं करेगी।

यहां जारी एक बयान में एसएन सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता आए दिन सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग, सेना और राष्ट्रपति के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां कर रहे हैं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए 'राष्ट्रपत्नी' शब्द का इस्तेमाल कर दिया तो राहुल गांधी अक्सर सेना के जवानों के शौर्य और सम्मान पर उंगली उठाते रहते हैं, देश के रक्षकों का मनोबल तोड़ने में लगे रहते हैं। कांग्रेस के तमाम नेता सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के फैसलों पर सवाल उठाकर देश के संवैधानिक ढांचे को चोट पहुंचा रहे हैं।

एसएन सिंह ने कहा कि देश की जनता में अपना विश्वास खो चुकी कांग्रेस पार्टी ऐसी हरकतों से देश के संविधान, संविधानिक संस्थाओं और संवैधानिक अधिकारियों पर ही अविश्वास जाहिर कर रही है। देश के प्रधानमंत्री और सभी संवैधानिक संस्थाओं के ऊपर कांग्रेस नेताओं का कटाक्ष और अमर्यादित भाषा उनकी बौखलाहट को दिखा रही है। कांग्रेस संविधान बचाने की बात तो करती है, लेकिन ये भूल जाती है कि उसके शासनकाल में संविधान की आत्मा को नकारते हुए कई काम किए गए हैं।

### किसने क्या बोला था

- **दिग्विजय सिंह :** 18 दिसम्बर, 2019 को कांग्रेस नेता और एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पीएम नरेन्द्र मोदी की तुलना जनरल डायर से की थी। दिग्विजय सिंह ने कहा था कि देश के मुसलमानों को नरेंद्र मोदी पर भरोसा नहीं हैं। ये लोग अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति पर देश पर राज करना चाहते हैं।
- **राहुल गांधी :** 15 अक्टूबर, 2019 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को कुछ उद्योगपतियों का 'भोंपू' कहा था। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले की एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने कहा था कि पीएम मोदी की रणनीति एक जेबकतरे जैसी है जो चोरी से पहले लोगों का ध्यान बांट देता है।
- **अधीर रंजन चौधरी :** 24 जून, 2019 को लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने पीएम मोदी की तुलना गंदी नाली से की। अधीर रंजन ने इंदिरा गांधी को मां गंगा और पीएम मोदी को गंदी नाली कहा था।
- **संजय निरुपम :** 07 मई, 2019 को कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी औरंगजेब के आधुनिक अवतार हैं। निरुपम ने कहा था कि जो काम औरंगजेब नहीं कर पाया था नरेंद्र मोदी वो काम वाराणसी में कर रहे हैं।
- **प्रियंका गांधी वाड्रा :** 07 मई, 2019 को अंबाला के एक कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री मोदी को अहंकारी बताते हुए उनकी तुलना दुर्योधन से की थी।
- **पवन खेड़ा :** 16 मार्च, 2019 को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक टीवी बहस के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की तुलना आतंकी मसूद अजहर, ओसामा बिन लादेन, दाऊद इब्राहिम और आईएसआई से कर दी थी। खेड़ा ने कहा कि मोदी का मतलब है मसूद अजहर, ओसामा, दाऊद और आईएसआई।
- **राशिद अल्वी :** 25 जनवरी, 2019 को कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने पीएम मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद महलों में रहते हैं और लाखों के सूट पहनते हैं, लेकिन अपनी बुजुर्ग मां को छोटे से कमरे में रखते हैं।
- **सुशील कुमार शिंदे :** 10 जनवरी, 2019 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे पीएम मोदी की हिटलर से की।
- **राजबब्बर :** 22 नवम्बर, 2018 को कांग्रेस नेता राज बब्बर ने को पीएम मोदी की मां को लेकर अमर्यादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि डॉलर के सामने रुपया इतना गिर गया है कि पीएम मोदी की मां की उम्र के करीब पहुंचने लगा है।
- **राहुल गांधी :** 20 सितम्बर, 2018 को बतौर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान के डूंगरपुर में था कहा कि गली-गली में शोर है, हिंदुस्तान का चौकीदार चोर है। पीएम मोदी के खिलाफ ये अपशब्द वो 2019 के पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान देते रहे।
- **रणदीप सुरजेवाला :** 26 जून, 2018 को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा था कि दिल्ली सल्तनत के औरंगजेब से भी क्रूर तानाशाह नरेंद्र मोदी ने पूरे प्रजातंत्र को बंधक बना लिया है।
- **सलमान निजामी :** 9 दिसम्बर, 2017 को जम्मू कश्मीर में कांग्रेस नेता सलमान निजामी ने पीएम मोदी को अपशब्द कहा। उन्होंने ट्वीटर पर पूछा कि मोदी के पिता और दादा कौन हैं।
- **मणिशंकर अय्यर :** 07 दिसम्बर 2017 को पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने प्रधानमंत्री मोदी को नीच किस्म का आदमी कहा। हालांकि, इस बयान के लिए बाद में उन्होंने माफी मांग ली थी।
- **प्रमोद तिवारी :** 16 नवम्बर, 2016 को नोटबंदी पर विरोध जताने के लिए कांग्रेसी नेता प्रमोद तिवारी ने पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना तानाशाह गद्दाफी, मुसोलिनी और हिटलर से कर दी थी।
- **राहुल गांधी :** 6 अक्टूबर, 2016 को कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करते हुए उन्हें जवानों के खून का दलाल तक कह डाला था।
- **इमरान मसूद :** 28 मार्च, 2014 को सहारानपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार इमरान मसूद ने एक चुनावी रैली के दौरान को नरेंद्र मोदी को टुकड़े-टुकड़े करने की बात कही थी।
- **सोनिया गांधी :** 2007 के चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को मौत का सौदागर कहा था। गुजरात की जनता ने इस अपमान का बदला लेते हुए कांग्रेस को विधानसभा में सूपड़ा साफ कर दिया था।
- **मणिशंकर अय्यर :** 3 मार्च, 2013 को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने नरेंद्र मोदी को सांप, बिच्छू और गंदा आदमी कहा था।
- **मनीष तिवारी :** मार्च 2012 में कांग्रेस प्रवक्ता और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने नरेंद्र मोदी की तुलना दाऊद इब्राहिम से की थी। उस वक्त मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।
- **रेणुका चौधरी :** 7 जून, 2013 को कांग्रेस नेता रेणुका चौधरी ने नरेंद्र मोदी को न्यूमोनिया की तरह का वायरस कहा और उनको नमोनिटिस का नाम दिया था।
- **सलमान खुर्शीद :** 8 जून, 2013 को तत्कालीन केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने नरेंद्र मोदी की तुलना बंदर से की थी। उस वक्त वो गुजरात के सीएम थे। खुर्शीद ने कहा था कि मोदी इस तरह भीड़ को खिंचते हैं, जैसे लोग बंदर के करतब देखने जाते हैं।
- **बेनी प्रसाद वर्मा :** 14 जुलाई, 2013 को कांग्रेस नेता और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा ने नरेंद्र मोदी को पागल कुत्ता कहा था।

# मेघालय की सीमाएं दो मार्च तक बंद रहेंगी, धारा 144 लागू

**एजेंसी। शिलांग**
मेघालय में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बांग्लादेश और असम से लगी राज्य की सीमाएं मतगणना के दिन दो मार्च तक सील रहेंगी। मेघालय असम के साथ 885 किमी लंबी और बांग्लादेश के साथ 443 किमी लंबी सीमा साझा करता है। मेघालय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एफ.आर. खारकोंगोर ने कहा कि हमने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निवारक उपाय किए हैं। राज्य में अंतर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी गई है। मेघालय में सोमवार को कुल 60 विधानसभा क्षेत्रों में से 59 पर मतदान होगा।

**उत्साह** 'लिथियम गांव' के निवासियों को नया जीवन मिलने की उम्मीद

# कोटली सलाल में है विशाल भंडार

**5.9 मिलियन टन लिथियम की खोज के बाद कोटली सलाल ने बटोरीं सुर्खियां**

**देशभर के लोगों का आकर्षित किया ध्यान**



**जफर इकबाल। जम्मू**
जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कोटली सलाल के लोग लिथियम के विशाल भंडार की खोज की खबर से उत्साहित हैं, उन्हें उम्मीद है कि इससे उनकी किस्मत बदल जाएगी और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। कोटली सलाल ने 5.9 मिलियन टन लिथियम की खोज के बाद सुर्खियां बटोरीं और देश भर के लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

कोटली सलाल के नायब सरपंच राजिंदर सिंह ने कहा, टीमें दो साल तक सर्वे करने के बाद निकली हैं। यह ड्रिलिंग मशीनों की मदद से किया गया था। नमूने परीक्षण के लिए लखनऊ भेजे गए थे और अब हमें अच्छी खबर मिली है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लिथियम की खोज निश्चित रूप से लोगों के लिए अच्छी खबर है क्योंकि इससे रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। कई साल पहले सलाल में एनएचपीसी बिजली परियोजना की स्थापना के बाद, यह दूसरी बड़ी परियोजना है, जो इस क्षेत्र में आएगी। यह विकास को गति देगी और बेरोजगारी को समाप्त करेगी। रियासी जिला, जो दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के लिए भी प्रसिद्ध है, अब दुनिया के दूसरे सबसे बड़े लीथियम के संभावित गेम चेंजर बनने के साथ खुद को विकासात्मक गतिविधियों के शीर्ष पर देखता है।

सलाल हिमनगर के एक स्थानीय ग्रामीण ने कहा, मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि हमारे गांव में लिथियम के भंडार पाए गए हैं। जब मंत्रालयों और प्रमुख अधिकारियों ने इस बारे में ट्वीट किया तो मेरे उत्साह की कोई सीमा नहीं रही। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे क्षेत्र में इतनी बड़ी खोज की गई है। यह कोई छोटी परियोजना नहीं है। इससे हमारा गांव जगमगाएगा। सलाल हिमनगर का कोई भी व्यक्ति अब बेरोजगार नहीं रहेगा। जो खनिज दूसरे देशों से आयात किया जाता था, वह अब हमारे गांव से निकाला जाएगा, इससे बड़ी बात मेरे लिए और क्या हो सकती है? जम्मू-कश्मीर के संयुक्त निदेशक भूविज्ञान और खनन एचएल लांगेह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि जांच भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा की गई थी, जिसने 9 फरवरी को रिपोर्ट पेश की थी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के चार चरण हैं। जी1, जी2, जी3 और जी4। उन्होंने कहा कि जी4 और जी3 चरणों के लिए काम पूरा हो चुका है और अब लिथियम की रिकवरी और निष्कर्षण के बारे में आगे की जांच के लिए जी1 और जी2 चरण किए जाएंगे।

### स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के खुलेंगे अवसर

लागेथ ने कहा, प्रौद्योगिकी के पहलू पर गौर करना होगा, क्या लिथियम को पुनर्प्राप्त करने के लिए तकनीक अभी हमारे पास उपलब्ध है। लिथियम निकालने की परियोजना से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। परियोजना को कई चरणों से गुजरना होगा, जिसमें पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरण मंजूरी भी शामिल है।






## यशपाल की फिल्म 'छिपकली-द थर्ड पर्सन का टीजर हुआ रिलीज

**बॉलीवुड** अभिनेता यशपाल शर्मा की आने वाली फिलोसॉफिकल थ्रिलर फिल्म छिपकली द थर्ड पर्सन का टीजर जी म्यूजिक पर रिलीज किया गया है। टीजर में एक्टर यशपाल शर्मा एक अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। यशपाल शर्मा के अलावा इस फिल्म में योगेश भरद्वाज और तनिष्ठा बिस्वास मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 7 अप्रैल को पूरे देश मे एक साथ रिलीज की जाएगी। छिपकली प्रसिद्ध लेखक विनोद घोसला की किताब छायाजपॉन पर आधारित है। फिल्म का प्रेजेंटेशन स्टूडियोग्राफी इंटरटेनमेंट ने किया है और प्रोडक्शन सुआन सिल्वर स्क्रीन के बैनरतले किया गया है। इस फिल्म के निर्माता मीमो एवं सर्वेश कश्यप हैं। यशपाल शर्मा ने कहाः ये मेरी अब तक कि सबसे बेहतरीन फिल्म है। यदि आप सस्पेंस थ्रिल और बेहतरीन इंटरटेनमेंट चाहते हैं तो छिपकली आपके लिए बेहतरीन सिनेमा होगा। निर्माता मीमो ने कहाः छिपकली एक फिलॉसॉफिकल थ्रिलर जॉनर की फिल्म है।

## आरआरआर ने चार कैटेगरी में जीता हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन अवॉर्ड

दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशक एस राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर ने चार कैटेगरी में हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन जीत लिया है। राम चरण और जूनियर एनटीआर की फिल्म आरआरआर ने बेस्ट एक्शन फिल्म, बेस्ट इंटरनेशनल फीचर, बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग और बेस्ट स्टंट कैटेगरी में हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन अवॉर्ड जीता है। निर्देशक एसएस राजामौली ने यह सम्मान देश के सभी फिल्म मेकर्स को डेडिकेट किया है। एसएस राजामौली का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अवॉर्ड स्पीच देते हुए उन्होंने कहाः लगता है कि मुझे बैक स्टेज जाकर चेक करने की जरूरत है। बहुत बहुत धन्यवाद। ये अवॉर्ड मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं इस खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। मैं ये अवॉर्ड सभी इंडियन फिल्म मेकर्स को डेडिकेट करता हूं, जिनका हमेशा से ये विश्वास रहा कि हम इंटरनेशनल फिल्में बना सकते हैं। अवॉर्ड के लिए हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन को धन्यवाद, जय हिंद।

## कार्तिक के साथ आशिकी 3 में काम करेंगी सारा अली खान!

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सारा अली खान आशिकी 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। कार्तिक आर्यन सुपरहिट फिल्म आशिकी के तीसरे संस्करण 'आशिकी 3' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आयेंगे। फिल्म मेकर्स कई दिनों से आशिकी 3 के लिए अभिनेत्री की तलाश कर रहे थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सारा अली खान और कार्तिक आर्यन एक साथ नजर आ सकते हैं। यदि सारा आशिकी 3 में काम करेंगी तो यह कार्तिक-सारा की एक साथ दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों इम्तियाज अली की फिल्म 'लव आज कल 2' में साथ नजर आए थे।

## 'ये बंधन है प्यार का' का ट्रेलर रिलीज




**विक्रांत** सिंह राजपूत, संचिता बनर्जी, ऋषभ कश्यप और श्रुति राव अभिनीत फिल्म 'ये बंधन है प्यार का' ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'ये बंधन है प्यार का' भाई-भाभी और देवर के रिश्ते की खूबसूरत कहानी पर बनी है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, प्रतीक सिंह, अपूर्व मेडतिया और मोनिका सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डूरी हैं। ट्रेलर की शुरुआत दो भाइयों के प्रेम से होती है जो एक दूसरे के लिए कुछ भी करने को तैयार होते हैं। इस फिल्म में विक्रांत सह राजपूत बड़े भाई के किरदार में नजर आ रहे हैं, जबकि ऋषभ कश्यप छोटे भाई की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में संचिता बनर्जी, ऋषभ कश्यप की टीचर होती है जिससे उसके भाई विक्रम सिंह राजपूत की शादी हो जाती है। फिर कहानी आगे बढ़ती है और कुछ ऐसा होता है कि भाभी से छोटे भाई की खटास हो जाती है और वह घर छोड़कर चला जाता है।

# कार-स्कूटी में टक्कर, दो की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर में सड़क दुर्घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए हर तरह की उपाय कर रहे हैं। जब सड़क पर हम वाहन लेकर निकलते हैं तो इसका खास ख्याल रखना पड़ेगा कि हमारे वाहन की रफ्तार तेज तो नहीं है, हम चलाने के क्रम में अपने वाहन को ओर टेक तो नहीं कर रहे हैं या किसी वाहनों के आगे का रास्ता तो नहीं रोक दिया है। इन सभी बातों का हमें काफी ध्यान देना चाहिए। वाहन चलाने में सतर्कता बहुत जरूरी होती है तभी आप दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। कुछ इसी तरह का मामला शहर के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेन रोड अंजुमन प्लाजा के सामने कार और स्कूटी के बीच शुक्रवार की देर रात हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। इस टक्कर में स्कूटी सवार मो शमसाद और कार सवार कुमार शिवांश की मौत हो गयी। जबकि घटना में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में आठ वर्षीय मोहम्मद जैद और दस वर्षीय जिकरा परवीन शामिल हैं। दोनों बच्चों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दोनों रिम्स में भर्ती है। शमशाद अपने बेटे जैद और बेटी जिकरा के साथ अंजुमन प्लाजा हॉल में एक शादी समारोह में शामिल होकर स्कूटी पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान अंजुमन मार्केट के सामने रतन टॉकीज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद कार एक दुकान में जा घुसी। इससे कार चालक कुमार शिवांश गंभीर रूप से घायल हो गया । उसे आर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया । लेकिन इलाज के दौरान आर्किड अस्पताल में शनिवार की सुबह उसकी भी मौत हो गई। शिवांश होर्डिंग - बैनर बनाने वाले ओमेड कंपनी के मालिक दिनेश कुमार का पुत्र था। सूत्रों का कहना है कि घटना के बाद कार सवार के साथ मॉब लिंचिंग की घटना हुई है। हालांकि इस संबंध में पूछे जाने पर लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार ने इनकार किया है और कहा कि शिवांश कार में बुरी तरह से फंस गए थे। उन्हें काफी मशक्कत के बाद कार से निकालकर सदर अस्पताल भेजा गया। इसके बाद उनके परिजन उन्हें आर्किड अस्पताल ले गए, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## शिक्षक प्रोन्नति कार्य निष्पादन को 15 दिनों का समय

**रांची।** रांची में शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए बनी समिति ने अब तक प्रतिवेदन नहीं सौंपा है। इसे मद्देनजर प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने शिक्षकों की प्रोन्नति को लेकर नया आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी माध्यमिक शिक्षा के उप निदेशक शिवेंद्र कुमार, जेसीईआरटी के कमला सिंह और मसूदी टुडू ने दी है। आदेश में कहा है कि रांची जिला में शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी मामलों पर प्रतिवेदन आदेश निर्गत की तिथि से 15 दिनों के अंदर निदेशालय को उपलब्ध कराएं। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने आदेश में कहा है कि रांची जिला में शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी मामलों के निष्पादन के लिए निदेशालय ने आठ फरवरी को समिति गठित की गई थी। हालांकि समिति ने अब तक प्रतिवेदन नहीं दी है।

## 27 फरवरी से कोल ब्लॉक के लिए होगी नीलामी



**रांची।** कोयला मंत्रालय में कार्मॉर्शियल माइनिंग के तहत छठे दौर की प्रक्रिया के तहत 27 फरवरी से कोल ब्लॉक की नीलामी के लिए बोली लगायी जायेगी। देशभर के 11 राज्यों के 141 कोल ब्लॉक की नीलामी के लिए निविदा तीन नवंबर 2022 को जारी की गयी थी। इसमें झारखंड के 17 कोल ब्लॉक शामिल थे। पर देशभर के कुल 36 कोल ब्लॉक के लिए 96 बिडर्स आये, जिसमें तकनीकी रूप से 27 कोल ब्लॉक ही ऐसे थे, जिसमें एक से अधिक बिडर आये थे। इनके बीच 27 फरवरी से बोली लगायी जायेगी।

### जी-20 में आने वाले प्रतिनिधियों के खाद्य पदार्थों की होगी जांच

# उपायुक्त ने दिये सख्त निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में आगामी दो और तीन मार्च को जी 20 के प्रतिनिधियों की बैठक प्रस्तावित है। बैठक में शामिल होने के लिए लगभग 150 डेलिगेट्स रांची आएंगे। इन सभी प्रतिनिधियों के खाद्य और पेय पदार्थ की जांच की जाएगी। इसे लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सिविल सर्जन को चिकित्सक दल की प्रतिनियुक्ति करने को कहा है। जी-20 की बैठक में शामिल होने वाले प्रतिनिधि होटल रेडिसन ब्लू में एक से चार मार्च तक ठहरेंगे। प्रतिनिधियों के खाने-पीने के लिए खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ की जांच के लिए तीन पालियों में चिकित्सकों की टीम की प्रतिनियुक्ति का निर्देश उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन को दिया गया है। तीन मार्च को जी-20 की बैठक में शामिल होने वाले प्रतिनिधि पतरातु लेक रिजॉर्ट जाएंगे। यहां पर इनके खाने-पीने के लिए खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ की जांच के लिए सुबह आठ बजे से रांची वापस लौटने तक चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश उपायुक्त ने दिया है।

# डीसी ने प्रधान न्यायायुक्त से दोबारा मांगी कैदियों की रिपोर्ट




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के डीसी ने सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त को दोबारा पत्र लिखकर दो कैदियों की मौत की जांच रिपोर्ट मांगी है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक बार फिर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद विचाराधीन कैदी दीनानाथ सिंह की मृत्यु की जांच रिपोर्ट मांगी है। आयोग की ओर से रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद रांची डीसी ने दोबारा पत्र लिखकर आग्रह किया है कि विचाराधीन कैदी दीनानाथ सिंह की मौत की न्यायिक दंडाधिकारी से जांच करवाई जाए और इसकी रिपोर्ट दी जाए। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में कैदी दीनानाथ सिंह की न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी। इसके बाद उसके परिजनों ने पूरी घटना की जांच की मांग की है। मानवाधिकार आयोग ने इस मामले में रांची डीसी से जांच रिपोर्ट मांगी है। इसके साथ आयोग ने सजायाफ्ता बंदी बेंगो कुमारी की मृत्यु के संबंध में भी जांच रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद रांची डीसी ने रिमाइंडर लेटर भेजकर बेंगो कुमारी की भी मृत्यु के संबंध में जांच रिपोर्ट मांगी है।

# प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक 19 मार्च को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2022- 24 की प्रथम कार्यकारिणी समिति की बैठक 19 मार्च को पुनीत एवं धार्मिक स्थल श्री सम्मेद शिखरजी (पारसनाथ) के सिद्धायतन परिसर मधुबन में गिरिडीह जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आतिथ्य में सुनिश्चित किया गया है। इस बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, महामंत्री रवि शंकर शर्मा,प्रांतीय उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री सहित सभी पदाधिकारीगण, संरक्षक गण, कार्यकारिणी सदस्यगण, परामर्श दात्री समिति सदस्यगण, एवं सभी जिला के अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रतिनिधिगण भाग लेंगे। इस बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन के क्रियाकलापों पर विचार विमर्श किया जाएगा एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष का संबोधन, कोषाध्यक्ष द्वारा रिपोर्ट, सदस्यता विस्तार,संविधान संशोधन, शिक्षा ट्रस्ट, एवं राजनीति में भागीदारी पर विचार विमर्श किया जाएगा। आचार संहिता हेतु प्रस्ताव, सभी जिलों में शाखा खोलने पर विचार सहित अन्य कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उक्त जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

**कार्यक्रम** — रांची कृषि महाविद्यालय में दो दिवसीय 14 वां वार्षिक एल्युमनी मीट का हुआ आयोजन

# छात्रों के शिक्षा की मजबूती में शिक्षकों का सबसे बड़ा योगदान : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित रांची कृषि महाविद्यालय (आरएसी) का दो दिवसीय 14वां वार्षिक एल्युमनी मीट (एरेक) शनिवार को शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष, झारखंड लोक सेवा आयोग डॉ. नीलिमा केरकेट्टा ने दीप प्रज्ज्वल्लित कर की। मौके पर आरएसी की छात्रा रहीं डॉ. नीलिमा केरकेट्टा ने महाविद्यालय के प्रति अपनी भावना एवं उदगार को व्यक्त किया। अपने संबोधन में कहा कि छात्र जीवन में आगे देखने और आगे की सोचने में इस महाविद्यालय का माहौल एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का बड़ा योगदान रहा है। कृषि क्षेत्र में पीएचडी तक की उच्च शिक्षा हासिल की, लेकिन उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा में कृषि विभाग में कार्य नहीं करने का मलाल रहा है। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय ने विपरीत परिस्थिति में नहीं डरने और किसी डर से कार्य नहीं छोड़ने सिखाया। हमारा मानना है कि अपने विश्वास एवं लगन से सफलता मिलती है और जीवन में चुनौती से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसमें गंतव्य का बड़ा महत्त्व है, जो हमें यहां जीने को मिला। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि रांची कृषि महाविद्यालय अब कृषि संकाय के नाम से जाना जाता है। विगत 6 वर्षों में संकाय के अधीन 5 नये महाविद्यालय जुड़े है। नये महाविद्यालयों का संचालन 200 से अधिक संविदा शिक्षकों पर निर्भर है। जो विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी समस्या है और इससे गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रभावित हो रहीं है। उन्होंने कहा कि नये एवं पुराने महाविद्यालयों के विद्यार्थी काफी मेधावी एवं मेहनती है। जिन्हें पूर्ववर्त्ती वरीय विद्यार्थियों के सानिध्य, स्नेह, मार्गदर्शन एवं सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने टीएनएयू एवं बीएचयू की तरह कृषि संकाय में पूर्ववर्त्ती छात्रों के सहयोग से अतिथि गृह की स्थापना में सहयोग देने की अपील की। साथ ही जेपीएससी अध्यक्ष से शिक्षकों/वैज्ञानिकों के प्रमोशन एवं बहुतायत खाली पदों पर नियुक्ति में सकारात्मक सहयोग देने का अनुरोध किया। इस अवसर पर डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल एवं वरीय पूर्ववर्त्ती छात्र अतिथि डॉ. एनपी सिंह एवं डॉ. बीके सिंह ने भी अपने विचारों को साझा किया। मौके पर पूर्ववर्त्ती छात्रों के समूह 'एरेक' के सौजन्य से जेपीएससी अध्यक्ष द्वारा अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सीरी कलाम एवं सुकिया परवीन को मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं 2 हजार पारितोषिक चेक देकर प्रो। एमए मोहसिन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसीतरह कुलपति डॉ ओएन सिंह ने स्पोर्ट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पायल मार्शल सोरेन एवं अंजेल शुशान्ति पूर्ति तथा कल्चरल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए धनंजय एवं अनिपा लकड़ा को मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं 2 हजार पारितोषिक चेक देकर डॉ. डीएन झा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया। स्वागत भाषण में एरेक के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल वदूद ने बताया कि 1955 में स्थापित रांची कृषि महाविद्यालय ने करीब 68 वर्षों के सफर में करीब 65 बैच को मानद उपाधि दी है।

## पृष्ठ एक के शेष

**शिक्षक की अश्लील हरकत से आक्रोश...**

जानकारी नहीं थी। आज ही जानकारी मिली है। मेरा इस संबंध में कुछ कहना नहीं है। शिक्षक संजय चौधरी ने स्वंय अपनी गलती स्वीकार कर ली है। मौके पर नथुनी चौधरी, बिरेंद्र चौधरी , राम गती चौधरी, कृष्ण चौधरी, रामजी चौधरी , मनोज चौधरी, बबलू चौधरी, ललन चौधरी, ब्रह्मदेव चौधरी, रीता देवी, प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष बसंती देवी ,कृष्णा कुमार के साथ सैकड़ों ग्रामीणों अभिभावक उपस्थित थे।

**महागठबंधन बना भाजपा को क्या...**

उतनी ही सीट पाए (303-40= 263) जीतनी पाई है, तो सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत 272 पूरा करने के लिए उसको 9 सांसद और चाहिए। जिसके लिए उसे अन्य दलों पर निर्भर होना पड़ेगा, चाहे वह सहयोगी दल ही हो और यदि बिहार, प. बंगाल, झारखंड में भाजपा के विरूद्ध महागठबंधन बन गया, तो वह अन्य कई प्रमुख राज्यों में भी बन सकता है। जिसका असर अन्य राज्यों में भी लोकसभा चुनावों में पड़ेगा। ऐसे में वहां भी भाजपा को नुकसान हो सकता है। इस रणनीति के तहत नीतीश कुमार की योजना 2025 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 100 लोकसभा सीटों पर हराने की है। यह हुआ तो भाजपा को 2014 लोकसभा चुनाव में जो 303 सीटें मिली हैं, घटकर 202 हो जाएंगी। उस समय उसके सहयोगी दलों को जो 49 सीटें मिली, उसमें भी कमी आ जाएगी। यदि यह हुआ तो भाजपा व उसके सहयोगी दल यानि एनडीए लगभग 222 सीट पर सिमट सकती है। जो कि बहुमत से 50 सीट कम होगी। नीतीश व लालू इसी के मद्देनजर महागठबंधन का अलाप कर रहे हैं। लेकिन मुश्किल यह है कि बिना कांग्रेस के बिना ममता बनर्जी के यह महागठबंधन बनेगा नहीं। उधर, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव हैं, जो अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम बदलकर भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) बना यह कोशिश कर रहे हैं कि उनको नेता मान अन्य पार्टी उनके साथ आवें। वह भाजपा, कांग्रेस के अलावा तीसरा मोर्चा बनाने में लगे हैं। जबकि कांग्रेस ने रायपुर अधिवेशन में किसी तीसरे मोर्चे के गठन को भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला कह कर ऐसे किसी के भी साथ नहीं जाने का संकेत दे दिया है। इन हालात में यही लगता है कि जब तक भाजपा के विरूद्ध विपक्ष एकजुट हो महागठबंधन नहीं बना ले, तब तक आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के उनके नेताओं की सोच केवल खयाली पुलाव ही है।

**केंद्र सरकार का डीएनए ही गरीब....**

दी थी, उन्होंने कांग्रेस का स्वरूप बदला और कांग्रेस के संविधान में कई बड़े बदलाव किए थे, उन्होंने भारत के किसान और मजदूरों, गरीबों, वंचितों को देश की मुख्यधारा से जोड़ा। बेलगाम में पहली बार कांग्रेस पार्टी ने छुआछूत और जाति भेदभाव को पार्टी के अपने एजेंडे में आधिकारिक रूप से शामिल किया था। कर्नाटक में उन्होंने छुआछूत के खिलाफ प्रस्ताव पास करके देश को एक संदेश दिया था इसलिए आज हम उन्हें याद करते हैं।

खड़गे ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोगों ने आज देश के हर संस्थान को हथिया रखा है। आज देश को ' सेवा संघर्ष और बलिदान' की जरूरत है इसलिए यह हमारा नारा होगा। भारत आज अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा है। कमरतोड़ महंगाई से जनता के घर का बजट बिगड़ गया है। फसल की कीमत ना देकर किसानों की आमदनी को खत्म किया जा रहा है। नफरत में देश के सामाजिक माहौल को बिगाड़ दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य संवैधानिक संस्थाओं के दम पर देश में चुनी हुई सरकारों को गिराया जा रहा है। अधिवेशन से ठीक पहले कांग्रेस नेताओं के घर ईडी की रेड के बावजूद इसका डट कर मुकाबला किया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा लगता है कि देश में पिछड़ों गरीबों और मध्यवर्गीय परिवारों के लिए इस देश में कोई जगह नहीं है। केंद्र सरकार की ओर से कोविड काल में लगाए गए लॉकडाउन में लोगों को ना दवाई मिली, ना आना जाना संभव हो पाया, ना अस्पताल में पहुंच पाए यहां तक की अंतिम संस्कार भी संभव नहीं हुआ। मनरेगा बजट में कटौती कर दी गई। मनमोहन सिंह सरकार में फूड सिक्योरिटी बिल जो लाया गया, यहां तक की उसके बजट में भी कटौती कर दी गई। दिल्ली की सरकार में बैठे लोगों का डीएनए ही गरीब विरोधी है। इनका डीएनए गरीब के खिलाफ काम करता है।

उन्होंने अडाणी पर हमला बोलते हुए कहाः प्रधानमंत्री मोदी के एक मित्र की आमदनी 300 गुना अधिक बढ़ गई। ऐसा लगता है कि प्रधान सेवक देश की नहीं, सिर्फ अपने मित्र की सेवा ही कर रहे हैं। आज आम आदमी को चिंता है कि उनकी एलआईसी में जो जमा की गई पूंजी और एसबीआई बैंक में जमा पैसे बच पाएंगे या नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम चीन के खिलाफ भारत की सेना के साथ खड़े हैं, लेकिन केंद्र में बैठे बीजेपी के नेता लगातार बार-बार यह कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी सेना विरोधी है, जबकि सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी ने देश की सेना को मजबूत किया। चीन ने अप्रैल 2020 से लगातार हिंदुस्तान की जमीन पर हमला किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनको क्लीन चिट दे दी। यहां तक की विदेश मंत्री ने यह बयान तक दे दिया कि हम चीन से लड़ नहीं सकते। क्योंकि चीन भारत से बड़ी अर्थव्यवस्था है। खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती देते हुए कहाः यह 56 इंच का सीना तभी माना जाएगा जब आप चीन से भारत की जमीन को लड़कर वापस लेंगे। साल 2024 के चुनाव में हमारा एजेंडा बिल्कुल साफ है हम देश के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। 2004 से 2014 के बीच यूपीए ने समान विचारधारा वाले कई दलों से गठबंधन किया और कांग्रेस पार्टी ने एक बेहद कामयाब सरकार चलाई, आज हम उन समान विचारधारा वाले दलों का स्वागत करते हैं, आज एक बार फिर साथ आने का मौका है।

**सोनिया लेंगी...**

और समानता चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। विपक्ष की आवाज दबाने के साथ नफरत की आग भड़काई जा रही है। बीजेपी नफरत की आग भड़का रही है तथा अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है।

**माफिया को मिट्टी में मिला देंगे...**

तो मुझे महाभारत का दृश्य याद आता है। आप जैसा अनुभवी व्यक्ति हर बार छला जाता है। बार-बार अपमानित होते हैं। आपके अनुभव, संघर्षों का लाभ समाजवादी पार्टी नहीं लेती है। हम आपका सम्मान करते हैं, लेकिन शिवपाल जी को भी अपना स्वाभिमान बनाए रखना चाहिए।

**विपक्ष के आचरण ने सदन की गरिमा को किया तार-तार :** बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सपा को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि जो लोग मातृशक्ति की प्रतीक राज्यपाल का सम्मान नहीं कर सकते, उनसे प्रदेश की आधी आबादी के सम्मान की उम्मीद रखना बेमानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 फरवरी को राज्यापल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने जिस प्रकार का आचरण किया वो सदन की गरिमा को तार तार करने वाला था। उन्होंने सपा सरकार के दौरान हुए स्टेट गेस्ट हाउस कांड और पूर्व सीएम मुलायम सिंह के 'बच्चे हैं गलतियां हो जाती हैं' के बयान की याद दिलाते हुए विपक्ष को जमकर खरीखोटी सुनाई।

**मातृशक्ति के प्रति विपक्ष को सम्मान दिखाना चाहिए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक राज्य में संवैधानिक प्रमुख सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करता है। ये केवल यूपी में नहीं पूरे देश में होता है। यही हमारी संसदीय परंपरा है। मातृशक्ति के प्रति विपक्ष को सम्मान दिखाना चाहिए था। सरकार से सहमति और असहमति के लिए सदन है, मगर विपक्ष ने अपने अशिष्ट आचरण से सदन की गरिमा को तार तार किया है। जब एक महिला राज्यपाल सदन को संबोधित कर रही हों, उस वक्त नारे लगाकर हम देश को क्या संदेश देना चाहते हैं। जो एक राज्यपाल का सम्मान नहीं कर सकते हैं, उनसे कैसे उम्मीद की जाए कि वो आधी आबादी का सम्मान करेंगे। आचरण उनका उस समय सामने आया था जब स्टेट गेस्ट हाउस कांड हुआ था, आचरण उनका उस समय भी सामने आया था, जब कहा गया था कि लड़के हैं गलती कर देते हैं।

**जनता को नहीं, अपने कारनामों को दोष दें नेता विपक्ष :** उन्होंने कहा कि ऐसा कोई दल नहीं है जो प्रदेश की सत्ता में ना रहा हो। मगर विपक्ष के कारनामों को देखकर जनता ने उन्हें ठुकरा दिया। सीएम ने कहा कि नेता विरोधी दल को अपने कारनामों को दोषी ठहराना चाहिए ना कि जनता को। उन्होंने कहा कि यूपी जिन जिन उपलब्धियों में नंबर एक स्थान प्राप्त किया, उन उपलब्धियों के बारे में हमें गौरव होना चाहिए। मगर विपक्ष को इस बात में गौरव की अनुभूति होती है कि कैसे ये बताया जाए कि यूपी पिछड़ा है, बीमारू है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब इनका शासन था तब ये कुछ कर नहीं पाए। आज डबल इंजन की सरकार ने स्पीड के साथ योजनाओं को बिना भेदभाव धरातल पर उतारा है। हर सदस्य को प्रदेश की उपलब्धि पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। मगर विपक्ष में सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके उन सभी क्षेत्रों को इंगित किया, जिसमें प्रदेश पूरे देश में शीर्ष स्थान पर मौजूद है।

**विरासत में सत्ता तो मिल सकती है, बुद्धि नहीं : योगी**

उन्होंने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि शक्ति मिलना तो आसान है, मगर बुद्धि मिलना कठिन। विरासत में सत्ता तो मिल सकती है, मगर बुद्धि नहीं मिल सकती है। विपक्ष ने हमेशा से जाति, मत और मजहब के नाम पर लोगों को बांटा है। हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं तब विपक्ष जाति की बात करता है। हम शौचायल, मकान, रोजगार, सिंचाई, किसान की उपज, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, परंपरागत उद्यम की बात करते हैं, मगर विपक्ष केवल जाति की बात करता है। सपा शासनकाल को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तब यूपीपीएससी की परीक्षा में एसडीएम के 86 पदों में से 56 पर एक जाति विशेष के लोगों की भर्ती की गयी। ऐसे लोग आज सामाजिक न्याय की बात कर रहे हैं। किसी से छिपा नहीं है कि उस समय युवाओं के साथ कितना भेदभाव होता था। पुलिस भर्ती और चयन आयोगों में क्या होता था किसी से छिपा नहीं है।

**लाखों करोड़ का निवेश हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर मुहर :** मुख्यमंत्री ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को टीम वर्क का शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि टीम यूपी ने दुनिया के 16 देशों के 21 शहरों में और देश के नौ शहरों में रोड शो किया। यही कारण है कि यूपी में निवेश की एक भारी राशि आई है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर 2014, 2017, 2019 और 2022 में यूपी की जनता ने हमें जनादेश दिया। ये हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज आया 33.52 लाख करोड़ का निवेश हमारी पॉलिटिकल क्रेडिबिलिटी पर मुहर है। सीएम योगी ने सपा के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उस वक्त इन्वेस्टर्स समिट करने के लिए तब दिल्ली और मुम्बई में आयोजन करना पड़ता था। तब जो उद्यमी इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने यूपी में नहीं आना चाहते थे, वो यूपी में निवेश के लिए कैसे आते।

राष्ट्रीय नवीन मेल



NEWS इन ब्रीफ

## आईटीएफ महिला 25के टूर्नामेंट में भिड़ेंगी खिलाड़ी

**बेंगलुरु।** दुनिया भर की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला टेनिस खिलाड़ी 26 फरवरी से यहां पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शुरू होने वाले एकल और युगल दोनों वर्गों में आईटीएफ महिला 25के टूर्नामेंट में खिताब के लिए भिड़ेंगी। टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) द्वारा स्वीकृत प्रमुख आयोजन है और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

## भगत, कदम स्पेनिश पैरा बैडमिंटन लेवल 2 के सेमीफाइनल में

**विटोरिया/स्पेन।** शीर्ष शटलर प्रमोद भगत और सुकांत कदम स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 लेवल 2 टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए। पद्मश्री विजेता ने थाईलैंड के मोंगखोन बुनसुन को तीन गेमों में 16-21, 21-12, 21-18 से 58 मिनट में हराया और फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला जापान के दाईसुक फुजिहारा से होगा। कदम का एसएल4 सेमीफाइनल में हमवतन सुहास ललिनाकेरे यतिराज से मुकाबला होगा।

## अनामिका और कलावानी सेमीफाइनल में पहुंचे

**सोफिया।** भारतीय महिला मुक्केबाज अनामिका और एस कलावानी ने सोफिया में चल रहे 74वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अनामिका (50 किग्रा) ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में ब्राजील की कैरोलिन डी अल्मेडा का सामना किया और आक्रामक रुख के साथ बाउट की शुरुआत की। उसने पहले दौर में शुरुआती बढ़त हासिल करने के लिए तेज गति का प्रदर्शन किया और अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगातार मुक्के बरसाए। एस कलावानी भी आत्मविश्वास से लबरेज दिखीं और मैच की शुरुआत से ही अर्जेंटीना की फ्लोरेंसिया लोपेज पर हावी रहीं।

## टेस्ट श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने (एसएलसी) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए दिमुथ करुणारत्ने के नेतृत्व में शुक्रवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। निशान मदुष्का और मिलन रत्नायके पदार्पण के लिए तैयार हैं, जबकि चामिका करुणारत्ने ने वापसी की है। 23 वर्षीय दाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मदुष्का ने इस साल जनवरी-फरवरी में आयोजित दो प्रथम श्रेणी मैचों में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 241 और 100 का स्कोर किया था। उन्होंने एसएलसी बोर्ड प्रेसिडेंट इलेवन के लिए खेल रहे लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में भी 150 रन बनाए।

# मुश्किल समय में मुझसे संपर्क करने वाले सिर्फ धोनी ही थे : विराट

**एजेंसी। बेंगलुरु**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जब पिछले वर्ष मुश्किल समय से गुजर रहे थे तब उनके पूर्व साथी और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जो उन तक पहुंचे और अपना समर्थन जताया- एक बार नहीं बल्कि दो बार। धोनी का यह व्यवहार और कोहली के प्रति उनकी चिंता इस बात का संकेत है कि दोनों राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के सदस्य के रूप में आपस में कितने अच्छे संबंध रखते थे। ...तो, दोनों के रिश्ते कैसे चले, मैदान पर और मैदान के बाहर? कोहली ने आरसीबी के पॉडकास्ट सीजन 2 पर बात करते हुए धोनी के साथ अपने रिश्तों के कुछ पहलुओं पर रोशनी डाली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 सत्र के अगले संस्करण से पहले 10 संस्करणों के पहले संस्करण में उन्होंने यह बात कही। कोहली के हवाले से उनकी आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कहा : मैंने अपने करियर में एक अलग किस्म का अनुभव किया। कोहली ने 15 वर्षों के अपने करियर में 106 टेस्ट, 271 वनडे और 115 टी-20 मैच



भारत के लिए खेले हैं और 25000 से ज्यादा रन बनाये हैं।
उन्होंने कहा: इस दौर के दौरान अनुष्का, जो मेरे लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत रही हैं और जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है, के अलावा मेरे बचपन के कोच और परिवार को छोड़कर मुझ तक पहुंचने वाले एकमात्र व्यक्ति एमएस धोनी थे। कोहली ने 2008 और 2019 के बीच टीम इंडिया में धोनी के साथ 11 वर्षों तक ड्रेसिंग रूम साझा किया था। उन्होंने कहा : वह (धोनी) मुझ तक पहुंचे जबकि उनसे संपर्क कर पाना बेहद मुश्किल है। यदि मैं किसी दिन उन्हें कॉल करूं, तो 99 प्रतिशत यही रहेगा कि वह फोन नहीं उठाएंगे क्योंकि वह फोन की तरफ देखते नहीं हैं। इसलिए, उनका मुझसे दो बार संपर्क करना हैरानी में डालने वाला है। उन्होंने मुझसे संपर्क करते हुए अपने संदेश में कहा: जब आप मजबूत रहने की कोशिश करते हैं और मजबूत दिखाई देते हैं तो लोग पूछना भूल जाते हैं कि आप क्या कर रहे हैं।

### धोनी के शब्दों ने डाला गहरा प्रभाव

**विराट** ने कहा: धोनी के शब्दों ने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला क्योंकि मैं हमेशा ऐसे व्यक्ति की तरफ देखता हूं जो आत्मविश्वास से भरपूर हो, मानसिक रूप से मजबूत हो, जो किसी भी परिस्थिति को झेल सके और एक रास्ता ढूंढे और हमें राह दिखाए। कोहली ने कहा: यही कारण है कि मैंने यह घटना बताई, क्योंकि धोनी जानते हैं कि क्या चल रहा है। वह इस बात को समझते हैं क्योंकि वह खुद भी ऐसे दौर से गुजरे हैं। उनके पास अनुभव है जो मैं अब महसूस कर रहा हूं। तभी आप दूसरे व्यक्ति को समझ सकते हैं जो ऐसे दौर से गुजर रहा हो। पॉडकास्ट में धोनी के साथ अपने रिश्तों के अलावा कोहली ने भारत और आरसीबी के कप्तान के रूप में अपने कार्यकाल पर भी बात की।

# एंडरसन और लीच ने न्यूजीलैंड को झकझोरा

## इंग्लैंड ने पारी घोषित की, न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत

**मेजबान न्यूजीलैंड अभी पहली पारी में 297 रन से पीछे**

**इंग्लैंड की स्थिति मजबूत, सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप करने की तरफ बढ़ रहा**



**एजेंसी। वेलिंगटन**

अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन (3-37) और लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच (3-45) ने छह विकेट आपस में बांटते हुए मेजबान न्यूजीलैंड का दूसरे टेस्ट की पहली पारी में स्कोर शनिवार को दूसरे दिन 138/7 कर दिया और इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक (186) और जो रुट (153 नाबाद) के शानदार शतकों से अपनी पारी आठ विकेट पर 435 रन पर घोषित कर दी, जिसके बाद एंडरसन और लीच ने शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड पर शिकंजा कस दिया। मेजबान न्यूजीलैंड अभी पहली पारी में 297 रन से पीछे है। इंग्लैंड अब मैच में मजबूत स्थिति में आ गया है और सीरीज को 2-0 से क्लीन स्वीप करने की तरफ बढ़ रहा है।
एंडरसन ने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर डेवोन कॉन्वे को विकेटकीपर बेन फॉक्स के हाथों कैच करा दिया। न्यूजीलैंड का स्कोर जल्द ही दो विकेट पर सात रन हो गया जब पूर्व कप्तान केन विलियम्सन चार रन बनाकर फॉक्स के हाथों लपके गए। विल यंग भी इसी अंदाज में आउट हुए। एंडरसन काफी सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी कर रहे थे और गेंद को घुमा रहे थे। विलियम्सन और यंग को भी एंडरसन ने आउट किया। नौवें ओवर तक पहुंचते-पहुंचते न्यूजीलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 21 रन हो गया। टॉम लाथम (35) को लीच ने आउट किया और न्यूजीलैंड का स्कोर 60/4 हो गया। लाथम रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में आउट हुए। हेनरी निकोल्स (30), टॉम ब्लंडेल (25 नाबाद) और टिम साउदी (23 नाबाद) ने न्यूजीलैंड को किसी तरह 100 के पार पहुंचाया। इस दौरान डैरिल मिचेल (13) और माइकल ब्रेसवेल (6) सस्ते में आउट हुए। ब्रेसवेल को स्टुअर्ट ब्रॉड ने अपनी ही गेंद पर लपका। ब्रॉड ने 12 रन पर एक विकेट लिया। इससे पहले इंग्लैंड ने कल के 315/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और अपनी पहली पारी 435/8 पर घोषित की।

## डब्लूटीटी : शरत कमल, सत्यन और मणिका बत्रा भारतीय चुनौती संभालेंगे



**राष्ट्रमंडल** खेलों के पदक विजेता अचंत शरत कमल, जी सत्यन और शीर्ष महिला खिलाड़ी मणिका बत्रा 27 फरवरी से पांच मार्च तक होने वाले विश्व टेबल टेनिस (डब्लूटीटी) स्टार कन्टेंडर गोवा 2023 में भारत की चुनौती संभालेंगे। डब्लूटीटी स्टार कन्टेंडर भारत में आयोजित होने वाला सबसे बड़ा टेबल टेनिस टूर्नामेंट है। पणजी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में होनेवाले इस टूर्नामेंट में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय सितारे उतरेंगे।

### महिला टी-20 विश्व कप

## 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की होड़ में रिचा एकमात्र भारतीय



**घोष पांच पारियों में सिर्फ दो बार हुईं आउट**

**उन्होंने 130 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाये**

**एजेंसी। केपटाउन**

ऑलराउंडर रिचा घोष महिला टी-20 विश्व कप में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुनी गयी नौ खिलाड़ियों में एकमात्र भारतीय हैं। दाएं हाथ की बल्लेबाज रिचा घोष ने 68 के औसत से 136 रन बनाये। भारत सेमीफाइनल में पहुंचकर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से हारा। भारत की युवा खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका में 40 के दो स्कोर बनाये जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 47 रन शामिल थे जो भारत को जीत के करीब ले गए थे। घोष पांच पारियों में सिर्फ दो बार आउट हुईं और उन्होंने 130 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।
प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुनी गयी अन्य खिलाड़ियों में तीन ऑस्ट्रेलिया से, दो-दो खिलाड़ी इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से और एक वेस्टइंडीज से है। दुनियाभर में क्रिकेट प्रशंसकों को वोट करने का मौका मिलेगा जिससे विजेता का फैसला होगा। ऑस्ट्रेलिया की तीन खिलाड़ियों में मेग लेनिंग (139 रन), एलिसा हीली (171 रन) और एश गार्डनर (81 रन और नौ विकेट) शामिल हैं। इंग्लैंड की तरफ से नट शिवर ब्रंट (216 रन और तीन कैच) और सोफी एक्लस्टोन (11 विकेट) जबकि दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट (169 रन) और तजमीन ब्रिट्स (176 रन और छह कैच) इस होड़ में शामिल हैं। वेस्ट इंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज (130 रन, चार विकेट और चार कैच) इस सूची में नौवीं खिलाड़ी हैं। महिला टी-20 विश्व कप का समापन रविवार को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल के साथ होगा। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का फैसला फाइनल के बाद होगा।

## डब्ल्यूपीएल : मुंबई इंडियंस ने टीम जर्सी का किया अनावरण




**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई इंडियंस ने शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सत्र के लिए टीम जर्सी का अनावरण किया। मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो जारी कर टीम जर्सी का अनावरण किया। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम 4 मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। महिला टीम के लिए नवगठित कोचिंग टीम में शार्लेट एडवर्ड्स (हेड कोच), झूलन गोस्वामी (टीम मेंटर और बॉलिंग कोच) और देविका पलशिकार (बल्लेबाजी कोच) शामिल हैं। डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन संस्करण में, पांच टीमों - दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वारियर्स ने अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू सर्किट में कुछ सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को हासिल करने के लिए पैसा खर्च किया। भारत की स्मृति मंधाना लीग की सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं। मंधाना को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 3.40 करोड़ रुपये में खरीदा था। टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर को मुंबई इंडियंस ने 1.80 करोड़ रुपये में खरीदा। अपने पहले सीजन में महिला प्रीमियर लीग में कुल 20 लीग मैच और दो प्लेऑफ खेल होंगे जो 23 दिनों की अवधि में खेले जाएंगे।

## यूपी वारियर्स ने दीप्ति को बनाया उप कप्तान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की शीर्ष ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को यूपी वारियर्ज ने महिला प्रीमियर लीग के पहले सत्र के लिए शनिवार को अपनी टीम का उपकप्तान बनाया। उत्तर प्रदेश के आगरा शहर की रहनेवाली दीप्ति खिलाड़ी नीलामी में सबसे ज्यादा मांग वाली भारतीय खिलाड़ियों में से एक थी। 25 वर्षीय दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका में महिला टी-20 विश्व कप में पांच मैचों में छह विकेट हासिल किये और टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीप्ति ने आधिकारिक बयान में कहा: मैं यूपी वारियर्स टीम का हिस्सा बनने से न केवल खुश हूं बल्कि टीम का उपकप्तान बनने से रोमांचित हूं।



### आईएसएल : बेंगलुरु एफसी के कोच ग्रेसन ने की खिलाड़ियों की सराहना

# ब्लूज ने लगातार आठवीं जीत दर्ज की

**रिकॉर्ड आठ जीत के बाद अब आईएसएल तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा बेंगलुरु एफसी**

**एजेंसी। बेंगलुरु**

बेंगलुरु एफसी के मुख्य कोच साइमन ग्रेसन ने अपने खिलाड़ियों की सराहना की। ब्लूज ने यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में एफसी गोवा को 3-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 में लगातार आठवीं जीत दर्ज की। एक्शन से भरपूर पहले हाफ में, इकर गुआरोटक्सेना द्वारा शिवशक्ति नारायणन के शुरूआती गोल को रद्द करने के बाद दोनों टीमें बराबरी पर आ गईं।
दूसरे हाफ में दोनों टीमों के पास अपने मौके थे, लेकिन नारायणन और स्थानापन्न पाब्लो पेरेज के जल्द गोलों ने गुरुवार को बेंगलुरू एफसी के पक्ष में परिणाम कर दिया। इस परिणाम ने एफसी गोवा की प्लेऑफ आकांक्षाओं को समाप्त कर दिया। दूसरी ओर, बेंगलुरू एफसी रिकॉर्ड आठ जीत के बाद अब आईएसएल तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। ग्रेसन ने महसूस किया कि उनकी टीम पहले हाफ में सुस्त थी, लेकिन दूसरे हाफ में खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा : मैंने खिलाड़ियों को एहसास कराया कि हमने जो स्तर खेले हैं। वैसा हम कहीं भी नहीं खेले हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि वे दूसरे हाफ में आप बेहतर करेंगे। मुझे नहीं लगता कि हमने कड़ी मेहनत की है जैसा कि हमने आखिरी में किया था। नारायणन ने लगाकर दो गोल करके बेंगलुरू एफसी के लिए चमक बिखेरी, जो युवा खिलाड़ी द्वारा एक और शानदार प्रदर्शन था। 22 वर्षीय जेवियर हर्नांडेज के साथ इस सीजन में बेंगलुरु एफसी के संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम छह गोल हैं।



### राउंडग्लास पंजाब की टीम घर पर मुकाबला जीत तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगी

**राउंडग्लास** पंजाब एफसी (आरजीपीएफसी) खिताब की चुनौती देने वाली श्रीनिदी डेक्कन की हार का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी और हीरो आई-लीग 2022-23 के राउंड 19 मुकाबले में सुदेवा दिल्ली एफसी से भिड़ेगी तो तालिका में शीर्ष रहने पर तीन अंक आगे हो जाएगी। जो यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में खेला जाएगा। आरजीपीएफसी घर में अपराजित है और लगातार पांच मैचों के बाद घर वापस आने के लिए आश्वस्त होगा। यहां मैच जीतकर, आरजीपीएफसी टेबल के शीर्ष पर एकमात्र लीडर के रूप में और खिताबी दौड़ में बढ़त बनाए हुए देखेगा।

